

प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बोलीं- आज मतदान का अधिकार छीन रहे, कल नागरिकता भी छीन लेंगे - 12



घरों में रखे सोने को वित्तीय प्रणाली में लाना चाहिए - 12




विश्व के 50 शीर्ष शिक्षण संस्थानों में देश के छह संस्थान शामिल - 13



लखनऊ सुपर जायंट्स को ट्रॉफी जीतने पर ही मिलेगा असली सम्मान: संजीव गोयनका - 14

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.10
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी 11:49 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 26 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 120, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# पीएनजी कनेक्शन लेने से इन्कार किया तो बंद होगी एलपीजी आपूर्ति

- केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश, जहां पीएनजी आपूर्ति नहीं वहीं मिलेगा सिलेंडर मगर लेनी होगी एनओसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध होने पर भी इसका कनेक्शन न लेने वालों की घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति तीन महीनों के अंदर बंद कर दी जाएगी। सरकार ने गैस नेटवर्क के विस्तार को तेज करने और एक ही ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाते हुए यह आदेश जारी किया है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण देश में एलपीजी की कमी के बीच सरकार पीएनजी अपनाने को बढ़ावा दे रही है। इसी को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 'प्राकृतिक गैस तथा पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन व विस्तार तथा अन्य सुविधाएं) आदेश, 2026' अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य पाइपलाइन अवसंरचना के विकास में तेजी लाना, मंजूरियों को आसान बनाना तथा एलपीजी से पीएनजी की ओर बदलाव को बढ़ावा देकर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। आदेश में कहा गया है कि यदि पीएनजी उपलब्ध होने के बावजूद कोई परिवार इसे नहीं अपनाता है तो तीन महीने बाद एलपीजी की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी।




एलपीजी संकट के खिलाफ विपक्ष ने संसद के बाहर प्रदर्शन किया।

### पाइप लाइन बिछाने से नहीं कर सकेंगे इन्कार

आदेश के मुताबिक तेजी से क्रियान्वयन के लिए सार्वजनिक प्राधिकरणों को निर्धारित समयसीमा के भीतर अनुमतियां देनी होंगी, अन्यथा उन्हें स्वीकृत माना जाएगा। मंजूरी मिलने के चार महीने के भीतर पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू न करने पर अधिकृत इकाइयों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

### डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं: पेट्रोलियम कंपनियां

सरकारी तेल कंपनी आईओसी और बीपीसीएल ने अपील जारी की है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। इसलिए लोग सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर भरोसा कर घबराहट में ईंधन खरीदने से बचें। आईओसी) ने कहा, उसके पेट्रोल पंप पर्याप्त ईंधन से भरे हैं और चालू हैं। बीपीसीएल ने भी ईंधन की कमी की खबरों को पूरी तरह निराधार बताया है।

### चेतावनी: गैस-एलपीजी शुल्क न वसूल करें होटल-रेस्तरां

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने होटल और रेस्तरांओं को चेतावनी दी कि वे एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लगाएं। अनुचित व्यापार गतिविधियों के ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने होटलों और रेस्तरांओं में बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस अधिभार और ईंधन लागत जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने की शिकायतों यह आदेश जारी किया है।

### उज्ज्वला के नियमों में कोई बदलाव नहीं, सरकार ने किया साफ

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए सिलेंडर रिफिल बुकिंग का कोई अलग प्रावधान नहीं किया गया है। मंत्रालय ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि शहरी क्षेत्रों में उज्ज्वला लाभार्थी 45 दिन बाद ही अगला एलपीजी सिलेंडर बुक करा सकेंगे। मंत्रालय ने कहा, एलपीजी रिफिल बुकिंग की सिर्फ दो समय सीमा हैं। एक, शहरी क्षेत्रों में 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद।

## कच्चे तेल में नरमी

### सेंसेक्स में 1,205 अंकों का उछाल

मुंबई। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5 .07 प्रतिशत टूटकर 99 .19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आने से स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। सेंसेक्स एक समय 1,781 .31 अंक चढ़कर 75,849 .76 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट आदि कंपनियां प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।



**चांदी 11,250 रुपये उछली :** चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी 4 .89 प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 2,41,250 रुपये किलो हो गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,30,000 रुपये किलो से अधिक है।

**सोना भी 4,900 रुपये चढ़ा :** सोने की कीमत 4,900 रुपये यानी 3 .38 प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछला बंद भाव 1,44,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली में विदेशी हथियारों का जखीरा बरामद 10 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क के तार पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हुए हैं। इन लोगों के कब्जे से विदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इनमें चेक गणराज्य में बना सबमशीन गन, विदेशी कंपनियों की सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और 200 से अधिक कारतूस शामिल हैं। सरगना बुलंदशहर (यूपी) का शाहबाज अंसारी है जो बांग्लादेश से यह नेटवर्क चला रहा था।

### महादेव एप: ईडी ने 1,700 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। ईडी ने अवैध महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के मुख्य प्रवर्तकों में एक सौरभ चंद्राकर से जुड़े संगठनों की दुबई स्थित 1,700 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त की। एजेंसी ने पहले बताया था कि मामले में छत्तीसगढ़ के कई बड़े राजनेता और नौकरशाह शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि रायपुर स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत एक अंतरिम आदेश जारी कर दुबई में बुर्ज खलीफा में कुछ संपत्तियों सहित कई विला और महंगे घरों को कुर्क करने का आदेश दिया है।

# अब शर्तों की जंग... अमेरिका के 15 सूत्री प्रस्ताव के जवाब में ईरान ने रखीं अपनी शर्तें

## ईरान ने ट्रंप का मखौल उड़ाया, अपने प्रस्ताव में क्षतिपूर्ति-होर्मुज पर संप्रभुता की मांग की

वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी

अमेरिका ने महत्वपूर्ण राजनयिक पहल के तहत पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव दिया है। हालांकि, ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत होने के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। साथ ही, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कड़े शब्दों में मजाक उड़ाते हुए कहा है कि वार्ता तभी संभव है जब वह ईरान की शर्तों के अनुरूप होगी। ईरान ने इसके साथ संघर्षविराम का अपना प्रस्ताव भी जारी किया, जिसमें युद्ध क्षतिपूर्ति और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता की मांग की है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि अमेरिका की ओर से 15 सूत्री प्रस्ताव पाकिस्तान के मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था। रॉयटर्स ने भी इस योजना की पुष्टि की है। ईरान की ओर से बातचीत होने के दावे को पूरी तरह खारिज किए जाने के बावजूद ट्रंप ने कहा है तेहरान समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है। दोनों पक्ष 15 बिंदुओं पर सहमत हुए हैं जिनमें ईरान की ओर से परमाणु हथियार हासिल न करने का वादा भी शामिल है। ट्रंप ने कहा, अगर समझौता हो जाता है तो होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द फिर से खुल सकता है और ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अमेरिका अपने कब्जे में ले सकता है।

ट्रंप के दावों का मजाक उड़ाते हुए ईरान के संयुक्त सैन्य कमान के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फगारी ने कहा, क्या आपके आंतरिक संघर्ष का स्तर उस चरण तक पहुंच गया है जहां आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं। हमारे जैसे लोग आप जैसे लोगों के साथ कभी नहीं रह सकते और हमारे जैसा कोई भी आपके साथ सौदा नहीं करेगा। अभी नहीं। कभी नहीं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे अब अमेरिकी कूटनीति पर भरोसा नहीं है।



ईरान के ड्रोन हमले के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई।

### ट्रंप को जवाब... हार को समझौते का नाम मत दीजिए

ईरानी सैन्य प्रवक्ता जुल्फाघारी ने ट्रंप की शर्तों के जवाब में कहा, जिस रणनीतिक ताकत की बात आप किया करते थे, वह अब रणनीतिक विफलता में बदल गई है। जो देश खुद को वैश्विक महाशक्ति कहता है, अगर संभव होता तो वह इस संकट से अब तक निकल चुका होता। अपनी हार को समझौते का नाम मत दीजिए। खोखले वादों का आपका दौर अब समाप्त हो चुका है।

### ईरान ने बरसाए ड्रोन और मिसाइलें कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आग

- इजराइल ने ईरान के सरकारी बुनियादी ढांचों को बनाया निशाना

दुबई। युद्ध विराम के दावों को दावों को खारिज करने के साथ ईरान ने बुधवार को इजराइल और खाड़ी अरब देशों पर हमले जारी रखे। ईरान ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी निशाना बनाया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। ईरान ने दूसरे पड़ोसी खाड़ी देशों पर भी दबाव बनाए रखा। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ईरान की ओर से अपने तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत में दागे गए आठ ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। बहरीन में मिसाइल हमले के अलर्ट संबंधी सायरन सुनाई दिए। कुवैत ने कहा, उसने ईरान के कई ड्रोन मार गिराए, लेकिन उनमें से एक कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ईंधन टैंक से टकरा गया, जिससे भीषण आग लग गई। इस बीच इजराइली सेना ने घोषणा की कि उसने बुधवार तड़के ईरान में सरकारी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए व्यापक पैमाने पर फिर से हमले शुरू कर दिए हैं।

### अमेरिका ने युद्ध क्षेत्र में तैनाती बढ़ाई

इस बीच, अमेरिका की सेना 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' से 1,000 और सैनिकों को तैनात करने की तैयारी कर रही है ताकि क्षेत्र में पहले से मौजूद करीब 50,000 सैनिकों को और बल मिल सके। पेंटागन दो मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की भी तैनाती कर रहा है जिसके तहत क्षेत्र में करीब 5,000 मरीन एवं नौसेना के हजारों अन्य कर्मी और तैनात किए जाएंगे।

# हम पाकिस्तान की तरह दलाल राष्ट्र नहीं: सरकार

- सर्वदलीय बैठक में बोले जयशंकर कहा- पाकिस्तान का अमेरिका 1981 से कर रहा इस्तेमाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में पश्चिम एशिया में युद्ध जल्द खत्म होने पर जोर दिया है क्योंकि इससे सभी को नुकसान हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थता के संदर्भ में पाकिस्तान को 'दलाल' राष्ट्र करार दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में कहा कि पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों में कुछ भी नया नहीं है क्योंकि उस देश को 1981 से अमेरिका इस्तेमाल कर रहा है।

बताया गया कि जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा के लिए संसद परिसर में बुलाई गई बैठक में मौजूद नेताओं से कहा, हम दलाल राष्ट्र नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने विपक्ष के इस आरोप का खंडन किया कि भारत सरकार इस मामले पर चुप है और कहा कि हम टिप्पणी कर रहे हैं और जवाब दे रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने पर जल्द शोक व्यक्त न करके नैतिक कमजोरी दिखाई है। सरकार का पक्ष था कि जब ईरान दूतावास खोला गया तो विदेश सचिव ने तुरंत वहां दौरा किया और शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए।



बैठक से निकलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### पाकिस्तान मध्यस्थ हम मूकदर्शक: विपक्ष

बैठक के बाद विपक्ष ने यह मांग फिर दोहराई कि लोकसभा में नियम 193 और राज्यसभा में नियम 176 के तहत पश्चिम एशिया संकट को लेकर चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने कहा, बहुत सारे मुद्दे थे, जिन पर सरकार का जवाब संतोषजनक नहीं था। कहा, पाकिस्तान जो हमसे हर तरह से कमजोर है, वो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है और हम मूकदर्शक बने हुए हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर पर्याप्त जानकारी दी गई।

# निलंबित किए गए जल निगम के 12 इंजीनियर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जल जीवन मिशन में लापरवाही पर 26 इंजीनियरों-कर्मचारियों पर गाज
- चार के खिलाफ विभागीय जांच, तीन को नोटिस और सात के तबादले

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही को लेकर 26 इंजीनियरों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरकार ने 12 इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है, जबकि चार के खिलाफ विभागीय जांच, तीन को कारण बताओ नोटिस और सात इंजीनियरों के तबादले कर दिए हैं।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई। विभाग के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के कार्य में देरी, लापरवाही और शिकायतों के आधार पर यह कदम उठाया गया है। हाल के समय में यह जल निगम कर्मियों के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा है कि यदि संबंधित अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करते हैं तो बर्खास्तगी तक की जाएगी। सरकार ने दोहराया है कि जल जीवन मिशन को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जा रहा है और इसमें पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

### इन इंजीनियरों को किया गया निलंबित

लखीमपुर खीरी के अधिशासी अभियंता अविनाश गुप्ता, जौनपुर के अधिशासी अभियंता सौमित्र श्रीवास्तव, गाजीपुर के अधिशासी अभियंता मो. कासिम हाशमी, चंदौली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता अमित राजपूत, चंदौली के सहायक अभियंता सीताराम यादव, बिजनौर के सहायक अभियंता अकबर हसन, औरैया के जेई अनुराग गोयल, हाथरस के जेई कुलदीप कुमार सिंह, आजमगढ़ के जेई राजेन्द्र कुमार यादव, बरेली के जेई रूप चन्द्र, बाराबंकी के जेई अवनीश प्रताप सिंह और कुशीनगर के कार्यवाहक खंडीय लेखाकार धर्मप्रकाश महेश्वरी।

**इन पर बैठी विभागीय जांच :** औरैया के अधिशासी अभियंता अमन यादव. मैनपुरी के अधिशासी अभियंता अंकित यादव, प्रयागराज के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी और शामली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव।

**इन्हें कारण बताओ नोटिस :** गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता भारत भूषण, आगरा के अधिशासी अभियंता अमित कुमार, मिर्जापुर के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार गुप्ता।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला रामनवमी पर दो दिन अवकाश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने रामनवमी पर दो दिन अवकाश की घोषणा की है। पहले 26 मार्च को अवकाश की घोषणा की गई थी, अब 27 मार्च को भी अवकाश रहेगा।

मुख्यमंत्री ने यह निर्णय मंदिरों में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों, खासकर अयोध्या सहित विभिन्न मंदिरों में रामनवमी के दौरान हर वर्ष भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। सरकार के अनुसार अतिरिक्त अवकाश से यातायात, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को सुचारु रूप से संचालित करने में भी सहायता मिलेगी।

## नोटिस: अकबर रोड रायसीना रोड कार्यालय खाली करे कांग्रेस

नई दिल्ली। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कांग्रेस को अकबर रोड और रायसीना रोड स्थित कार्यालयों को 28 मार्च तक खाली करने का नोटिस जारी किया है।

कांग्रेस का मुख्यालय 1978 से 24 अकबर रोड पर था, लेकिन अब यह 9ए कोटला मार्ग स्थानांरित हो चुका है। पार्टी अकबर रोड स्थित अपने पुराने मुख्यालय का इस्तेमाल कार्यालय के रूप में कर रही है। कांग्रेस संगठन भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई का मुख्यालय 5 रायसीना रोड पर है। बताया गया कि नोटिस में पार्टी को एक सप्ताह का भी समय नहीं दिया गया।

# परिजनों के सामने बच्ची को ले गया तेंदुआ

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

- पीछा करने पर करीब 500 मीटर दूर मृत बच्ची को खेत में छोड़ा
- ग्रामीणों में गुस्सा, वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

अमृत विचार : ग्राम पंचायत सिंहोना के फुटहा फॉर्म स्थित घर के आंगन में बुधवार शाम खेल रही 7 वर्षीय बच्ची को तेंदुआ उठा ले गया। परिजनों ने शोर मचाते हुए पीछा किया तो करीब 500 मीटर दूर खेत में उसे छोड़कर भाग निकला। इस बीच बच्ची की मौत हो गई।

फुटहा फार्म निवासी जोगा सिंह की पुत्री सिमरनदीप कौर को शाम करीब सात बजे अचानक घर में घुसा तेंदुआ परिजनों की आंखों के सामने ही जबड़े में दबोचकर भाग निकला। परिजन और ग्रामीण शोर मचाते हुए पीछे दौड़े, लेकिन तब तक तेंदुआ काफी दूर निकल चुका था। करीब 500 मीटर दूर गेहूं और मसूर के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया।



मृतका सिमरनदीप कौर।

घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि तेंदुए की आवाजाही की सूचना वन विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसडीएम राजीव निगम और सीओ शिवम कुमार मौके पर पहुंचे। बेलरायां रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पहले ही दो जगह पिंजरे लगा दिए गए थे। गश्ती टीम भी निगरानी कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और बच्चों को अकेला न छोड़ने की अपील की है।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन शोषण मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए दोनों पक्षों को मीडिया के समक्ष कोई बयान नहीं देने का भी निर्देश दिया।



इससे पहले, अदालत ने 27 फरवरी को अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर अगले आदेश तक रोक लगाते हुए कहा था कि नाबालिगों के कथित यौन उत्पीड़न मामले और झूंसी थाने में दर्ज मामले में अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अग्रिम जमानत देते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं पर कई शर्तें लगाईं जैसे कि वे साक्ष्य से छेड़छाड़ नहीं करेंगे और सुनवाई की तिथि पर संबंधित अदालत के समक्ष पेश होंगे।

कैबिनेट फैसले — केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूर की 10 वर्ष अवधि के लिए 28,840 करोड़ रुपये की योजना

# उड़ान : देश में बनेंगे 100 नए एयरपोर्ट और 200 हैलीपैड

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) योजना को 2035-36 तक 10 वर्ष की अवधि के लिए 28,840 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बुधवार को मंजूरी दे दी। योजना के तहत देश में 100 नए हवाई अड्डे और 200 हैलीपैड बनाए जाएंगे।

संशोधित क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के लिए सरकार की ओर से बजटीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत मौजूदा अनुपयोगी हवाई पट्टियों (एयरस्ट्रिप) से 100 हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा। अगले आठ वर्ष में इन हवाई अड्डों के विकास पर कुल 12,159 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत 200 आधुनिक हेलीपैड विकसित करने का भी लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए अगले आठ वर्ष में कुल 3,661 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

इसके अलावा, इस योजना के तहत एयरलाइन कंपनियों को 10 वर्ष की अवधि में परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिए (वीजीएफ) 10,043 करोड़ रुपये का वित्तपोषण प्रदान किया जाएगा। 'उड़ान' योजना को अक्टूबर, 2016 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाना और हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है।



### 5 वर्ष के लिए बढ़ी आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं पहचान योजना

नई दिल्ली। सरकार ने आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं पहचान (आईवीएफआरटी) योजना को 1800 करोड़ रुपये की लागत से अगले पांच वर्ष 2031 तक जारी रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह मंजूरी आगामी एक अप्रैल से 31 मार्च 2031 तक के लिए दी गई है और इसके लिए 1800 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। आईवीएफआरटी प्लेटफॉर्म देश में आव्रजन, वीजा जारी करने और विदेशियों के पंजीकरण से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ने का काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित और एकीकृत सेवा वितरण ढांचे के भीतर आव्रजन और वीजा सेवाओं का आधुनिकीकरण और उन्नयन करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार चालक पर एफआईआर

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** थाना बिलसंडा क्षेत्र के गांव बबूरा निवासी श्रीपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मार्च को उसकी पत्नी अन्नपूर्णा, राहुल, अमन, सुधा, अनामिका, रामवती उर्फ जसोदा, शालिनी, शोभा,परी, शीतला देवी,काजल ई रिक्शा चालक इरादतपुर पगार गांव निवासी मुनेंद्र पाल आदि ई रिक्शा से इलावांस देवल मेला देखने जा रहे थे। वीरसिंहपुर चौराहे के पास पहुंचते ही सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में राहुल पुत्र श्रीपाल, अन्नपूर्णा पत्नी श्रीपाल, जसोदा पत्नी राममूर्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### हादसे में महिला की मौत मामले में रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** मेला देखकर वापस लौट रही बाइक सवार महिला की सड़क हादसे में मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव गंगापुरी निवासी लेखराज पुत्र पीतमराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मार्च को वह पत्नी पार्वती, पुत्री प्रज्ञा के साथ बाइक से इलावांस देवल स्थल पर लगे मेले में आए थे। वापस जाते वक्त पैनियां हिम्मत गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिसमें पार्वती की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्राम समाज की जमीन पर खड़े पांच पेड़ काटे

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** बेनीपुर ग्राम पंचायत में पुरानी परती भूमि पर खड़े चार जामुन और एक शीसम के पेड़ को अज्ञात लोगों ने काट लिया। सूचना मिलने पर लेखपाल तसलीम अहमद मौके पर पहुंचे और शीशम के पेड़ की लकड़ी बरामद कर ली। लकड़ी ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दी गई। इस मामले में लेखपाल तसलीम अहमद ने दियोरियाकलां कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बेटी के फोटो का विरोध करने पर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही जितेंद्र कुमार ने उसकी पुत्री का फोटो अपने स्टेटस पर लगा रखा था। 23 मार्च की दोपहर दो बजे उसने आरोपी से फोटो लगाने का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### तीन दिवसीय श्रीराम नौमी उत्सव 27 से

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे में तीन दिवसीय श्रीराम नौमी उत्सव आगामी 27 मार्च से शुरू होगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र मौर्य ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस बार भी मेला श्रीराम नौमी उत्सव 27 मार्च से शुरू होकर 29 मार्च तक मनाया जाएगा। मेले में झांकियां, भजन, कीर्तन, चौपाइयों का आयोजन होगा। मेले में राम जन्म लीला रात्रि चित्रण होगा और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकिया महक निवासी मुरलीधर अपने रिश्तेदार वीरेंद्र कुमार पुत्र राम मूर्ति के साथ बाइक से बीसलपुर आ रहे थे। भड़रिया पुल के नजदीक पहुंचते ही ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। चालक ट्रक लेकर भाग गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार देने के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# क्षतिग्रस्त पुलिया: दो साल बाद निर्माण शुरू

## अस्थायी रास्ते ने बढ़ाई परेशानी, गीली मिट्टी पर बिछाए गए पत्थर, फंस रहे वाहन, हादसे का खतरा

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)



निर्माणाधीन पुलिया के पास बनाए गए रास्ते से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर प्रताप डांडी गांव के पास की गई खोदाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एक तरफ सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। वहीं, बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए मार्गों पर लंबे समय बाद भी आवागमन सुचारु नहीं हो सका है। दो साल पहले बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर कटी सड़क के निर्माण की सुध जिम्मेदारों ने ली है। मगर, ये सुधार कार्य अब आफत बन चुका है। वाहनों के निकलने के लिए बनाया गया अस्थायी रास्ता उबड़-खाबड़ होने से वाहन पलटने का डर बना हुआ है। स्कूली बच्चों की आवाजाही भी इस मार्ग से हो रही है। अव्यवस्थाओं के चलते राहगीरों का सफर मुश्किल है। जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा राहगीरों को उठाना पड़ रहा है।

बरखेड़ा से गजरौला जाने वाले मार्ग पर प्रताप डांडी गांव के पास जुलाई 2024 में बाढ़ के पानी से सड़क कट गई थी और पुलिया भी बह गई थी। ये मार्ग बरखेड़ा से दर्जनों गांवों से होते हुए गजरौला पहुंचकर असम हाईवे पर मिलता है। दर्जनों गांव की हजारों की आबादी इसी मार्ग से आवागमन

- **बाढ़ में कट गई थी पुलिया, आवागमन में हो रही दिक्कत**

करती है। बाढ़ के हालात सुधरने के बाद अस्थायी तौर पर इसकी मरम्मत करा दी गई थी। जिसके बाद आवागमन तो शुरू हो गया लेकिन पुलिया और सड़क को पक्का नहीं बनवाया गया था। अब बीते दिनों इसके लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से शुरू कराया गया है। जिसके चलते मुख्य मार्ग पर खुदाई करा दी गई है।

आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों के आवागमन के लिए एक अस्थायी रास्ता नजदीक से बनाया गया है। ये काफी सकरा और ऊबड़-खाबड़ है। ऐसे में मार्ग पर सफर खतरों भरा हो चुका है। बीते दिनों बूंदाबांदी हुई तो यहां पर डाली गई मिट्टी ने दलदल का रूप ले लिया और वाहन फंसने लगे। इसका समाधान कराने के लिए ईट-पत्थर के टुकड़े डाल दिए गए। जिसके बाद और मुसीबत बढ़ गई है। कई जगह निर्माण सामग्री का ढेर लगा हुआ है। अस्थायी मार्ग पर आलम ये है कि स्थिति बेहद खराब है।

आलम ये है कि ई-रिक्शा, टेंपो समेत अन्य वाहन फंस रहे हैं। सकरा मार्ग होने के चलते ईट-पत्थर के टुकड़ों पर पहिया जाने के बाद वाहन पलटने का डर बना रहता है। कुछ बाइक सवार गिर भी चुके हैं। अधिकांश वाहनों से सवारियां उतारना पड़ रही है। संबंधित हिस्से को पैदल ही पार कराना पड़ रहा है। आवागमन पूरी तरह प्रभावित है।

### रात के वक्त और बढ़ रही मुश्किल

इस अस्थायी मार्ग के एक तरफ की गई खुदाई है। जिसके चलते उसमें गिरने का डर बना रहता है। रोशनी के भी पुख्ता इंतजाम मौके पर नहीं है, न ही ठेकेदार के द्वारा सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं, जिससे रात के वक्त पता लग सके कि निर्माणाधीन पुलिया है। बड़े वाहनों की आवाजाही लगभग बंद सी हो चुकी है। राहगीर बेहद परेशान हो चुके हैं।

### इन गांवों के लोग प्रतिदिन करते हैं सफर

बरखेड़ा गजरौला मार्ग पर प्रतिदिन करीब दस से पंद्रह हजार लोग सफर करते हैं। खासकर भोपतपुर, प्रतापडांडी, अमखेड़ा, मसीत, दौलतपुर, आमडार, अधकटा, सुहास, उगनपुर आदि 15 से अधिक गांव के लोग सफर करते हैं। इसके गजरौला से बीसलपुर, बरखेड़ा आने वाले राहगीर भी इसी रास्ते का इस्तेमाल अधिक करते हैं। ऐसे में पुलिया निर्माण पूरा होने तक दिक्कतों का सफर बरकरार है।

# भाकियू ने पंचायत कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



भाकियू भानु के कार्यकर्ताओं से वार्ता करते एसडीएम मयंक गोस्वामी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

- **अमरिया तहसील में की गई मासिक पंचायत**

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत अमरिया तहसील में हुई। पंचायत की अध्यक्षता राम गोपाल प्रजापति ने की। किसानों की समस्याओं को लेकर मंथन किया गया और फिर मांगों से जुड़ा ज्ञापन एसडीएम मयंक गोस्वामी को सौंपा।

इस दौरान कहा कि पूर्व में 10 बिंदुओं पर दिए गए ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसे लेकर रोष जताया। ज्ञापन में बंदरों के बढ़ते आतंक को देखते हुए समाधान कराने की मांग की। कहा कि बंदर घरों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। बंदरों को पकड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग की गई।

इसके अलावा नवादादास से माधौपुर तक नहर किनारे पक्का रास्ता बनाने, दलेलगंज से सुंदरपुर तक नहर पर सड़क निर्माण, फरदिया गांव के शिव मंदिर के पास विद्युत लाइन को भूमिगत कराने, नेशनल हाईवे-74 के तहत मंदिर की भूमि का पूरा मुआवजा दिलाने की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी, ओंकार सिंह, रघुवर सिंह, डोरीलाल, दौलत सिंह आदि मौजूद रहे।

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी किए सम्मानित





मेधावी को पुरस्कृत करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**बिलसंडा, अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में विद्यालय के छात्र सक्षम तिवारी ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने जिले में टॉप करने वाले सक्षम तिवारी को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आदित्य एवं आन्या वर्मा को भी सम्मानित किया। डीएम ने बच्चों से संवाद कर उनकी शिक्षा एवं राष्ट्र सेवा के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ.गौरव शुक्ला को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंधक विक्रम नरेश जायसवाल, सौरभ शुक्ला ,प्रिया जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# समूहों की महिलाओं ने पेश किए विभिन्न कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




समूह की महिलाओं को डेमो चेक सौंपती जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर व अन्य।



प्रदर्शनी में लगे स्टालों पर उत्पादों के बारे में जानकारी लेते एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो।

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे नौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार पीलीभीत में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला आपूर्ति, जिला खाद्य एवं विपणन तथा नाबार्ड द्वारा संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष समेत जनप्रतिनिधियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह दीदीयों को सम्मानित किया। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों को डेमो चेक एवं ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

गांधी प्रेक्षागृह में बुधवार को हुए कार्यक्रम की शुरुआत समूह की महिलाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं दुर्गा आरती के साथ किया गया। मरौरी ब्लाक के किरण समूह द्वारा नारी है, कमजोर नहीं पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। बंगाली नृत्य समेत अन्य कार्यक्रम हुए। स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा समूह से जुड़कर होने वाले लाभों के बारे में अनुभव साझा किए। बैंक सखी रेनू ने बताया कि बैंक सखी बनकर उनकी गांव में नई पहचान बनी है। चंदोई को राशन कोटेदार तराना, अमरिया ब्लाक परिसर में प्रेरणा कैंटीन संचालक भारती, सैदपुर की आशा देवी, प्रीति आदि ने भी अनुभव साक्षा किए।

कार्यक्रम के दौरान ही जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत

- **जनप्रतिनिधियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह दीदियों को किया सम्मानित**

कौर, एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह समेत अफसरों ने स्वयं सहायता समूहों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदीयों को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों को 965 रिवाल्वंग फंड एवं 754 सामुदायिक निवेश निधि के रूप में

- **डेमो चेक एवं ऋण स्वीकृति पत्र किए वितरित, गांधी प्रेक्षागृह में हुआ कार्यक्रम**

14.20 करोड़ रुपये के डेमो चेक वितरित किए गए। इसके अलावा 51 स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज की 76.50 लाख के डेमो चेक, 06 लाभार्थियों को आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के अन्तर्गत 46.50 लाख के ऋण के स्वीकृति पत्र सौंपे गए। ग्राम संगठनों को प्रेरणा कृषि उपकरण बैंक वितरण किया गया।

विद्युत सखियों को निशुल्क थर्मल प्रिंटर एवं जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा राशन कार्ड एवं उज्वला योजना के लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, भाजपा नेता गुरभाग सिंह, डीडीओ संजय कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी विजय कुमार, डीडीएम नाबार्ड चंद्र प्रकाश त्रिवेदी समेत अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# वित्तीय साक्षरता के मुख्य घटक आय-व्यय और बचत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यशाला में मौजूद लोगों को संबोधित करते जगदीश कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जन शिक्षण संस्थान की ओर से उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत वित्तीय साक्षरता कार्यशाला आयोजित की गई। वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता जगदीश कुमार ने वित्तीय साक्षरता पर जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वित्तीय व्यवस्था में आय, व्यय और बचत एक चक्र है। जिसमें किसी एक भी घटक के अनियमित होने पर पूरा वित्तीय प्रबन्धन विरुद्ध जाता है। पुराने समय में आय के सापेक्ष व्यय होने के पश्चात् बचत की धारणा थी, लेकिन वर्तमान में इस धारणा में कुछ परिवर्तन आया है। संस्थान द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण दिवसों पर आयोजित की गई पोस्टर, निबंध, रंगोली, मेंहदी, स्लोगन और सिलाई प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों

- **जनशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित की गई कार्यशाला**

को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि कार्यदेशक अनुज कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि कुलदीप कुमार रहे। उन्होंने कहा कि कौशल प्राप्त करने के लिए व्यवसाय के प्रति रूचि व लगन अत्यन्त आवश्यक है।

वर्तमान समय में कौशल का बहुत महत्व है। मनमोहन सिंह लोधी, नीतू, काजल सैनी, फिज्जा, अंजलि, यास्मीन, शगुफा, सना, आरती गंगवार को प्रथम, ममता, रितिका पांडेय, रोशनी, आरती शर्मा, माहिरा, तनीशा, मुस्कान, नमीरा, रफत विवेक उपाध्याय को द्वित्तीय और अतुल भारती, अनुष्का, फलक, तैयबा, हीराकली, शिवानी, माहेमा, कोमल, ओम कश्यप को तृतीय पुरस्कार मिला। इस मौके पर निदेशक सलीम मियां, संदीप मिश्रा, अशरफ हुसैन, सद्दाम हुसैन, रूबाब अजहर आदि मौजूद रहे।

# मामूली कहासुनी में दो पक्षों में मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम सिरसा निवासी राजकुमारी पत्नी महेशपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 मार्च को उसकी सात वर्षीय पुत्र आयुष गली के बाहर खेल रहा था। तभी गांव का सुरेंद्र पाल नशे में आकर पुत्र के साथ मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। इसी मामले में दूसरे पक्ष के सुरेंद्र ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि 23 मार्च को शाम छह बजे गांव का आयुष साइकिल चला रहा था। जब उसने साइकिल धीरे चलाने को कहा तो वह घर चला गया। इसके बाद उसकी मां राजकुमारी,दादी सीमादेवी और रिश्तेदार प्रमोद कुछ देर बाद एकराय होकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# बच्चों ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमरिया, अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के नौ साल पूर्ण होने पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा, विकास और विभिन्न सरकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

इसकी शुरुआत ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह उर्फ श्याम सिंह, बीडीओ दिनेश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश उत्तम प्रदेश बन चुका है। प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। बीडीओ ने योजनाओं की जानकारी दी। खंड शिक्षाधिकारी उमेंद्र दत्त त्रिपाठी ने बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं के

- **खंड शिक्षाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में बताया**

बारे में विस्तार से बताया।

खेम पाल सिंह ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति, इंस्पायर अवार्ड समेत अन्य शैक्षिक योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुकेश कुमार,लोकेन्द्र कुमार, जुबैर अहमद, प्रवीन कुमार ने विचार रखे। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्चों को पुरस्कृत कर किया गया।

# संयुक्त रूप से किया हनुमान चालीसा पाठ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हनुमान चालीसा पाठ करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अखिल भारत हिंदू महासभा की ओर से ग्राम विक्रमपुर के गंगाप्रकाश मौर्य को नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपलक्ष्य में मंगलवार देर शाम धार्मिक आयोजन किया गया। गांव स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

इसकी शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। हिंदू महासभा द्वारा जिले के प्रत्येक गांव में इसी प्रकार के हनुमान चालीसा पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम

- **अखिल भारत हिंदू महासभा की ओर से किया गया आयोजन**

आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके। इस मौके पर रामपाल उपाध्याय, यज्ञ स्वरूप गंगवार, रामपाल मौर्य, प्रदीप

- **गंगाप्रकाश को नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हुआ कार्यक्रम**

भटनागर, नरेंद्र श्रीवास्तव, हरीश मौर्य, इंद्रपाल गंगवार, करन शर्मा, टाकनलाल मौर्य, प्रमोद कुमार, राजवीर पाल, अनमोल श्रीवास्तव, शिवम मौर्य आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक में पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण संपन्न

**बीसलपुर, अमृत विचारः** ब्लॉक सभागार में पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उन्हें पंचायत भवन से ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

बीडीओ सुरेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर बनाए गए पंचायत भवनों पर पंचायत सहायकों द्वारा ग्राम पंचायत के सभी लोगों को अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का पंजीकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अगर किसी ग्रामीण को परिवार रजिस्टर की नकल लेनी है, तो वह वहीं से दी जाएगी। ग्रामीणों की शिकायतों को दर्ज कर उनके विभाग से संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किए जाएंगे।

# भाकियू का प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



डीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू अराजनैतिक जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष के नेतृत्त्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान किसान नेताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर एफसीआई के गोदामों में भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था कराने की मांग की। डीएम ने किसान नेताओं को गेहू खरीद के दौरान कोई भी समस्या न आने देने का आश्वासन दिया।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में बुधवार को प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां प्रतिनिधिमंडल ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान नेताओं ने गेहूं खरीद सत्र 2026 में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में गेहूं के भंडारण के लिए पर्याप्त व्यवस्था कराने की मांग की। कहा गया कि गोदामों में भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था होने से किसानों के साथ विभाग को भी सहूलियत होगी और गेहूं खरीद भी प्रभावित नही होगी।

जिलाध्यक्ष ने यह भी बताया कि गत वर्षों में अकसर गेहूं खरीद सत्र के दौरान गेहूँ भंडारण की समस्या आती रही है। जिससे बड़े पैमाने पर पिछले वर्षों में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित होना पड़ा व उनकी गेंहू की उपज औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ता रहा है। उन्होने बताया कि इस बार जिले में गेंहू का बंपर उत्पादन होने की संभावना है। ऐसे में जनपद में पर्याप्त गेंहू क्रय केंद्र खोले जाएं। साथ उन्होंने

- **डीएम से की एफसीआई के गोदामों में भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की मांग**

डीएम को यह भी बताया कि कुछ गेहूं माफियाओं द्वारा पुराने गेहूं के स्टाक को सरकारी क्रय केंद्रों के माध्यम से सरकारी खरीद में परिवर्तित कराने की संभावना है। यह भी कहा कि गेहूं खरीद के दौरान सरकारी क्रय केंद्रों पर यदि किसानों का उत्पीड़न हुआ तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और आरपार की लड़ाई लड़ेगी। इस पर डीएम ने आश्वस्त किया कि गेहूं खरीद के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। गेहूं खरीद की व्यापक तैयारियां चल रही हैं। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी दिनेश कुमार, तहसील अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, लीलाधर वर्मा, बादशाह आदि शामिल रहे।

## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ महागौरी: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः**

## शहर में आज

- पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख की प्रेसवार्ता दोपहर 1.30 बजे।
- गांधी प्रेक्षागृह में सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम दोपहर 03 बजे से।
- मां यशवंतरी देवी समेत अन्य मंदिरों में पूजन और कन्याभोज सुबह 05 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा को ले गया सहपाठी, रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार** : नगर के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 10 वर्षीय बेटी एक स्कूल की छात्रा है। वह 24 मार्च को सुबह स्कूल गई थी। छुट्टी के बाद साथ में पढ़ रहा छात्र उसे फुसलाकर ले गया। सूचना मिलने पर बेटी को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन जानकारी नहीं मिली। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा की तलाश कराई जा रही है।

### युवती से ठगी और छेड़छाड़ का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार** : अमरिया पुलिस को दी तहरीर में क्षेत्र की युवती ने बताया कि उसकी मुलाकात 4 माह पूर्व एक युवक से हुई थी। आरोपी ई-रिक्शा व स्कूटी की एजेंसी चलाता है। उसने कम रुपये में ई-रिक्शा दिलाने का झांसा दिया। इसके एवज में 40 हजार रुपये दे दिए। 25 मार्च को वह उसकी दुकान पर गई, रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने छेड़छाड़ की। जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

# वाटर प्लांट मालिक का फंदे से लटका मिला शव

## मंगलवार रात को वह बिना बताए घर से निकले और लापता हो गए थे, बुधवार सुबह कुछ लोगों ने आशीष का शव पेड़ पर लटका देखा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : घर से निकलने के बाद अचानक लापता हुए वाटर प्लांट मालिक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दूसरे दिन सुबह उसका शव घर से करीब डेढ़ किमी की दूरी पर रामलीला मैदान में फंदे से लटका मिला। पुलिस प्रथम दृष्टया खुदकुशी मान जांच कर रही है। हालांकि इसके पीछे वजह परिवार वाले भी नहीं बता सके हैं। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला पूरनमल निवासी 50 वर्षीय आशीष गंगवार पुत्र उत्तम चंद्र का वाटर प्लांट हैं। मंगलवार रात को वह बिना बताए घर से निकले और लापता हो गए थे। काफी देर बाद भी घर न आने पर परिवार वाले उनकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। दूसरे दिन बुधवार सुबह कुछ स्थानीय लोग रामलीला मैदान की ओर टहलने के लिए गए थे। इस दौरान अचानक लापता हुए आशीष का शव रस्सी के फंदे से पेड़ पर लटका दिखा। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की।

- सुनगढ़ी पुलिस वजह को लेकर कर रही जांच

परिवार वाले भी मौके पर आ गए। उनसे पुलिस ने जानकारी की। इसमें पता चला कि मंगलवार रात करीब नौ बजे आशीष ने अपनी पत्नी के मोबाइल पर गुड बाय का मैसेज भी भेजा था। इस मैसेज के बाद से ही परिवार वाले अनहोनी की आशंका जता रहे थे। कई जगह तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फील्ड यूनिट के एक्सपर्ट ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। फिलहाल परिवार की ओर से खुदकुशी के पीछे कोई खास वजह नहीं बताई जा सकी है।

इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। मगर इसके पीछे क्या वजह रही होंग, इसे लेकर पड़ताल चल रही है। फिलहाल परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### न्यूरिया में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**पीलीभीत, अमृत विचार** : न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर निवासी चंद्रप्रकाश ने बताया कि वह देहरादून में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उसकी 23 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी परिवार के साथ घर पर रहती थी। सप्ताह भर पहले उसकी मां का निधन हो गया था। जिस पर वह गांव आए हुए थे। बुधवार को मां का दसवां होना था। वह सुबह उठने के बाद शौचालय गए। उनके अनुसार, सुबह सात बजे के आसपास पत्नी ने कमरे में जाकर फंदे से लटककर जान दे दी। जब वह कमरे में पहुंचे तो पत्नी का शव दुपटटे के बने फंदे से कुंडे के सहारे लटका मिला। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि मृतका की शादी पांच साल पहले हुई थी। मायके वालों ने पारिवारिक कलह की बात ही है लेकिन अभी कोई तहरीर नहीं दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के दो माह की बच्ची है।

# बीसलपुर में युवक ने फंदे से लटककर दी जान



अरुण कुमार।

- ऑनलाइन गेम की लत बनी वजह, परिवार का कार्रवाई से इन्कार



युवक की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार**: ऑनलाइन गेम की लत ने एक युवक की जान ले ली। उसने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। हालांकि परिजन ने शव का पोस्टमार्टम कराने समेत अन्य कार्रवाई से इन्कार कर दिया।

घटना बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुगीपुर बड़गांव की है। यहां के रहने वाले बाबूराम के 18 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार ने बुधवार दोपहर करीब एक बजे मकान के बाहर टिनशेड में फंदे से लटककर जान दे दी। परिवार वालों की नजर फंदे से लटके युवक पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में फंदे से उतारकर परिजन युवक को सीएचसी ले गए। वहां चिकित्सक ने अरुन को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस सीएचसी पहुंची और परिजन से जानकारी की।

इस दौरान सामने आया कि मृतक को ऑनलाइन गेम खेलने की लत सी लग गई थी। वह परिजन से कुछ दिनों से नया मोबाइल दिलाने की जिद कर रहा था। मगर, परिजन ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए अभी फिलहाल मोबाइल दिलाने से मना कर दिया था। बताते हैं कि इसी से आहत होकर युवक ने खुदकुशी कर ली। घटना के वक्त घर पर मां और छोटा भाई मौजूद था। कस्बा इंचार्ज विपिन कुमार ने बताया कि परिवार ने कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। इस पर पंचनामा भरकर शव उनके सुपुर्द कर दिया था। मृतक ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था। मोबाइल न मिलने पर उसके खुदकुशी करने की बात पता चली है। इधर, ये भी चर्चा रही कि युवक ऑनलाइन गेम की लत में भारी रकम भी हार चुका था। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना रहा।

# किशोरी और महिला को ले जाने के तीन मामलों में रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो मार्च को उसकी पत्नी को गणेश नाम का युवक फुसलाकर ले गया। युवक नोएडा के खोड़ा कॉलोनी का रहने वाला है। जब वह नोएडा में काम करता था तो आरोपी के घर के पास में रहने के कारण उसकी जान पहचान हो गई थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। इसी क्षेत्र के एक ग्रामीण की ओर से उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में शाहजहांपुर जिले के थाना बंडा क्षेत्र के ग्राम पड़ैया दलेलापुर निवासी सचिन कुमार त्रिवेदी पुत्र विनोद कुमार त्रिवेदी, चाचा राजेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, थाना जहानाबाद में एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहकर नौकरी करते हैं। उसकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा सात की छात्रा है। वह अपने बाबा के घर रहकर पढ़ाई करती थी। आरोप है कि 21 मार्च को उसकी पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# वार्षिकोत्सव और खेल उत्सव की रही धूम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुरस्कृत किए गए बच्चों संग ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार।

**अमृत विचार**: प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर शुरुआत कराई।

छात्राओं ने हरियाणवी गीत यानी सी उमर में ना ब्याहियो पर मनमोहक प्रस्तुति देते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बाल विवाह न किए जाने का संदेश दिया। कक्षा एक और दो के बच्चों ने राजस्थान रंगीलो म्हारो गीत पर राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा पांच की छात्राओं ने नारी शक्ति को प्रदर्शित किया। अभिभावकों और संरक्षकों से अपने पाल्यों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की गई। मुख्य अतिथि ने सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों को बताया। खेल उत्सव के तहत बच्चों प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

- ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा बतौर अतिथि हुईं शामिल

विजेता झलक वर्मा, पल्लवी, रेनु कुमारी, सोनी, चंदा, प्रांशी, बालक वर्ग से कृष्णा, ऋषभ, अतुल कुमार, जितिन कुमार, प्रिंस, दीपक और आर्यन कुमार मौर्य को सम्मानित किया गया। कक्षा एक के जयकिशन, अंजली मौर्य, कक्षा दो की दीक्षा, आयुषी वर्मा को निपुण विद्यार्थी के रूप में पुरस्कृत किया। इस मौके पर अंजना शुक्ला, प्राज्ञी अग्रवाल, प्रगति धामी भी सम्मानित किए गए। संचालन प्रधानाध्यापक डॉ.विभव सक्सेना ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जागनलाल, उपाध्यक्ष मीरा देवी, सुनीता देवी, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# चौकीदार के बेटे ने दसवां स्थल पर की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- आग भी लगाई, सीसीटीवी में कैद हुई घटना
- आरोपी को हिरासत में लेकर शुरू की कार्रवाई

**अमृत विचार**: मुक्तिधाम समिति द्वारा संचालित दसवां स्थल पर देर रात चौकीदार के पुत्र ने फॉल सीलिंग तोड़ने के बाद आग लगा दी। आग से भवन को भी क्षति पहुंची। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। इस दौरान सीसीटीवी में चौकीदार के पुत्र की करतूत कैद मिली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। घटना के चलते हड़कंप मचा रहा।

ईदगाह रेलवे क्रासिंग के पास लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह से सटकर दसवां स्थल बना हुआ है। इसके हॉल में चौकीदार रामचंद्र अपने पुत्र के साथ रहता है। बुधवार सुबह दसवां स्थल की एक अन्य कर्मचारी रुबी ने कॉल कर मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों को सूचना दी कि दसवां स्थल की फाल सीलिंग गिर गई है। इसके अलावा आग भी लगी है, जिसमें फाल सीलिंग नष्ट हो गई है। कुछ ही देर में मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव दिलीप अग्रवाल, उपसचिव मनोज पटेल, संदीप सिंह, नीरज रस्तोगी, विमल सेन एडवोकेट मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। शुरुआत में इस घटना को किसी तरह की खुराफात से जोड़कर देखा जा रहा है।

कोतवाली के दरोगा सुभाष यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी की। सीसीटीवी फुटेज चेक की गई तो उसमें घटना कैद मिली। चौकीदार रामचंद्र का पुत्र अजय फाल सीलिंग तोड़ने के बाद आग लगाते हुए सीसीटीवी में कैद मिला। इतना ही नहीं आग लगाने के बाद कुर्सी पर बैठकर बीड़ी पीता रहा। पुलिस ने मौके पर ही मौजूद कर्मचारियों से भी जानकारी की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसमें उसने आग लगाने की बात स्वीकार की।

मुक्तिधाम समिति की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई। तहरीर के साथ सीसीटीवी फुटेज भी पेन ड्राइव में दी गई है। पुलिस ने समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों के भी बयान दर्ज किए। फिलहाल इस घटना में कुछ अन्य लोगों के शामिल होने का भी शक जताया गया है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# जिम कार्बेट के एफडी ने किए बाघों के दीदार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जिम कार्बेट के एफडी को काफी टेबल बुक भेंट करते डीडी मनीष सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: जिम कार्बेट नेशनल पार्क (कार्बेट टाइगर रिजर्व) के फील्ड डायरेक्टर दो दिवसीय दौर के तहत पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे। इस दौरान उन्होंने टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी कर जैव विविधता को करीब से देखा और बाघों के दीदार किए। टाइगर रिजर्व मुख्यालय पर वन अफसरों से मुलाकात की और जंगल से जुड़े मुद्दों पर गहनता से चर्चा की।

ट्रेफिक इंडिया (वन्यजीव व्यापार निगरानी) के प्रमुख रहे चुके डॉ. साकेत बड़ौला मंगलवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे। उत्तराखंड वन प्रभाग के वन अफसरों के साथ पहुंचे फील्ड डायरेक्टर का टाइगर रिजर्व के स्वागत किया गया। मंगलवार को ही फील्ड डायरेक्टर डॉ. साकेत बड़ौला ने अन्य वन अफसरों के साथ जंगल सफारी कर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन एवं वन्यजीवों को देखा। वन अफसरों से वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली।

- टाइगर रिजर्व मुख्यालय पर डीडी समेत वन अफसरों से मिले
- वन एवं वन्यजीवों से जुड़े मुद्दों पर की गई गहनता के साथ चर्चा

जंगल सफारी के दौरान फील्ड डायरेक्टर को एक साथ दो बाघों के दीदार हुए। उन्होंने टाइगर रिजर्व के जंगल की जमकर तारीफ की। इधर बुधवार को फील्ड डायरेक्टर अन्य वन अफसरों के साथ टाइगर रिजर्व मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके से मुलाकात की। इस दौरान वन एवं वन्यजीवों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत हुई। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने फील्ड डायरेक्टर को पीटीआर की काफी टेबल बुक भी भेंट की।

### पर्यटकों के लिए बढ़ें सुविधाएं

टाइगर रिजर्व मुख्यालय पहुंचे जिम कार्बेट नेशनल पार्क (कार्बेट टाइगर रिजर्व) के फील्ड डायरेक्टर डॉ. साकेत बड़ौला को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में टाइगर साइटिंग खूब भायी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व की टाइगर साइटिंग खास है। पर्यटन के मुद्दे पर उन्होंने यहां पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की बात कही। कहा कि जंगल से बाहर पर्यटन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तार किया जाना चाहिए। इससे वन एवं वन्यजीव सुरक्षित रह सकेंगे।

# आरटीई के तहत तृतीय चरण में हुए 380 आवेदन

**पीलीभीत, अमृत विचार** : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर अपने बच्चों का निःशुल्क प्रवेश कराने के पात्र अभिभावकों के लिए बुधवार आवेदन करने का अंतिम दिन रहा। जिले में आरटीई के तहत अब तक तीनों चरणों में कुल आवेदनों की संख्या 4,500 के पार पहुंच चुकी है। प्रथम चरण में सबसे अधिक 3,202 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से पात्रता और लाटरी से 1,001 बच्चों को विभिन्न स्कूलों में प्रवेश मिला है।द्वितीय चरण में 599 आवेदन आए थे, इनमें से 243 बच्चों का चयन प्रवेश के लिए किया गया। तृतीय चरण में 380 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बुधवार अंतिम दिन होने के कारण संख्या में और भी बढ़ोतरी होने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है।

# 25-25 हजार के दो इनामी समेत 3 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शाही रेलवे क्रासिंग के पास से पकड़ा, असलहा बरामद
- बाइकों की पहचान छिपाने के लिए उनके पुर्जे अलग कर देते थे

**अमृत विचार** : जहानाबाद पुलिस ने बाइक लूट की घटनाएं करने वाले 25-25 हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद किए। चालान कर कोर्ट में पेश करके तीनों को जेल भेज दिया है।

20 फरवरी को गौनेरी बदी निवासी पुष्पेंद्र कुमार से मारपीट कर उनकी बाइक लूट ली गई थी, जबकि 22 फरवरी को कुकरीखेड़ा निवासी रवि कुमार से भी बाइक लूट की घटना हुई थी। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी।

गौनेरी बदी वाली बाइक लूट की घटना में पुलिस के अनुसार जहानाबाद क्षेत्र के गांव सरौरी निवासी संजीव वर्मा पुत्र पूरनलाल, सूरज पुत्र जानकी प्रसाद, धर्मेंद्र पुत्र नन्हें लाल और इसी क्षेत्र के मोहल्ला कच्ची हवेली निवासी नदीम पुत्र सईद का नाम प्रकाश में आया था। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है।

कुकरीखेड़ा वाली घटना में पुलिस ने मंगलवार को सूचना पर शाही रेलवे क्रासिंग के पास दबिश देकर दो इनामी बदमाश विष्णु निवासी जटऊ पट्टी थाना भोजीपुरा, बरेली और बड़े उर्फ डोरीलाल निवासी सरौरी थाना जहानाबाद को गिरफ्तार कर लिया। इनके साथ सुरेन्द्र निवासी जटऊ पट्टी को भी पकड़ा। विष्णु और डोरीलाल पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार विष्णु और सुरेंद्र के कब्जे से 315 बोर के तमंचे व कारतूस, डोरीलाल के पास से चाकू बरामद हुआ है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सुनसान स्थानों और हाईवे पर अकेले आने-जाने वालों को निशाना बनाते थे। बाइक से पीछा कर उन्हें रोकते और अवैध शस्त्रों के बल पर मारपीट कर वाहन लूट लेते थे। लूटी गई बाइकों की पहचान छिपाने के लिए उनके पुर्जे अलग कर देते थे या फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इस्तेमाल करते थे। सीओ सदर नताशा गोयल ने बताया कि तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत, छह लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पहला घाटमपुर और दूसरा शेरपुर मकरंदपुर तिराहे के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार** : पूरनपुर में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

पहला हादसाः चांदुइया कॉलोनी निवासी भुजंग सरकार (50) साथी गोपाल सरकार (27) के साथ बाइक से कालाबोझ गांव धान की रोपाई के लिए जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे सीएनजी ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी भिजवाया। डॉक्टर ने भुजंग सरकार को मृत घोषित कर दिया। घायल गोपाल सरकार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक के चार बच्चे हैं।

दूसरा हादसा बुधवार दोपहर करीब दो बजे मैगलगंज हाईवे पर शेरपुर मकरंदपुर तिराहे के पास हुआ। शाहजहांपुर जिले के बंडा थाना क्षेत्र के नवादा ढाह गांव निवासी पट्टे सिंह, अनुज सिंह, महेंद्र सिंह और अनुज की पत्नी धनदेवी ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार चारों यात्री गंभीर घायल हो गए, जबकि कार चालक हिमांशु भी चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। पूरनपुर कोतवाल पवन कुमार पांडे ने बताया कि दो हादसों में एक युवक की मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर की दी जानकारी

**अमरिया, अमृत विचार**: मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीओ सदर नताशा गोयल, एसडीएम मयंक गोस्वामी ने थाना परिसर में हुए कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पडेस्क, सुरक्षा कवच योजना, महिला शक्ति केंद्र, स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजना के बारे में बताया। साइबर क्राइम से बचाव के उपाय व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी अन्नू रानी ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 1098, 112 आरि के बारे में बताया और पंपलेट बांटे। एसओ अमित सिंह, दरोगा नरपाल सिंह, महिला आरक्षी दीक्षा, शालू विश्वकर्मा, पूजा तोमर आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग बच्चों ने उठाया जंगल सफारी का लुत्फ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




टाइगर रिजर्व मुख्यालय से सफारी वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करते जिम कार्बेट के एफडी डॉ. साकेत बड़ौला व अन्य वन अफसर।

- प्रोजेक्ट दिव्य दर्शन: जिम कार्बेट के एफडी ने सफारी वाहनों का झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमृत विचार**: पीलीभीत टाइगर रिजर्व मुख्यालय पर बुधवार को दिन खास रहा। टाइगर रिजर्व के प्रोजेक्ट दिव्य दर्शन के तहत परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ पीलीभीत टाइगर रिजर्व में निशुल्क जंगल सफारी की। इससे पूर्व जिम कार्बेट नेशनल पार्क (कार्बेट टाइगर रिजर्व) के फील्ड डायरेक्टर समेत स्थानीय वन अफसरों व पुलिस अधिकारियों ने झंडी रवाना किया। जंगल सफारी के दौरान वन एवं वन्यजीवों को करीब से देख बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ओर से प्रोजेक्ट दिव्यदर्शन की शुरूआत की गई है। प्रोजेक्ट दिव्यदर्शन के तहत टाइगर रिजर्व प्रशासन जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में पढ़ रहे दिव्यांग बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ पीलीभीत टाइगर रिजर्व में निशुल्क जंगल सफारी करने का मौका दिया जा रहा है। इसके तहत जनपद के करीब 2700 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया है। बीते 15 मार्च को प्रोजेक्ट दिव्यदर्शन का शुभारंभ किया था। उस दौरान लखनऊ की एक बधिर संस्था के बधिर बच्चों ने टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी कर जंगल की खूबसूरती और वन्यजीवों के दीदार किए थे। इधर बुधवार को प्रोजेक्ट दिव्यदर्शन के तहत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों के लगभग 100 दिव्यांग को जंगल सफारी के लिए टाइगर रिजर्व मुख्यालय बुलाया गया था। बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिम कार्बेट के फील्ड डायरेक्टर डॉ. साकेत बड़ौला, एएसपी बिक्रम दहिया, टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह एवं वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान वन अफसरों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए इस पहल को शिक्षा और संरक्षण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बताया। कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के संवेदनशील वर्गों में भी प्रकृति के प्रति प्रेम और गौरव का भाव जाग्रत होता है।

बच्चों ने अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ जंगल सफारी के दौरान जंगल की खूबसूरती को बेहद करीब से देखने के साथ बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार किए। नेचर गाइडों ने भी बच्चों को टाइगर रिजर्व के प्रमुख पर्यटक स्थलों और जैवविविधता के बारे में बताया। बुधवार को दिव्यांग बच्चों समेत करीब 200 लोगों ने निशुल्क जंगल सफारी की। इस मौके पर बीएसए रोशनी सिंह, वन्यजीव एवं जैव विविधता समिति के महासचिव अमिताभ अग्निहोत्री, जिला समन्वयक राकेश पटेल, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार समेत टाइगर रिजर्व के वन अफसर एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
- ब्रेन हैमरेज
- स्लिप डिस्क
- ब्रेन ट्यूमर
- मिर्गी का दौरा
- गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
- रीढ़ की चोट, टी.बी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- कमर दर्द, कंधों में दर्द
- पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
- सिर की चोट (हेड इंजरी)
- हाथ पैरों में झनझनाहट
- फालिज (लकवा)
- नसों का दर्द
- सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
- दिमागी में पानी व खून जमना

दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
- रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
- डे केयर थेरेपी
- इम्यूनोथेरेपी
- कैंसर आईसीयू
- फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
- मैमोग्राफी
- कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
- इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# अफसरों ने नामित सभासदों को दिलाई शपथ

## नगर पालिका पीलीभीत, नगर पंचायत बरखेड़ा और न्यूरिया में आयोजित किए गए कार्यक्रम

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा



नामित सदस्यों को शपथ ग्रहण कराते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर।



नगर पंचायत बरखेड़ा में नामित सदस्यों के शपथ ग्रहण में जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

**अमृत विचार:** शासन स्तर से नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम नगर पालिका पीलीभीत, नगर पंचायत बरखेड़ा और न्यूरिया हुसैनपुर में आयोजित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर शपथ ग्रहण नगर पालिका पीलीभीत के सभागार में बुधवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर रहे।

नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, ईओ संजीव कुमार भी शामिल रहे। नामित सभासद स्वतंत्र देवल, नितिन सक्सेना, पंकजा तिवारी, प्रिंस प्यारेलाल लोधी, प्रतीक अग्रवाल को सिटी मजिस्ट्रेट ने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। नामित सभासदों से नगर के विकास में अपना योगदान देने के लिए सहयोग की अपेक्षा की गई। सभासदों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नगर के विकास में अपना योगदान देने का आश्वासन दिया।

**• प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, मंडल मंत्री रतननाथ मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रामनाथ सक्सेना, जगदीश सक्सेना, अमनदीप सिंह, जिला महामंत्री पीयूष अग्रवाल, नगर महामंत्री हरपाल सिंह यादव, नगर उपाध्यक्ष राहुल गजवानी, राष्ट्रीय हनुमान दल जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता, आदित्य ओझा, राकेश मौर्य, रोहित शर्मा, नरेश वर्मा, मिथुन मिश्रा, श्रीपाल वर्मा, शुभम देवल, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर में भी शपथ ग्रहण कराई गई।

इधर, नगर पंचायत बरखेड़ा में भी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। एसडीएम न्यायिक पूरनपुर हेमंत चौधरी ने नामित सभासद लक्ष्मीकांत भोजवाल, चंद्रपाल दिवाकर, जगदीश प्रसाद भोजवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्ता नंद रहे। उन्होंने कहा कि नव मनोनीत सभासद नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल के साथ क्षेत्र को आदर्श नगर पंचायत बनाने में सहयोग करेंगे। इस दौरान बीते दिनों घोषित की गई भाजपा की जिला कमेटी में कस्बा बरखेड़ा निवासी पूर्व सांसद स्वर्गीय डॉ. परशुराम गंगवार के पुत्र नागेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट और अमित कुशवाहा को जिला मंत्री बनाए जाने पर उनका भी विधायक, चेयरमैन द्वारा स्वागत किया गया।

इस मौके पर एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय, पूर्व प्रधान छेदालाल गंगवार, मेला कमेटी अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांडेय, बच्चू लाल वर्मा, अमित गुप्ता, अमित कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, शेर सिंह राठौर, लेखाकार नफीस अहमद, दीपक सोनकर, सूर्य प्रकाश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# दीक्षांत समारोह में पुरस्कृत किए गए बच्चे



पुरस्कृत किए गए बच्चों संग अतिथि। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** लायंस बाल विद्या मंदिर स्कूल में बुधवार को जूनियर विंग में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी (दीक्षांत समारोह) का आयोजन किया गया। पहली शैक्षणिक उपलब्धि के अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। मुख्य अतिथि परविंदर सिंह गुलाटी रहीं।

कार्यक्रम में एलबीवीएम सोसाइटी की सचिव नीता मोदी, प्रधानाचार्य डॉ. एसके शर्मा, हेड मिस्ट्रेस शालिनी शर्मा भी शामिल हुए। नन्हे स्नातकों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और उन्हें ग्रेजुएशन कैप पहनाई गई। अभिभावकों ने भी स्कूल के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चे के जीवन की नींव होती है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कंस वध लीला का प्रसंग सुनाया

**बिलसंडा, अमृत विचार:** ग्राम जादौपुर नथा में श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन बुधवार को कथा का समापन हुआ। इस दौरान कंस वध लीला का वर्णन किया गया। बताया कि श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर समस्त गोवर्धन वासियों का उद्धार किया और तभी से उनका नाम गिरिराज धरण हुआ। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण को कंस मथुरा आने का बुलावा देते हैं। भगवान अपनी माया से कंस की मंशा को समझ लेते हैं। मथुरा पहुंचने पर कंस द्वारा मदमस्त हाथी को छोड़ दिया जाता है। जिस पर प्रभु अपनी माया से काबू पा लेते हैं। मथुरा के राजा क्रूर कंस का वध करके उसका उद्धार करते हैं। कथा में तमाम लोग मौजूद रहे।

# बिना बसाए उजाड़े गए परिवार तो होगा आंदोलन



एडीएम को ज्ञापन देते माले कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भाकपा माले कार्यकर्ता बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम न्यायिक रोशनी यादव को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि अमरिया तहसील क्षेत्र के भरा पचपेड़ा में आबाद भूमिहीनों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई व उन्हें उजाड़ने की कोशिश हो रही है।

मांग की गई कि भरा पचपेडा मे आबाद गरीबों को दूसरी जगह बसाये बगैर न उजाड़ा जाए। परिवारों को आबादी के लिए कम से कम पांच डिस्मिल जमीन, उस पर आवास, परिवार के एक सदस्य को नौकरी व दो लाख रूपये विस्थापन क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर जिला सचिव देवाशीश राय, जिला प्रभारी अफरोज आलम, एडवोकेट शम्स विकास, किसान महासभा के मनोहर लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज

कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


## न्यूज डायरी

### सराहे गए बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडल



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्ब के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय नंबर दो में बुधवार को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेला एवं नवारम्भ उत्सव मनाया गया। इसकी शुरुआत एसएमसी अध्यक्ष अल्का देवी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। अभिभावकों को छह वर्ष की आयु के बच्चों को कक्षा एक में प्रवेश से संबंधित जानकारी दी गई। नामांकन में शत प्रतिशत सहयोग करने की अपील प्रधानाध्यापिका गीता रानी के द्वारा की गई। प्रवेशोत्सव के साथ ही विद्यालय में अध्यनरत छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल व टीएलएम मेला का निरीक्षण किया। सभासद प्रवेश कुमार जोशी, विवेक कुमार सक्सेना ने बच्चों द्वारा बनाए गए सर्किल मॉडलो से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों के उत्तर पाकर सभी बहुत खुश हुए।

### कार्यक्रम में पेश की बेहतर रेसिपी



**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर पूरनपुर ब्लॉक में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने योजनाओं के बारे में जानकारी दी और अच्छी रेसिपी भी पेश की। मुख्य सेविका आशा कंचन वर्मा, जगदंबा, ममता, सरिता, अंजू गौतम, सलिल, राकेश राठौर आदि ने भी विचार रखे।

### पेंशनर्स और उनके परिवारों को मिले चिकित्सा सुविधा



**पीलीभीत, अमृत विचार :** ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत के आहवान पर जिला अध्यक्ष शिवशंकर राय के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ .मनसुख मंडाविया को संबोधित ज्ञापन में पेंशनर्स व उनके परिवारों को मेडिकल सुविधा मुहैया कराने समेत अन्य मांगें रखी गई। ये भी कहा कि जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ईपीएस 95 योजना में शामिल नहीं किया है, उन्हें पांच हजार रुपये की राशि पेंशन के तौर पर दी जाए। इस मौके पर जिला मंत्री राकेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद लोधी , मंडल उपाध्यक्ष चिरंजीव गौड, वेदपाल सिंह, मुन्नालाल, अनिल मिश्रा, असलम, राजेश अवस्थी, मेवाराम वर्मा, श्याम बाबू, बच्चू सिंह, सुरेंद्र शर्मा, सुनील कंचन, मुनेन्द्र अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### छात्रा निमिष पाल ने फिर लहराया परचम



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर में मंगलवार को आयोजित विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में हरप्रसाद रामप्यारी महाविद्यालय की बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा निमिष पाल ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस पर उनको पुरस्कृत किया गया। आयोजक महाविद्यालय की प्राचार्य अल्का मेहरा, संचालक डॉ .चंद्रप्रभा गंगवार, डॉ . रोहित पटेल आदि मौजूद रहे। बता दें कि इससे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सुशासन सप्ताह में वर्ष 2024 व 2025 में जिला स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में छात्रा निमिष पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं प्रकाशन विभाग में निमिष पाल का लेख प्रकाशित हो चुका है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ . वंदना शर्मा, प्रबंध निदेशक डॉ .अनूप बेरी, मुकेश कुमार गुप्ता, आशीष गुप्ता ने इस मौके पर हर्ष जताते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

न्यूज ब्रीफ

### नशे में धुत युवक ने साथियों संग की मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गांव सिंगहा खुर्द निवासी शेरू वर्मा ने बताया कि वह सिंगाही बाजार घरेलू सामान लेने गया था। सिंगाही चौराहे पर वह ठेले से फल खरीदने के लिए उतरा। तभी पंकज लोधी ने नशे की हालत में उसे धक्का दे दिया और गाली गलौज करने लगा। पहले तो आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया, लेकिन कुछ देर बाद आरोपी पंकज लोधी अपने 2-3 साथियों के साथ वापस आया और उसकी पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### यार्ड में पलटा गन्ने से भरा ट्रक

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे मिल मार्ग से एक गन्ना भरा ट्रक जैसे टोकन मिल गेट पर पंहुचा तो मिट्टी व धूल के कारण गड्ढे दिखे नहीं दिखे। इस वजह से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं गन्ना सड़क पर भी बिखर गया। गनीमत राहगीर कम और दूर थे मौके पर आस पास के लोगों ने चालक को निकाला। चालाक बलिहार सिंह ने बताया कि गदनिया सेंटर से गन्ना लेकर आया, लेकिनमिल गेट पर मिल प्रशासन की कमी से रास्ते सही न होने के कारण ट्रक का पहिया गड्ढे में चला गया जिससे अनियंत्रित होकर पलट गया।

### रोडवेज बस की टक्कर से युवक की गई जान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फरधान क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बस में फंसी बाइक करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव बिलरिया निवासी श्रीपाल का 19 वर्षीय पुत्र बब्लीश मंगलवार रात करीब आठ बजे फत्तेपुर गांव से बाइक से घर लौट रहा था। पचपेड़वा के पास एक रोडवेज बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक बस में फंस गई और करीब 100 मीटर तक घसीटती चली गई। हादसे में बब्लीश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं बस को भी कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लखीमपुर आने-जाने में जूझ रहे सैकड़ों यात्री

## ट्रेन का इंतजार: ट्रेन न मिलने से दैनिक यात्री परेशान, बढ़ा खर्च और सफर मुश्किल

- मैलानी, गोला व तिकुनियां से आने वालों को होती हैं दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मैलानी-डालीगंज रेलखंड पर ट्रेन संचालन शुरू हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन दैनिक यात्रियों को अभी तक लखीमपुर तक नियमित आवागमन के लिए सुविधाजनक ट्रेन सेवा नहीं मिल पाई है। इससे कोर्ट-कचहरी, विकास भवन और अस्पताल आने-जाने वाले सैकड़ों लोग परेशान हैं और उन्हें अधिक किराया खर्च कर असुविधाजनक यात्रा करनी पड़ रही है।

जिले के मैलानी, गोला, तिकुनियां, पलिया, बांकेगंज, फरधान और बेलरायां जैसे क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग



रेलवे स्टेशन लखीमपुर।

**किराया ट्रेन/बस**

| स्टेशन | ट्रेन | बस |
|---|---|---|
| गोला | 10 | 58 |
| भल्लिया | 10 | 46 |
| रजागंज | 10 | 41 |
| फरधान | 10 | 30 |

जिला मुख्यालय लखीमपुर आते हैं। यात्रियों को उम्मीद थी कि मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर ट्रेन संचालन शुरू होने के बाद उन्हें लखीमपुर तक आने-जाने के लिए पैसेंजर ट्रेन की सुविधा मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। दैनिक यात्रियों की मांग है कि सुबह 9 से 10 बजे के बीच लखीमपुर पहुंचने और शाम 4 से 5 बजे के बीच वापसी के लिए ट्रेन चलाई जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। वर्तमान में ट्रेन सुविधा के अभाव में लोगों को रोडवेज बसों और अन्य साधनों से महंगा और कष्टदायक सफर करना पड़ रहा है। ऐसे में जिलेवासियों ने रेलवे प्रशासन से जल्द ही दैनिक यात्रियों के लिए उपयुक्त ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की है।

**महंगा और कष्टकारी सफर बन रहा मुसीबत**



गोला निवासी अधिवक्ता विवेक अवस्थी बताते हैं कि यात्रा सुविधाजनक होनी चाहिए। भले ही पैसा ज्यादा लग जाए। मगर, रोडवेज बस में रेल से पांच गुने से अधिक 58 रुपये किराया देकर भी खड़े-खडे.यात्रा करनी पड़ती है। गोला से सुबह नौ व दस एवं लखीमपुर से शाम चार से पांच के बीच ट्रेन होने पर मात्र 20 रुपये में आना जाना होगा।



बेलरायां निवासी एवं व्यापारी नेता रमाशंकर पांडेय ने बताया कि छोटी लाइन पर तिकुनिया से पैसेंजर ट्रेन चलती थी, जो लखीमपुर दस बजे तक पहुंच जाती है। क्षेत्र के लोग कम किराए में लखीमपुर पहुंच जाते थे। इसी तरह शाम को भी लोग रात 11 बजे तक वापस आ जाते थे। मगर, अब लखीमपुर आने जाने का मतलब हजार रूपये खर्च होना है।

**सदन में मुद्दा उठा चुके खीरी व धौरहरा सांसद**

सपा से खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा और धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया रेल समस्या को लेकर लोकसभा में मुद्दा उठा चुके है। रेल मंत्री ने इसे संज्ञान भी लिया, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल नजर नहीं आ रही है। उधर, खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा है कि वह जल्द ही इस मामले को लेकर रेल मंत्री से मुलाकात करेंगे, फिरभी दैनिक यात्रियों की सहूलियत के हिसाब से ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं किया गया तो सभी की राय से अगली रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों के सुविधा के लिए ट्रेनों का संचालन बढ़ाया जाना जरूरी है। उधर, धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने भी ट्रेनों के संख्या बढ़ाने जाने के लिए आर पार की रणनीति बनाने की बात कही है।

# सम्मान पाकर भावुक हुईं पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा


पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव को सम्मानित करते पर्यावरण मित्र समूह के पदाधिकारी।

- पार्क को सजाने-संवारने की जिम्मेदारी समूह को सौंपने की भी बात कही

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे पर्यावरण मित्र समूह के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव भावुक हो गईं। अपने निवास पर हरियाली मित्र सम्मान प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा, निश्चित ही पर्यावरण मित्र समूह अद्भुत और अद्वितीय कार्य कर रहा है। आप सभी सम्मान के योग्य हैं। समय-समय पर आप लोगों को सम्मानित कर मैं स्वयं को भी सम्मानित महसूस करती हूं। आज सम्मान प्राप्त कर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है, मेरे पास अपने भाव व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं।

डॉ. श्रीवास्तव ने समूह के कार्यों और गतिविधियों की सराहना करते हुए जल्द ही नगर पालिका परिषद द्वारा पंजाबी कॉलोनी में विकसित किए जाने वाले पार्क को सजाने-संवारने की जिम्मेदारी समूह को सौंपने की बात भी कही। इससे पूर्व पालिकाध्यक्ष की पौत्री काव्या ने पर्यावरण मित्रों और परिवारजनों की उपस्थिति में पौधारोपण किया। नवरात्रि के अवसर पर चलाए जा रहे धरा को हरा-भरा बनाने के अभियान में यह एक प्रेरणादायक पहल रही।

पर्यावरण मित्र समूह की उपाध्यक्ष (प्रबंधन) मयूरी नागर एवं प्रबंध समिति की वरिष्ठ सदस्य सुमन श्रीवास्तव ने डॉ. इरा श्रीवास्तव को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें घर और छत को हरा-भरा बनाने और हरियाली अभियान में निरंतर सहयोग के लिए प्रदान किया गया। इस मौके पर समूह के अध्यक्ष विशाल सेठ, उपाध्यक्ष (प्रबंधन) मयूरी नागर, उपाध्यक्ष (प्रचार-प्रसार) राम मोहन गुप्त, कोषाध्यक्ष रश्मि महेंद्रा, प्रबंध समिति सदस्य सुमन श्रीवास्तव, सपना कक्कड़, कुमकुम गुप्ता, कपिल श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, विनय मौर्य आदि मौजूद रहे।

# महाअष्टमी-नवमी पर खास संयोग: आज कन्या पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कल होगा हवन और राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी और नवमी तिथियों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। देवकली स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम के महंत प्रमोद दीक्षित के अनुसार, 25 मार्च की शाम 4 बजकर 30 मिनट से अष्टमी तिथि प्रारंभ हो गई, जो 26 मार्च को दोपहर 2 बजकर 15 मिनट तक रहेगी। इस कारण महाअष्टमी व्रत, पूजन-अर्चन और हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान गुरुवार को विधि-विधान से संपन्न किए जाएंगे। मंदिरों और घरों में माता दुर्गा की विशेष आराधना, दुर्गा सप्तशती का पाठ तथा हवन की तैयारियां जोरों पर हैं।

वहीं, कुमारिका पूजन, अर्चन और कन्या भोज (कुमारी खिलाने) का शुभ कार्य शास्त्रों के अनुसार गुरुवार को ही करने का विधान बताया गया है। श्रद्धालु बालिकाओं को माता का स्वरूप मानकर उनका पूजन कर रहे हैं और उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसके बाद 27 मार्च, शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 02 मिनट तक नवमी तिथि रहेगी। इस दिन श्रीराम नवमी का पर्व मनाया जाएगा।


महंत प्रमोद दीक्षित

मध्यान्ह काल में कर्क लग्न में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। मंदिरों में विशेष सजावट, भजन-कीर्तन और झांकियों का आयोजन होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि जो श्रद्धालु पूरे नवरात्रि व्रत का पालन कर रहे हैं, उनके लिए महानवमी व्रत गुरुवार को ही करने का शास्त्रोक्त विधान है। वे भगवती सिद्धिदात्री (महालक्ष्मी) का पूजन, हवन आदि अनुष्ठान संपन्न कर 12 बजकर 02 मिनट के बाद व्रत का पारण कर सकते हैं। नवरात्रि के अंतिम चरण में शहर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। हर ओर भक्ति, श्रद्धा और उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है। श्रद्धालु माता रानी की आराधना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं।

# आंगनबाड़ी भर्ती में 1265 को मिली नौकरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिले में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शासनादेश के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित छह सदस्यीय चयन समिति ने 16 बाल विकास परियोजनाओं में चयन प्रक्रिया संपन्न कराई।

भर्ती के लिए 10 नवंबर को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिनकी अंतिम तिथि 1 दिसंबर निर्धारित थी। कुल 1406 पदों के सापेक्ष 12,925 आवेदन प्राप्त हुए। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सभी आवेदनों का परीक्षण कर वरीयता सूची तैयार की गई। इसके बाद प्रथम एवं द्वितीय वरीयता के अभ्यर्थियों का भौतिक सत्यापन 27 जनवरी से 21 फरवरी तक विकास भवन में कराया गया।

सत्यापन के उपरांत चयन समिति ने प्रथम वरीयता के आधार पर 1265 आंगनबाड़ी सहायिकाओं का चयन किया, जिसे जिलाधिकारी की स्वीकृति के बाद अंतिम रूप दिया गया। हालांकि, 141 केंद्रों पर आवेदन न मिलने, आरक्षण के अनुरूप पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने अथवा योग्यता पूरी न होने के कारण चयन नहीं हो सका, जिससे ये पद अभी भी रिक्त हैं।

### घात लगाकर युवक पर किया हमला

**निघासन, अमृत विचार :** थाना निघासन क्षेत्र में गांव महुआ निवासी तरुण तिवारी ने बताया कि रात करीब 9 :30 बजे वह अपने मित्र के घर से वापस लौट रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे प्रहलाद पांडेय, प्रमोद पांडेय, विशाल और राहुल मिश्रा ने उसे रोक लिया। आरोपी नशे की हालत में थे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। हमले के दौरान आरोपियों ने तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच एसआई अर्जुन कुमार को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### वाहन की टक्कर से ठेलिया चालक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** मोहल्ला बुखारी टोला निवासी अनीस (55) मंगलवार रात करीब 10 बजे ठेलिया चलाकर घर लौट रहे थे। खीरी रोड स्थित चोरही बाग के पास वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# ऐतिहासिक चैती मेला की तैयारियां तेज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला 28 मार्च से शुरू होने जा रहा है। 26 मार्च गुरुवार को मेला मैदान स्थित नगर पालिका के अस्थायी कार्यालय का उद्घाटन होगा, जहां से मेले की सभी प्रशासनिक गतिविधियां संचालित होंगी। सुरक्षा, दुकान आवंटन, साफ़ सफाई की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

इस बार मेले के उद्घाटन से पहले ही नगर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का कोड मिल गया है। मेले में लग रहे विभिन्न प्रकार के झूले और मौत का कुआं आकर्षण का केंद्र होगा।

नगर पालिका कार्यालय मेला अवधि के दौरान सुचारू संचालन के लिए मेला मैदान स्थित कार्यालय से ही नगर पालिका काम करेगी। आज गुरुवार को हवन, पूजन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यालय का उद्घाटन होगा। अधिकांश दुकानदारों को स्थान आवंटित कर दिया गया है। मेले में सुरक्षा के लिए अस्थायी कोतवाली, चिकित्सीय व्यवस्थाओं के लिए मेडिकल कैंप आदि भी स्थापित किए जा रहे हैं।


गोला के मेला मैदान में लग रहा मौत का कुआं। ● अमृत विचार

- नगर पालिका के अस्थायी कार्यालय का उद्घाटन आज

इस वर्ष भी नगर पालिका की ओर से सांस्कृतिक मंच पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों सहित अन्य प्रतिभाओं को हुनर को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। नगर सहित दूर दराज के लोगों को वर्ष भर चैती मेले का इंतजार रहता है। जिसे लेकर उत्साह है। बच्चों, युवाओं के मनोरंजन के लिए मेले में तमाम प्रकार के झूले, मौत का कुआं, स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें महिलाओं, युवतियों के लिये सौंदर्य प्रसाधन आदि लग रही है।

### 22 से 3 फीडरों पर 24 घंटे हो रही सप्लाई

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के अनुरोध पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की संस्तुति पर मेला शुरू होने से पहले ही 22 मार्च रविवार की रात से नगर के तीन फीडरों मेला परिक्षेत्र फीडर, फीडर नंबर चार और शिव मंदिर क्षेत्र के फीडर नंबर एक पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का कोड मिल जाने से आपूर्ति बहाल हो गई है। इस वर्ष ऐतिहासिक चैती मेला के लिए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा 40 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है, जिससे मेले की भव्यता, विभिन्न व्यवस्थाएं और बेहतर दिखेंगी।

### शाम होते ही बिजली की सजावट से जगमगा रही छोटी काशी

मंगलवार की देर शाम से अशोक चौराहे से अंबेडकर तिराहे तक बिजली की झालर जगमग हो रही है। नगर के सभी प्रमुख मार्गों लखीमपुर रोड, मोहम्मदी रोड, अलीगंज रोड, खुटार रोड पर रोड लाइट्स लगाई गई हैं। शाम होते ही बिजली की चकाचौंध से भर रोशनी देखने लायक होती है।



अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# बाघ-तेंदुआ के आतंक के साए में जी रहे लोग

## महेशपुर रेंज की आंवला और बिलहरी बीट में बाघ और तेंदुआ की काफी समय से फैली है दहशत

● वन विभाग कांबिंग के नाम पर कर रहा केवल खानापूर्ति

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचारः** महेशपुर रेंज की आंवला और बिलहरी बीट में बाघ और तेंदुआ का काफी समय से आतंक है। ग्रामीण खेतों की ओर जाने में डर रहे हैं। यहां तक कि बाघ और तेंदुआ की आवाजाही आबादी तक होने से बच्चों बुजुर्गों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

बिलहरी बीट के कोटखेरवा गांव में सात मार्च को बकरी चराने गई राजप्रभा को बाघ ने घायल कर बकरी का शिकार के बाद कार्यवाही केवल कैमरों तक सीमित रही। आंवला बीट के गांव नंदलालपुर में 16 मार्च को मनोज को मौत के घाट उतारने वाले बाघ की अभी तक वन विभाग के कर्मचारियों को लोकेशन तक नहीं मिल पाई है, जबकि खेतों में आठ कैमरे और दो पिंजड़े लगाये गये हैं। 19 मार्च को कोटवारा में तेंदुए ने खेत में चर रही एक बकरी को निवाला बनाया। 24 मार्च को कपरहा में गन्ने के खेत में बैठा बाघ देख लोगों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के कर्मचारी बाघ को पकड़ने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं और न ही विभाग के पास ऐसी कोई योजना है, जिससे आने वाले समय में मानव वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सके। ऐसी भयावह स्थिति में ग्रामीणों का गुस्सा बिल्कुल जायज है, जिसे गोला विधायक अमन गिरि ने भी स्वीकारा है। अकारण होने वाली इंसानी मौतें वन्यजीवों के लिए भी बड़ा खतरा बन रही हैं।


बिलहरी बीट के खेतों में कांबिंग करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

"नंदलालपुर में मनोज को मौत के घाट उतारने वाला बाघ इतना चतुर है कि क्षेत्र में आठ कैमरे और दो पिंजड़ा लगाने के बाद भी बाघ न तो पिंजड़े के पास आ रहा है और न ही कैमरों में उसकी तस्वीर मिल रही है। तीन टीमें निरंतर दिन रात कांबिंग कर रही है। उम्मीद है कि शीघ्र ही कामयाबी मिलेगी। –**निर्भय प्रताप शाही**, वन क्षेत्राधिकारी, महेशपुर।


कोटखेरवा गांव निवासी नितिन कुमार बताते हैं कि उनके यहां हर दिन बाघ का खौफ बना रहता है। एक दो दिन के अंतराल पर बाघ बकरियों को निवाला बना लेता है। वन विभाग वाले केवल देखकर चले जाते हैं।


नन्दलालपुर निवासी संतोष पाल ने बताया कि गांव के पास बाघों का कुनबा टहलता देखा जा रहा है। मनोज की मौत से पूरा गांव बाघ की दहशत में जी रहा है। ग्रामीण इतने डरे हैं कि खेतों की ओर जाने से कतराते हैं।


कोरैया गांव निवासी किसान लेखराम कहते हैं कि खेतों में जाने से डर लगता है। जान जोखिम में डाल कर गन्ना छिलाई कर रहे हैं। जंगल के अधिकारी सूचना पर आते हैं, केवल ग्रामीणों को सलाह देकर चले जाते हैं।


अजान गांव निवासी रमेशचंद्र गुप्ता ने बताया कि काफी समय से बाघों की मौजूदगी है, घटनाएं भी हुई हैं। वन विभाग घटना के बाद कुछ गश्त करता है, उसके बाद सबा सामान्य हो जाता है। समुचित उपाय नहीं किया है।


कपरहा गांव निवासी जगत नरायण शुक्ला बताते हैं कि गांव के इर्द गिर्द बाघ काफी समय से देखा जा रहा है। पिछले वर्ष बाघ ने बकरियों का शिकार भी किया था, मजदूर खेतों में काम करने से डर रहे हैं। खेतीबाड़ी का काम प्रभावित है।

# किताब में एंट्री, फिर भी नहीं मिला सिलेंडर

संवाददाता, संपूर्णानगर

● बुकिंग के बाद भी उपभोक्ता परेशान, ब्लैक में सिलेंडर बेचे जाने की आशंका

**अमृत विचारः** क्षेत्र में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच भारत गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि किताब पर सिलिंडर की एंट्री होने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है, जिससे धांधली की आशंका जताई जा रही है।

सेमरी गांव निवासी गैस उपभोक्ता राम नारायण ने आरोप लगाया कि उन्होंने दो मार्च को एजेंसी पर सिलेंडर बुक कराया और उसकी इंट्री भी उनकी किताब में कर दी गई, लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। एजेंसी द्वारा उन्हें 45 दिन बाद सिलेंडर मिलने की बात कही गई। राम नारायण का कहना है कि इससे पहले 30 जनवरी को भी उन्होंने सिलिंडर लिया था, जिसकी एंट्री किताब में दर्ज है। ऐसे में मार्च माह में बुक हुआ सिलेंडर आखिर कहां गया, यह बड़ा सवाल है। उपभोक्ताओं में चर्चा है कि कहीं किताब में एंट्री करने के बाद सिलेंडर ब्लैक में तो नहीं बेचे जा रहे हैं। क्षेत्र में गैस की किल्लत के चलते उपभोक्ता पहले ही परेशान हैं, ऐसे में इस तरह के आरोपों ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।

स्थानीय लोगों ने एजेंसी की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उधर, एजेंसी संचालक विकास ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि पहले लोग बिना किताब के ही सिलिंडर ले जाते थे। यदि किताब पर बुकिंग दर्ज है, तो सिलिंडर भी दिया गया होगा। भारत गैस के बिक्री अधिकारी सुदीप शर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं की। ऐसे में मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है।

# कर्ज के बोझ तले दबे किसान ने खाया जहर, मौत

संवाददाता, धौरहरा

● परिजनों ने बैंक के दबाव को बताया वजह
● प्रशासन बोला जांच के बाद होगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के कफारा गांव में एक छोटे किसान की इलाज के दौरान मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों ने बैंक कर्ज के दबाव में आकर जहर पीने का आरोप लगाया है।

गांव निवासी श्यामू कश्यप (45) पर एलडीबी बैंक शाखा धौरहरा का करीब 2 लाख 97 हजार रुपये कर्ज था। परिजनों के अनुसार, बैंक अधिकारियों द्वारा लगातार कर्ज जमा करने का दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे। इसी तनाव में आकर उन्होंने रविवार को विषाक्त पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें पहले सीएचसी रमियाबेहड़ ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल लखीमपुर और फिर गंभीर स्थिति में लखनऊ रेफर किया गया। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव घर ले आए और शाम को अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के पुत्र अमित कश्यप और भाई रामू कश्यप ने कर्ज के दबाव को ही घटना की मुख्य वजह बताया है। घटना की सूचना पर सपा नेता वरुण यशपाल चौधरी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देते हुए मामले की जांच और कर्ज माफी की मांग की।

"खातेदार पर कर्ज पुराना है, मेरी ओर से कोई दबाव नहीं बनाया गया। – **विजय कुमार वर्मा**, शाखा प्रबंधक।

पोस्टमार्टम नहीं हुआ है, कारण स्पष्ट नहीं है, जांच कराई जाएगी। –**शशिकांत मणि**, एसडीएम धौरहरा।

# चंडीगढ़ जाने को निकली महिला लापता

**केशवापुर, अमृत विचारः** थाना हैदराबाद क्षेत्र की अज़ान चौकी के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी अजान में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी बेटी प्रियंका को उसके पति प्रमोद कुमार के साले के साले सुधाकर पुत्र रामबिलास निवासी गांव देवकली बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। प्रियंका अपने साथ बेटा अमन (3) और करीब 30 हजार रुपये लेकर ससुराल से निकली थी। अपने दो बच्चों राखी और अमन के साथ चंडीगढ़ में मजदूरी कर जीवनयापन कर रहे पति और पत्नी दवाई लेने के लिए चंडीगढ़ से अपने छोटे बच्चे अमन को साथ लेकर आई थीं। दवाई लेने के बाद 12 मार्च को वह चंडीगढ़ वापस जाने की बात कहकर निकली, अगले दिन वह चंडीगढ़ नहीं पहुंची तब खोजबीन की गई। पिता ने सुधाकर पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। साजिश में सुधाकर का भाई सूरज भी शामिल है। पीड़ित पिता ने चौकी प्रभारी अजान को तहरीर देकर बहू व पोते को बरामद करने तथा सुधाकर व सूरज पर कार्रवाई की मांग की है।

# तैलिक समाज ने दिखाई राजनीतिक एकजुटता


पंडाल में बैठे समाज के लोग। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैगलगंज

● होली मिलन में उमड़ी भीड़, मेधावियों का सम्मान और चुनावी समर्थन का ऐलान

**अमृत विचारः** तैलिक समाज का होली मिलन एवं संवाद कार्यक्रम इस बार शक्ति प्रदर्शन के रूप में सामने आया। मैगलगंज स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग जुटे और राजनीतिक एकजुटता का मजबूत संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर रहे। उनके पहुंचने पर स्वागत किया गया और गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत गीत और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं, मंच से समाज के लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी भूमिका स्पष्ट करते हुए मोहम्मदी सीट से युवा भाजपा नेता अनिल राठौर के समर्थन का ऐलान किया। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में तैलिक समाज की बड़ी आबादी है, जो चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुट होकर राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और अपने अधिकारों के लिए संगठित रहने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि राकेश राठौर ने युवाओं की भागीदारी को समाज की ताकत बताते हुए उन्हें राजनीति और सामाजिक कार्यों में आगे आने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि शेर सिंह राठौर ने भी समाज की बढ़ती जागरूकता और एकजुटता को समय की मांग बताया। कार्यक्रम का संचालन अनिल राठौर एवं अमित राठौर ने किया।

इस अवसर पर श्रीपाल राठौर, अजय पाल राठौर, केशव राम राठौर, हंशराम राठौर, दिनेश जायसवाल, मुकेश राठौर, दिनेश राठौर, मेवाराम राठौर, भूपेंद्र मोदी, धमेन्द्र मोदी, आशाराम साहू, शेर सिंह राठौर, राधेश्याम राठौर, छेदालाल राठौर, अरुण राठौर, राजीव राठौर, संजय राठौर, रामरतन राठौर, साहब लाल राठौर, महेंद्र राठौर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# गेहूं की एमएसपी पर किसान संतुष्ट नहीं

संवाददाता, मूड़ा सवारान

● प्रदेश सरकार ने एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल की तय
● खाद, बीज, दवाइयां, डीजल और मजदूरी हुई महंगी

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने गेहूं खरीद नीति को मंजूरी देते हुए 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय की है। जो पिछले साल के गेहूं के दाम से 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इसी के साथ किसानों को उतराई, सफाई और छनाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने का निर्णय लिया है। किसानों का कहना है कि बढ़ती महंगाई खाद, बीज, डीजल, मजदूरी की लागत में इजाफा हो रहा है, ऐसे में यह बढ़ोतरी उनकी लागत की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं है।

किसान नेताओं और किसानों का कहना है कि खेती लागत तेजी से बढ़ रही है। गेहूं की फसल तैयार करने में इस बार लागत पहले के मुकाबले काफी अधिक आई है। डीजल के दाम, उर्वरकों की कीमत, मजदूरी और सिंचाई खर्च बढ़ने से खेती करना महंगा हो गया है। किसानों का कहना है कि सरकार को एमएसपी में और बढ़ोतरी करनी चाहिए ताकि फसल का उचित दाम मिल सके।

कुछ किसानों ने कहा कि बारिश और तेज हवा के कारण कई जगह गेहूं खेतों में गिर गया है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में कम एमएसपी किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। किसानों ने मांग की है कि सरकार लागत और मुनाफे को ध्यान में रखते हुए एमएसपी में और वृद्धि करे, साथ ही खरीद प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाए। बुवाई से लेकर कटाई तक खर्च बढ़ा है ऐसे में यदि एमएसपी में पर्याप्त बढ़ोतरी नहीं होगी तो किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा।


गेहूं पर इतनी बढ़ोतरी ऊंट के मुंह में जीरा समान है। देश का किसान आज भी अपनी फसल का सही मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। अगर सरकार सच में किसानों के हित में काम करना चाहती है तो एमएसपी को मजबूत और प्रभावी बनाना होगा। –**दिलबाग सिंह संधू**, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन संगठन (टिकैत)।


खाद, बीज, दवाइयां, मजदूरी दिनों दिन महंगी होती जा रही हैं। सरकार ने गेहूं के दाम मात्र 160 रुपए बढ़ाए हैं, जो लागत के हिसाब से बहुत ही कम हैं। महंगाई के सापेक्ष किसानों की लागत और मेहनत को ध्यान में रखते हुए सरकार को और वृद्धि करनी चाहिए। – **कृष्ण कुमार यादव**, महासचिव राष्ट्रीय गरीब मजदूर किसान पार्टी।

# सीएचसी में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण आरंभ

संवाददाता, मूड़ा सवारान

● किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान

**अमृत विचारः** बिजुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ मंगलवार को पूर्व पीएचडब्ल्यू राजकुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, डॉक्टरों और कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) का प्रमुख कारण बन सकता है। इस वैक्सीन के लगने से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसलिए सरकार द्वारा किशोरियों के लिए यह विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। लोगों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जानकारी देकर किशोरियों को समय पर टीकाकरण कराने के लिए जागरूक किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र की पात्र किशोरियों को चरणबद्ध तरीके से यह वैक्सीन लगाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी से अपील की कि वे अपनी बेटियों को समय पर टीका लगवाएं और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। सीएचसी प्रभारी डॉ. सुभाष वर्मा, बीपीएम राकेश वर्मा सहित कई स्वास्थ्य कर्मी और एएनएम मौजूद रहीं।

# कैंडिल मार्च निकाल जताया फरसा बाबा हत्याकांड पर रोष


पलिया में कैंडिल मार्च निकालते हिंदू संगठनों से जुड़े युवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** गो रक्षक चिंटू पुरी के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के युवाओं ने मंगलवार शाम नगर में कैंडिल मार्च निकालकर मथुरा के फरसा बाबा हत्याकांड पर आक्रोश जताया। यह मार्च श्री रामलीला मेला मैदान से शुरू होकर पुलिस चौकी चौराहे तक शांतिपूर्वक और मौन रहकर निकाला गया।

कैंडिल मार्च में शामिल युवाओं ने बताया कि मथुरा के संत फरसा बाबा चंद्रशेखर महाराज की आत्मा की शांति के लिए यह मार्च आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धांजलि अर्पित कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई। इस मौके पर गौ रक्षक चिंटू पुरी के अलावा हिंदू युवा वाहिनी के जिला संगठन मंत्री राजकुमार राठौर, बजरंग दल के सोनू यादव सहित लकी कुमार, प्रहलाद, राहुल सिंह, हैप्पी तिवारी, अमित सिंह और संजय राठौर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

# विधायक रोमी ने छात्राओं को बांटी ड्रेस

संवाददाता, पलिया कलां


गोबरौला विद्यालय में छात्राओं को वस्त्र वितरित करते विधायक रोमी साहनी।

● छात्राओं ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश वनवासी सेवा संस्थान द्वारा संचालित पूज्य ठक्कर बापा आवासीय बालिका विद्यालय, गोबरौला में अतिथि समागम एवं ड्रेस वितरण कार्यक्रम का किया। मुख्य अतिथि पलिया विधायक रोमी साहनी एवं विशिष्ट अतिथि चंदनचौकी के प्रधान मुकेश बंसल रहे।

कार्यक्रम का आरंभ विधायक रोमी साहनी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने इस अवसर पर दिल्ली से लाए गए वस्त्र छात्राओं को वितरित किए। साथ ही स्मार्ट क्लास का अवलोकन करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा समय की प्रमुख आवश्यकता है, जिससे बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होगी। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में संचालित विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना भी की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अकाउंटेंट लखपति सिंह ने किया। इस मौके पर अभिनव मिश्रा, डिंपल शर्मा, रिंटू शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में वार्डन मधु सिंह, शिक्षक रामप्रकाश, रामबाबू, शिक्षिका रामदुलारी, आशा, सरोजनी आदि का योगदान रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल

**रोशननगर/बिलहरी, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव जमुनहां निवासी शानू देवी पत्नी पप्पू वर्मा को बुधवार सुबह मामूली कहासुनी पर गांव के शिवम वर्मा उर्फ चीकू, सत्यम वर्मा ने लाठी-डंडों से मारा पीटा, जिससे उसके हाथ मे चोट आई। परिजनों ने दोनों भाइयों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कार्यवाहक थाना प्रभारी संतपाल सिंह राठौर ने बताया कि महिला को मेडिकल के लिए गोला सीएचसी भेजा था, जहां डॉक्टर ने फ्रैक्चर की शंका में एक्सरे कराने के लिए ट्रामा सेंटर ओयल भेजा है। बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फरधान क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे तीन युवकों की बाइक को वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर घायल हो गए। गांव गौरिया निवासी पिंकू का 20 वर्षीय पुत्र सचिन मंगलवार शाम करीब सात बजे अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से मैनहा गांव जा रहा था। राजापुर ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों का इलाज जारी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

## गैस सिलेंडर लेकर वापस जा रहे थे दोनों, सिंगाही-बेलरायां मार्ग पर सिद्ध बाबा के पास हुआ हादसा

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचारः** थाना सिंगाही क्षेत्र में बुधवार दोपहर सिंगाही-बेलरायां मार्ग पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी निघासन भेजा, जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हालत गंभीर होने पर दूसरे घायल को पहले जिला अस्पताल फिर लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। गांव तकियापुरवा निवासी प्रहलाद सिंह (31) अपनी पत्नी के ननिहाल लालापुर में मुंडन समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान वह अपने परिचित सचिन (22) के साथ गैस सिलिंडर लेने सिंगाही बाजार गए थे। वापसी के दौरान जैसे ही उनकी बाइक बेलरायां मार्ग पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास पहुंची। इसी बीच सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े।


सीएचसी निघासन में बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

बाइक और गैस सिलेंडर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हेलमेट न होने के कारण प्रहलाद के सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं, जबकि सचिन के सिर और पैर में गहरी चोट लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से निघासन सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्रहलाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सचिन की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में हालत में कोई सुधार न होता देख डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मुंडन संस्कार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं।

प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि हादसे के बाद पुलिस टीम ने मौके का मुआयना किया है। अज्ञात चालक वाहन समेत फरार है, जिसकी तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे से मृतक के घर में कोहराम मच गया। मुंडन संस्कार की खुशियां पल भर में काफूर हो गई।

## वाहन ने स्कूटी सवार मां-बेटी को रौंदा, मौके पर हुई मौत

**निघासन, अमृत विचार :** पढ़ुआ थाना क्षेत्र में बुधवार को अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार मां-बेटी को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बुद्धापुरवा गांव निवासी भोला देवी (45) पत्नी रवि प्रकाश अपनी 18 वर्षीय पुत्री शिवानी के साथ स्कूटी से ढखेरवा चौराहा स्थित एक बैंक में काम से गई थीं। दोनों ने बैंक का काम निपटाने के बाद घर के लिए वापसी शुरू की थी। परिजनों को क्या पता था कि यह उनकी आखिरी यात्रा साबित होगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही वे गांव की ओर लौट रही थीं। तभी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरीं। इसके बाद वाहन चालक उन्हें कुचलता हुआ फरार हो गया। इससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना के बाद आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पढ़ुआ थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा और ढखेरवा चौकी इंचार्ज भूपेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना जैसे ही परिजनों तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया।


मृतका भोला देवी


मृतका शिवानी

● **सीसीटीवी और टूटे बंपर से वाहन की तलाश में जुटी पुलिस**

परिजन मौके पर पहुंचकर रोते-बिलखते रहे। मां-बेटी की एक साथ मौत से पूरे गांव में गहरा शोक छा गया है। ग्रामीणों की आंखें नम हैं और हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध है।

पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही घटनास्थल पर मिले वाहन के टूटे बंपर के टुकड़ों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक को चिन्हित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली हैं।

## आग से तीन घर राख गाय-बछड़ा जलकर मरे

संवाददाता, सिंगाही

● **समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड ग्रामीणों में रोष**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के शीतलापुर गांव में बुधवार शाम करीब सात बजे अचानक लगी भीषण आग ने पूरे गांव में अफरा-तफरी मचा दी। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते तीन घर जलकर राख हो गए। हादसे में एक गाय और एक बछड़ा जिंदा जल गए।

गांव निवासी मेलाराम के घर में अज्ञात कारणों से आग लगी। देखते ही देखते लपटें इतनी तेज हो गईं कि पास के नंदलाल और विशंभर के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयावह थी कि घरों में रखा पूरा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण बाल्टियों और अन्य साधनों के जरिए आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

हादसे में नंदलाल की एक गाय और एक बछड़ा भी आग की चपेट में आकर जल गए। घटना के काफी देर बाद तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने और घटना की जांच कराए जाने की मांग की है।




**सूचना**
हमने अपने पुत्र रिंकू राठौर व पुत्रवधू पूनम को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिय है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शकुन्तला देवी पत्नी श्री दरबारी लाल दरबारी लाल पुत्र श्री इन्द्रपाल निवासी बनखण्डी नाथ मन्दिर के पास जोगीनवादा बारादरी थाना क्षेत्र जिला बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र सर्वेश कुमार को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामपाल सिंह पुत्र प्रीतम लाल निवासी ग्राम बेबेल बरकतपुर तह. फरीदपुर जिला बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मो. फ़ैज़ान को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **जागीर हुसैन पुत्र तकदीर हुसैन नि. महेशपुर थाना सी. बी.गंज, बरेली**

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5,6,7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**RAM MURARI PUBLIC SCHOOL (SEN. SEC.)**
Meeranpur Katra, Shahjahanpur
*We are hiring*
- *PGT Physics*
- *PGT English*
- *Primary Teacher's*

Interested candidates may send their resume on
*rammuraripublicschool@gmail.com or 6398020476*

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पिंजरे में पूरी रात दहाड़ता रहा पकड़ा गया तेंदुआ

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** मझगईं रेंज के बेला कलां गांव में मंगलवार को पकड़ा गया तेंदुआ वन रेंज परिसर में पिंजरे के अंदर पूरी रात दहाड़ता रहा।

जंगल से निकलकर गांव के आसपास घूम रहे इस तेंदुए ने अब तक करीब आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया था, जबकि एक दर्जन से अधिक गौवंशीय पशुओं और कई कुत्तों को शिकार बना चुका था। वन विभाग द्वारा कई बार पिंजड़े और कैमरे लगाए गए, लेकिन हर बार तेंदुआ चकमा देकर बच निकलता रहा। मंगलवार को तेंदुए ने एक बार फिर मजदूरों पर हमला कर दिया, जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने उसे घेर लिया। बताया जाता है कि तेंदुआ डिबरी तालाब के पास एक पुलिया के नीचे छिप गया था, जहां से निकलकर वह केले के पेड़ों में जा छिपा, लेकिन घायल होने के कारण भाग नहीं सका। इसी दौरान बब्लू और नरेश समेत ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए उसे दबोच लिया और रस्सी से बांध दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने तेंदुए को अपने कब्जे में लेकर पिंजड़े में बंद किया और मझगई रेंज ले आए। जहां वह पूरी रात और अगले दिन तक पिंजड़े में बंद रहा। इस दौरान उसकी दहाड़ से आसपास के लोग सहमे रहे।


पिंजरे में कैद तेंदुआ। ● अमृत विचार

● **ग्रामीणों ने घेरकर दबोचा था, महीनों से फैला रखी थी दहशत**

वन क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि तेंदुए को आब्जर्वेशन में रखा गया है और खाने के लिए मटन दिया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार गुरुवार को उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

## दहेज के लिए महिला की हत्या का आरोप

संवाददाता, धौरहरा

● **मायके पक्ष ने लगाया जहर का इंजेक्शन देने का आरोप**


मृतका यासमिन।

**अमृत विचारः** कस्बे के मोहल्ला इज्जतनगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने पति पर दहेज के लिए जहर का इंजेक्शन देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मृतका यासमिन बानो का निकाह करीब 22 माह पहले श्रावस्ती जनपद के जमुनहा बाजार निवासी अकरम से हुआ था। परिजनों के अनुसार, शादी में सोना, नकदी सहित करीब दस लाख रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। मृतका के भाई फुरकान सिद्दीकी का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर यासमिन को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी पति ने जहर का इंजेक्शन देकर उसकी हत्या कर दी। बताया गया कि ससुराल पक्ष ने पहले बीमारी की सूचना दी और इलाज के बहाने इधर-उधर ले जाने की बात कही। मंगलवार शाम जब परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है। थानाध्यक्ष रविंद्र सोनकर ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, दो घायल

**फूलबेहड़, अमृत विचारः** भीरा-पलिया मार्ग पर बुधवार शाम एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब अचानक सड़क पर बकरियों का झुंड आ जाने से श्रद्धालुओं से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार श्रद्धालु पड़रिया तुला थाना भीरा से शारदा नगर बालाजी दर्शन कर वापस लौट रहे थे। शाम करीब 5:30 बजे जैसे ही ट्रैक्टर शाश्वत ग्रीन सिटी अंदेश नगर गेट के सामने पहुंचा, अचानक सड़क पर बकरियों का झुंड आ गया। बकरियों को बचाने के प्रयास में चालक रमन पुत्र राजाराम ने ट्रैक्टर को सड़क से नीचे उतार दिया, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के दौरान ट्रॉली में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। इस दुर्घटना में गोपीराम पुत्र विनोद कुमार निवासी किशुनपुर थाना मैलानी और सरजू पुत्र रामस्वरूप निवासी पड़रिया तुला थाना भीरा को हल्की चोटें आईं।

दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ भेजा गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना के बाद ट्रैक्टर को सड़क किनारे हटवा दिया गया। हादसे के चलते कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, हालांकि चालक की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।






न्यूज ब्रीफ

### तीन बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय में चयन

**फूलबेहड़, अमृत विचार :** क्षेत्र के बसेगापुर स्थित तेज रसीला स्कूल के तीन होनहार छात्र-छात्राओं का अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में अग्रिमा पुत्री मीनाक्षी), एकता राज पुत्री प्रमोद कुमार और अनुराग कुमार पुत्र दिनेश कुमार) शामिल हैं। खास बात यह है कि एकता राज का चयन आश्रम पद्धति के तहत हुआ है, जो विद्यालय के लिए और भी गौरव का विषय है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिवेदी ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन को दिया। उन्होंने बताया कि सभी चयनित छात्र-छात्राएं शुरू से ही मेहनती और अनुशासित रहे हैं, जिसका परिणाम आज इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है। अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर खुशी जताते हुए विद्यालय के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गजरौला पुलिस की एसपी से शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गजरौला क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर पटपरा के निवासी रुपलाल पुत्र बालकराम ने एसपी कार्यालय में की गई शिकायत में बताया कि उसकी पुत्री औरदामाद के बीच विवाद चल रहा है। इसके चलते 21 मार्च को दोपहर 12 बजे ग्राम महुआ निवासी प्रधान वीरबल ने समझौते के उद्देश्य से थाना गजरौला गए थे। आरोप है कि गजरौला पुलिस ने 40 हजार रुपये की मांग की। रुपये देने से मना किया तो अभद्रता की गई। प्रधान को अपशब्द कहे व मारपीट की। एक मुकदमा दर्ज करने के साथ ही प्रधान का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

### श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की

**रोशननगर।** कस्बे में हो रही श्री शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन यज्ञाचार्य पंडित अशोक तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर यज्ञ मंडप मे आहुतियां डलवाई और सुख समृद्धि के लिए यज्ञ कराया। रासलीला में कलाकारों ने राधा कृष्ण के प्रेम की लीलाएं दिखाईं। महायज्ञ में रोशन नगर, बाबरपुर, रामपुर, कैमा, जमुनहां अंबरपुर आदि कई गाँवों के श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर माता रानी के दर्शन किए। वृंदावन के रासलीला कलाकारों ने श्रीकृष्ण राधा की झांकी व बाल लीलाओं का मंचन किया। गोवर्धन की लीला खेलकर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया।

# यूजीसी बिल समाप्त नहीं हुआ तो होगा राष्ट्रव्यापी आंदोलन



सम्मेलन को संबोधित करते सुरेश बाबू मिश्रा। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बीसलपुर**

● **सवर्ण समाज के सम्मेलन में जुटी भीड़**

**अमृत विचारः** नगर के एक बरात घर में बुधवार को अखिल भारतीय सवर्ण सभा का सम्मेलन हुआ। इसमें सरकार पर निशाना साधा गया। यूजीसी कानून को समाप्त न किए जाने पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया गया। पीलीभीत की जिला इकाई का गठन भी किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में सवर्ण समाज सुरक्षित नहीं है। समाज के लोगों पर बड़े पैमाने पर अत्याचार हो रहे हैं। यूजीसी कानून लागू कर सरकार ने स्वर्ण समाज को गहरा घाव दिया है। यह कानून वापस नहीं हुआ तो पूरे देश में आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने सवर्ण आयोग का गठन किए जाने व एससीएसटी कानून को हटाए जाने की मांग की। युवा विकास संगठन के अध्यक्ष नितिन पाठक ने कहा कि सवर्ण समाज देश की सबसे बड़ी ताकत है। सभी को संगठित रहने का संकल्प लेना चाहिए।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू शर्मा ने संगठन को मजबूत बनाने का सुझाव दिया। जिला इकाई की घोषणा की गई। जिसमें अनुपम दीक्षित एडवोकेट जिलाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ में रामलखन शुक्ला जिलाध्यक्ष, रामेंद्र गोस्वामी जिला महामंत्री, सुमित गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, अटल बिहारी मिश्रा जिला मंत्री, कल्याण सिंह, अनिल सिंह, अतुल शर्मा को भी जिम्मेदारी दी गई।

## नवरात्र विशेषः गृहणियों को स्वावलंबन की राह ले जा रहीं मशहूर कवि डॉ. उर्मिलेश की पुत्रवधू

# ऋचा के प्रयास विशेष, महिलाओं में भर रहीं आत्मनिर्भरता का जोश

**रिषीदेव गंगवार, बदायूं**

**अमृत विचार :** घर गृहस्थी के फर्ज निभाने के साथ समाज में सरोकार की नींव कैसे मजबूत की जा सकती है, बदायूं की ऋचा अशेष ने ऐसा करके दिखाया है। वह न सिर्फ आधी आबादी में जनसेवा की भावना भरने का काम कर रही हैं, बल्कि अपने जैसी घरेलू महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ भी पढ़ा रही हैं। मिलकर घर में बनाए गए उत्पादों को बाजार में उतारा जा रहा है। गरीब बेटियों की शादी में मदद के साथ जेल में बंद महिलाओं को जरूरत की चीजें भी पहुंचाई जा रही हैं।

बदायूं की प्रोफेसर कॉलोनी में रहने वालीं ऋचा अशेष मशहूर कवि स्व. डॉ. उर्मिलेश शंखधार की पुत्रवधू हैं। पति डॉ. अक्षत अशेष भी साहित्य जगत से आते हैं और बदायूं क्लब के सचिव होने के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में बड़ी पहचान रखते हैं। इतना ही नहीं, ऋचा की ननद डॉ. सोनरूपा विशाल भी कविता के मंचों का बड़ा नाम हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियां संभालते हुए ऋचा अशेष जनसेवा की राह पर आगे बढ़ रही हैं। स्वावलंबन की दिशा में पहला कदम रखते हुए उन्होंने कुछ साल पहले छोटी सी पूंजी से आर्टिफिशियल ज्वेलरी का काम शुरू किया था। शुरू में कई दिक्कतें आईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और मेहनत-लगन से आगे बढ़ती रहीं। अपने साथ उन्होंने दूसरी गृहणियों को भी जोड़ा और ऑनलाइन उत्पाद बेचने शुरू किए। मेहनत रंग लाई और काम ठीक से चल पड़ा।



उत्पाद प्रदर्शनी के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

● **घरेलू महिलाओं को सिखा रहीं बिजनेस के फंडे**

● **गरीब बेटियों की शादी में करती हैं मिलकर मदद**

● **जेल में महिला बंदियों तक पहुंचा रहीं जरूरी चीजें**

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी ऋचा अशेष के साथ इस समय तमाम महिलाएं जुड़ी हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। घर में बनने वाले उनके उत्पादों की मांग बढ़ रही है। ऋचा सामाजिक कार्यों में भी जुटी नजर आ रही हैं। साथी गृहणियों के साथ वह जिला जेल में बंद महिला बंदियों की सहायता करने में लगी हैं। महिला बंदियों के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम हो या फिर गरीब व जरूरतमंद कन्याओं की शादी में सहयोग की बात हो, ऋचा व उनके साथ की महिलाएं हमेशा बढ़-चढ़कर मदद करती हैं। समय-समय पर गरीबों के लिए भंडारे का आयोजन करती हैं। वृद्धाश्रम में सेवा करने जाती हैं। शहर में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराती हैं। ऋचा के सेवा संकल्प में परिवार हमेशा साथ खड़ा दिखता है।

### प्रदर्शनी लगाकर कारवां आगे बढ़ाया



ऋचा अशेष ने दो साल पहले अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई थी। उसके माध्यम से कई गृहणियां उनसे जुड़ गईं। घर में इस तरह के उत्पाद बनाने वाली महिलाओं को उन्होंने मंच देने का काम किया। दूसरी महिलाओं के उत्पाद भी प्रदर्शनी से जोड़े गए। कारोबारियों से अपने ग्रुप की पहचान कराई। इसके अच्छे परिणाम सामने आए। 50 से अधिक गृहणियां अपने उत्पादों के दम पर आत्मनिर्भर बन गईं। बहुत ही कम समय में महिलाओं के समूह को खास पहचान व सम्मान दिलाने वालीं ऋचा अशेष की समाज में ख्याति बढ़ती ही जा रही है। 'अमृत विचार' से बातचीत में उन्होंने कहा कि आधी आबादी आर्थिक रूप से जितनी सशक्त होगी, राष्ट्र की नींव भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगी। इसी सोच और संकल्प को वह अपने मिशन में जुटी हैं।

# फर्जी फर्मों के जरिये करोड़ों की जीएसटी चोरी का खुलासा, मास्टर माइंड गिरफ्तार

## संगठित गिरोह का पर्दाफाश, मथुरा के कोसीकलां का निवासी है जीएसटी चोरी का मास्टरमाइंड

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

● **नौकर रवींद्र के नाम पर पंजीकृत करा रखी हैं 33 फर्जी फर्में**

● **उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड समेत कई राज्यों में फैला नेटवर्क**

● **जीएसटी चोरी करने वाले वाहनों को छुड़ाने का लेता था ठेका**

**अमृत विचारः** फर्जी फर्मों और जाली बिलिंग के माध्यम से करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पुलिस ने बुधवार को पर्दाफाश किया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी मास्टर माइंड भगवान सिंह उर्फ मुर्रा प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है, जो मथुरा जनपद के कोसीकलां क्षेत्र का निवासी बताया गया है। उसने अपने नौकर के नाम से 33 फर्जी फर्म पंजीकृत कराई थी। उसका नेटवर्क हरियाणा, पंजाब और बिहार तक फैला है। वह जीएसटी चोरी के मामले में आजमगढ़ में भी लिखे गए मुकदमें में वांछित चल रहा था।

बुधवार को एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने जीएसटी चोरी के पकड़े गए मास्टरमाइंड भगवान सिंह निवासी कोसीकला जनपद मथुरा और उसके नौकर रविंद्र के बारे में जानकारी दी। बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से विभिन्न राज्यों में फर्जी फर्में बनाकर जाली बिल्टियों और ई-वे बिल के जरिए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर रहे थे। जिन्हें पुलिस ने 20 दिन की मशक्कत के बाद पकड़ा है। यह कार्रवाई राज्य कर विभाग की शिकायत के आधार पर की गई है। एसपी क्राइम ने बताया कि सहायक आयुक्त, राज्य कर चतुर्थ इकाई की तहरीर पर थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी, जिसे बाद में साइबर क्राइम टीम को सौंपा गया।

जीएसटी चोरी के मास्टरमाइंड ने अपने नौकर रविंद्र के नाम पर इन फर्मों के माध्यम से बिना वास्तविक माल ढुलाई के कागजी लेनदेन दिखाकर जीएसटी चोरी की है। एसपी क्राइम ने बताया कि यह कार्रवाई संगठित रूप से की जा रही टैक्स चोरी के बड़े नेटवर्क के खिलाफ महत्वपूर्ण है। जांच आगे बढ़ने पर और भी लोगों के नाम सामने आने की संभावना है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। इन उपकरणों में फर्जी बिलिंग, जीएसटी दस्तावेज और बैंकिंग लेनदेन से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिलने की संभावना है, जिनकी फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी और उसके नेटवर्क के खिलाफ विभिन्न जनपदों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आर्थिक अपराध शामिल हैं। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

### नामी कंपनी के नामों का भी करता था प्रयोग

पुलिस को जांच के दौरान मांझी इंटरप्राइजेज और श्री बाबा ट्रेडर्स जैसी फर्मों के नाम भी मिले हैं, जिनका उपयोग फर्जी बिलिंग और दस्तावेज तैयार करने में किया जा रहा था। कई मामलों में एक ही वाहन और बिल्टी नंबर का अलग-अलग लेनदेन में इस्तेमाल किए जाने के साक्ष्य भी मिले हैं।

### 2024 से कर रहा था फर्जी बिलिंग नेटवर्क का प्रयोग

आरोपी वर्ष 2024 से स्क्रैप और अन्य व्यापारिक गतिविधियों के नाम पर फर्जी बिलिंग का नेटवर्क चला रहा था। उसने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड समेत कई राज्यों में व्यापारियों के नाम और दस्तावेजों का दुरुपयोग कर करीब 33 फर्जी फर्में खड़ी कर ली थीं।

# 24 घंटे बीते, बरेली में नाले में गिरे युवक का सुराग नहीं

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● **मुख्यमंत्री कार्यालय, नगर विकास मंत्री तक पहुंचा मामला, इससे अधिकारी और सक्रिय हुए**

● **मंगलवार रात 9:30 बजे सेटेलाइट बस स्टैंड के पास खुले नाले के पास बैठा व्यक्ति अचानक गिर गया**

**अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे पर करीब 12 फीट गहरे नाले में गिरे व्यक्ति की खोजबीन के लिए 24 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा है। मंगलवार की देर रात से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन बुधवार को दिन भर चला। एसडीआरएफ की टीम के साथ नगर निगम के कर्मचारी खोजबीन में जुटे हैं। मामला मुख्यमंत्री कार्यालय और नगर विकास मंत्री तक पहुंच गया है। इसके बाद नगर आयुक्त से लेकर अतिक्रमण प्रभारी और पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी खुद जुट गए।

मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे सेटेलाइट बस अड्डे पर खुले हुए नाले के पास बैठा एक व्यक्ति अचानक नाले में जा गिरा। आसपास मौजूद यात्रियों और दुकानदारों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो उसमें युवक नाले में गिरता दिखाई दे रहा है। इसके बाद थाना बारादरी पुलिस और रेस्क्यू टीमें सक्रिय हो गईं और रात से सुबह तक रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन उस व्यक्ति का पता नहीं लगा। निगम और एसडीआरएफ की टीम ने नाले की सफाई मशीनों से कराई। नाले का पानी निकालने का काम रात तक चलता रहा लेकिन बुधवार की रात तक व्यक्ति को नहीं तलाशा जा सका।

मामला शासन तक पहुंचने के बाद लखनऊ से अधिकारियों ने प्रशासन से रिपोर्ट तलब की है। युवक की तलाश के लिए सर्च रेडियस बढ़ा दिया गया है। रात हो जाने पर सर्च ऑपरेशन के लिए रोडवेज के किनारे बल्लियों पर लाइटें लगाकर व बैरिकेडिंग कर रेस्क्यू किया रहा है। कुछ लोगों ने यह बात उड़ा दी थी की विवाद के बाद धक्का दिया था लेकिन सीसीटीवी में दिख रहा है कि वह नाले के पास दीवार पर बैठा है और अचानक से नाले में गिर जाता है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राम प्रताप को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **भगवान दास पुत्र श्री गिरन्दर निवासी- ग्राम इनायतपुर थाना निगोही, तह. तिलहर, जिला शाहजहांपुर**

# जमीन को वक्फ संपत्ति बता किया कब्जा

**बरेली, अमृत विचारः** गुद्दड़ बाग में भूमि को वक्फ संपत्ति बताते हुए उस पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। लिखित शिकायत मिलने पर सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एसडीएम सदर को पत्र लिखा है। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने जांच शुरू करा दी है।

सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ इंद्रसेन सरोज ने एसडीएम सदर को लिखे पत्र में बताया कि हसीन अहमद निवासी गुद्दड़ बाग, चाहबाई ने आईजीआरएस पर शिकायत करते हुए कहा है कि उसकी पैतृक संपत्ति को वक्फ संपत्ति बताकर कुछ लोग अवैध कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। संपत्ति को कब्जा मुक्त कराने एवं निर्माण कार्य को रोके जाने के साथ दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने एसडीएम सदर से आरोपों की जांच कराने की मांग की है ताकि यह मालूम हो सके कि भूमि वक्फ की है या निजी। इधर, वक्फ संपत्तियों पर पहले भी कब्जे के मामले सामने आए हैं, कई संपत्तियों के मामले में जांच करायी जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मूडाअर्जुन विकास खण्ड बेहजम-खीरी**

पत्रांक- मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025- 26 दिनांक: 25.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मूडाअर्जुन में वर्ष 2025-26 मे मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य कराए जाने हेतु कार्य सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो,से मोहर बंद निविदा दिनांक 26.03.2026 से 01.04.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत मूडाअर्जुन के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है , प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय में 01.04.2026 अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | सामग्री | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मूडाअर्जुन में रोड से बीरबाबा स्थान तक मिट्टी व खड़ंजा निर्माण कार्य । | ईटा-275-53360नग | 547437.00 |

**बंदना मिश्रा (सचिव) श्री कमलेश सिंह (तकनीकी सहायक) रामकुमार (प्रधान)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मूडाअर्जुन विकास खण्ड बेहजम-खीरी**

पत्रांक- मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025- 26 दिनांक: 25.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मूडाअर्जुन में वर्ष 2025-26 मे मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य कराए जाने हेतु कार्य सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 27.03.2026 से 02.04.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत मूडाअर्जुन के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है , प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय में 02 04 2026 अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | सामग्री | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मूडाअर्जुन में मेडई के मकान से महेंद्र के मकान तक इन्टरलॉकिग निर्माण कार्य | ईटा -7808 न, इंटरलॉक 13776 नग रोडा 36.900 घनमीटर, सीमेंट 126 बोरी, मौरंग 5.2975 घन मी., बालू1 8.4500 घनमी. गिट्टी 1.2594 घनमी. लोकल बालू 27.9825 घनमीटर | 664065.00 |

**बंदना मिश्रा (सचिव) श्री कमलेश सिंह (तकनीकी सहायक) रामकुमार (प्रधान)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)**

पत्रांक: 145/न.पा.परि.फ./2025-26 दिनांक: 25.03.2026

**जैम बिड सूचना**

जैम पोर्टल पर पंजीकृत सेलर को सूचित करना है कि नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली) द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने के उद्देश्य से 180 आउटसोर्सिंग श्रमिकों की आपूर्ति हेतु जैम पोर्टल पर बिड का प्रकाशन कराया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

Bid Number : GEM/2026/B/7391526
Bid Published Date : 25-03-2026
Bid End Date : 04-04-2026
Bid Opening Date : 04-04-2026

अत: जैम सोलर उक्त अवधि में प्रकाशित बिड में प्रतिभाग कर सकते हैं।

**पुनीत कुमार**
**(अधिशासी अधिकारी)**
**नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)**

**पब्लिक नोटिस**

मेरे मुवक्किल चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाइनेन्स कम्पनी लि. शाखा बरेली की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धीरेन्द्र सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी ताजपुरा नवदिया आंवला बल्लिया बरेली के है वह एक किता दुकान रकवा 19.73 वर्गमी गाटा सं. 184 का भाग ग्राम करगैना तहसील व जिला बरेली में स्थित है को खरीदने के उपरांत ऋण ले रहे है। उपरोक्त जगह का एक पंजीकृत बैनामा दिनांक 02.03.2022 बही नं. 1 जिल्द 13707 पेज 279 से 296 दस्तावेज 2525 जो कि राजेश कुमार सक्सेना व अन्य के हक में है वास्तव में कहीं खो गया है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाइनेन्स कम्पनी लि. शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नही है उक्त ऋण धीरेन्द्र सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी ताजपुरा नवदिया आंवला बल्लिया बरेली को प्रदान कर दिया जायेगा । **प्रफुल्ल अग्रवाल, पैनल एडवोकेट, 223 बांस मण्डी, निकट शील नर्सिंग होम, बरेली मो. 7017462341, 8899909663**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचनाःओटी-22-2025**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: ओटी-22-2025, कार्य का विवरणः महराजगंज-मसरख नई लाइन परियोजना के अन्तर्गत महराजगंज स्टेशन में नई बिल्डिंग, प्लेटफार्म संख्या 2, एफओबी, एप्रोच रोड, मशीन साइडिंग, लेवल क्रासिंग -6 के अण्डरपास और सर्कुलेटिंग एरिया का विद्युतीकरण कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 52,21,025.76, बयाना राशिः ₹ 1,04,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 15-04-2026 को 15:00 बजे।

**नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण**
मुजाधि / विद्युत-317 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया परीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** शहर के अजमानी पब्लिक स्कूल में 23 से 25 मार्च 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर एवं मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम में बच्चों ने जहां स्वास्थ्य परीक्षण कराया, वहीं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर जमकर आनंद उठाया।

कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नन्हे विद्यार्थियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. अंजनि मिश्र एमडी, पीडियाट्रिक्स ने प्ले ग्रुप व नर्सरी के बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया, जबकि डॉ. रूपक टंडन एमबीबीएस, एमडी ने बच्चों की नेत्र जांच की। वहीं डॉ. रुचिका अग्रवाल डेंटल सर्जन ने दंत परीक्षण कर आवश्यक सलाह दी। इसके साथ ही मस्ती की पाठशाला के अंतर्गत बैगलेस फन डे का आयोजन किया गया, जिसमें प्ले ग्रुप से यूकेजी तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने चित्रकला, नृत्य, कहानी-कथन, खेलकूद जैसी गतिविधियों में हिस्सा लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



बच्चों के साथ मौजूद डॉक्टरों की टीम और स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

विद्यालय संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी ने कहा कि बच्चों का विकास केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। प्रधानाचार्या डॉ. मंजू पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के समग्र विकास में सहायक होते हैं और उन्हें नई ऊर्जा व आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष सीए सिमरन भल्ला, प्रशासक एडवोकेट जितेंद्र प्रताप सिंह, उप-प्रधानाचार्य नमिता महेंद्र, समन्वयक रेशू त्रिवेदी आदि रहीं।

# बजरंग दल ने घेरा सीओ ऑफिस, जमकर नारेबाजी

**संवाददाता, निघासन**

**अमृत विचारः** तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के भिड़ौरी गांव में तिलक समारोह के दौरान हुआ विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने बलवा, मारपीट, जानलेवा हमले, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है, जबकि दूसरे पक्ष ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए घर में घुसकर मारपीट और महिलाओं के साथ अभद्रता की भी तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर ही रिपोर्ट दर्ज कर ली।

पुलिस पर निष्पक्ष कार्रवाई न करने और भीम आर्मी के दबाव में आकर झूठी एफआईआर दर्ज करने से नाराज बजरंग दल सहित कई हिंदू संगठन के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता बुधवार को सीओ कार्यालय पहुंचे और घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। सीओ को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।



सीओ कार्यालय का घेराव करने जाते हिंदू संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

● **एकतरफा कार्रवाई का लगाया आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग**

● **प्रदर्शन कर कोतवाली तिकुनिया पुलिस पर उठाए सवाल**

गांव भिड़ौरी निवासी रेनू पत्नी सर्वेश ने बताया कि 10 मार्च की रात करीब साढ़े आठ बजे उनके पति सर्वेश और पुत्र अमन गांव के ही जीवन प्रजापति के घर तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और उनके पति व पुत्र के साथ मारपीट की। रेनू का कहना है कि विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं और उनके पति को जबरन उठाकर एक घर में बंद कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची रेनू के साथ भी मारपीट कर गला दबाने का प्रयास किया गया।

शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को छुड़ाया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से शीलू अवस्थी पत्नी कृष्णा अवस्थी ने भी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना है कि उसी रात कुछ लोग जबरन उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। बचाव करने आई उनकी सास और ननद के साथ भी मारपीट की गई और महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए कपड़े फाड़ने की कोशिश की गई। शीलू अवस्थी का आरोप है कि उन्होंने घटना के दिन ही पुलिस को सूचना दी, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उल्टे कुछ दिन बाद उनके खिलाफ ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उन्होंने पुलिस पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान एक व्यक्ति तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बाहर निकाला। पुलिस ने इस मामले में सात नामजद समेत करीब 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर बुधवार को बजरंग दल के जिला प्रमुख देव जुनेजा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता सीओ कार्यालय पहुंच गए और घेराव कर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के आरोपों की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टेंपल इकोनॉमी से बदली यूपी की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह।

- 9 वर्षों में पर्यटन बना विकास की धुरी
- 1.56 अरब पर्यटक पहुंचे 36,681 करोड़ रुपये निवेश से 5 लाख रोजगार की संभावना

**अमृत विचारः** प्रदेश में बीते 9 वर्षों में पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब "ग्रेवयार्ड इकोनॉमी" से आगे बढ़कर "टेंपल इकोनॉमी" की ओर अग्रसर है, जहां आस्था और पर्यटन विकास का आधार बन रहे हैं।

लोकभवन में बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में प्रदेश में 1.56 अरब से अधिक पर्यटक आए, जिनमें 36 लाख विदेशी सैलानी शामिल हैं। घरेलू पर्यटन में यूपी देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में राम मंदिर के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि दीपोत्सव, देव दीपावली और ब्रज रंगोत्सव जैसे आयोजन अब आर्थिक गतिविधियों के बड़े केंद्र बन गए हैं। इनसे स्थानीय व्यापार, होटल और परिवहन क्षेत्र को सीधा लाभ मिल रहा है। पर्यटन नीति-2022 के तहत 36,681 करोड़ रुपये से अधिक निवेश धरातल पर उतर चुका है, जिससे करीब पांच लाख रोजगार सृजित होने की संभावना है। 1,757 पर्यटन इकाइयों को पंजीकरण दिया गया है। सरकार ग्रामीण और इको-टूरिज्म पर भी फोकस कर रही है। 234 गांवों को पर्यटन से जोड़ा गया है और 50,000 होम-स्टे विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# एसआई, एएसआई के 1933 पदों पर होगी सीधी भर्ती

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस भर्ती बोर्ड 1933 पदों के लिए एसआई, एएसआई आदि पदों पर सीधी भर्ती करेगा। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक उप निरीक्षक (गोपनीय), सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) और सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के 537 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा कंप्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के लिए 1352 पदों के साथ ही सहायक परिचालक के 44 पदों के लिए भी भर्ती होगी। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक, सभी पदों के लिए लिखित परीक्षा अक्टूबर या फिर नवंबर-26 में आयोजित कराना प्रस्तावित है।

# गंगा एक्सप्रेसवे के लिए फिर खोला खजाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**1235** करोड़ की अतिरिक्त धनराशि मंजूर

- मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार, अब तक दिए 5907 करोड़

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1235 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत कर दी है। इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, परियोजना के लिए इस साल बजट में कुल प्रस्तावित धनराशि 3835 करोड़ थी, जिसके सापेक्ष अब तक 5907 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। नई स्वीकृति के तहत 1235 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सरकार ने निर्देश दिया है कि स्वीकृत राशि का उपयोग केवल परियोजना कार्यों में ही किया जाए और सभी व्यय वित्तीय नियमों के अनुरूप हों। संबंधित विभागों को समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी अन्य कार्य में धनराशि का उपयोग नहीं किया जाएगा और यदि धन पर कोई ब्याज प्राप्त होता है तो उसे राजकोष में जमा करना अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है।

## यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लिए 24.49 करोड़ जारी, कानपुर-झांसी में खरीदी जाएगी जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने डिफेंस कॉरिडोर परियोजना को गति देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कानपुर नगर और झांसी जिले में भूमि क्रय के लिए 24.49 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। इस संबंध में शासन स्तर से आदेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश के अनुसार, कानपुर नगर के लिए 15 करोड़ और झांसी के लिए 9.49 करोड़ रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है। यह राशि डिफेंस कॉरिडोर के तहत औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से भूमि उपलब्ध कराने में खर्च की जाएगी। सरकार ने जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भूमि क्रय की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नियमसम्मत तरीके से पूरी की जाए। धनराशि का उपयोग केवल स्वीकृत मद में ही किया जाएगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता या दुरुपयोग की स्थिति में संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### रामनवमी पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामनवमी के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म और आदर्शों का उदाहरण है। उन्होंने समाज में मर्यादा, त्याग, कर्तव्य परायणता और नैतिक मूल्यों की स्थापना की, जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सद्भाव लेकर आए।



### शांति व सौहार्द के साथ रामनवमी मनाने की अपील

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए। मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को श्रद्धा, उल्लास और अनुशासन के साथ मनाएं तथा सामाजिक सौहार्द और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करें।



### लोक-संस्कृति को पहचान दिलाने के लिए एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की लोक और जनजातीय संस्कृति को नई पहचान दिलाने के लिए उप्र. लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के आवास पर हुआ। इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएं शिक्षा, शोध, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगी। लोक और जनजातीय कला के संरक्षण के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे कलाकारों और छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। पहल का उद्देश्य पारंपरिक कलाकारों और शिल्पकारों को सशक्त बनाना, उनके कौशल का दस्तावेजीकरण और प्रचार-प्रसार करना है।

# रामनवमी पर ड्रोन से होगी निगरानी

## प्रदेशभर में अलर्ट जारी, अति संवेदनशील जिलों में उतारी गई पैरा मिलिट्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं के वेश में तैनात रहेंगे महिला-पुरुष पुलिस कर्मी

**अमृत विचारः** ईद का पर्व शांति से संपन्न हो गया तो अब राम नवमी को लेकर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। राम नवमी पर प्रदेश को अलर्ट कर दिया गया है, वहीं प्रदेश के अति संवेदनशील जिलों के साथ ही जहां-जहां प्रसिद्ध देवी मंदिर हैं, उन शहरों में पैरा मिलिट्री की टुकड़ियां उतार दी गई हैं। प्रमुख मंदिरों की सुरक्षा ड्रोन से की जाएगी, वहीं श्रद्धालुओं के भेष में महिला और पुरुष पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे।


पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, प्रदेश भर में राम नवमी को लेकर खासी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रमुख देवी स्थलों जैसे मिर्जापुर की विंध्यवासिनी मंदिर, प्रयागराज के मां ललिता देवी मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर और मां अलोप शंकरी देवी मंदिर, बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर, चित्रकूट के ज्वाला देवी मंदिर, गोंडा के बाराही मंदिर, सहारनपुर के मां शाकंभरी देवी मंदिर और देवबंद के मां बाला सुंदरी देवी मंदिर, लखनऊ के चंद्रिका देवी मंदिर, गोरखपुर के मां तरकुलहा मंदिर और बाराबंकी के कोटवा धाम मंदिर, सीतापुर के नैमिषारण्य में ललिता देवी मंदिर, वृंदावन के उमाशक्ति समेत सभी मंदिरों की कड़ी सुरक्षा करने के निर्देश जारी किए हैं। अयोध्या धाम में भी रामनवमी पर भारी भीड़ रहने का इनपुट मिला है तो वहां पर भी लगातार ड्रोन से निगरानी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

### छतों पर ईंट-पत्थर मिले तो होगी कार्रवाई

इसके अलावा प्रदेश के अति संवेदनशील जिले अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, मेरठ, बहराइच, सहारनपुर के देवबंद, आजमगढ़, मथुरा, आगरा आदि में भी पैरा मिलिट्री, आरआरएफ और पीएसी को उतार दिया गया है। जुलूस निकलने से पहले पुलिस ड्रोन के जरिए छतों पर ईंट-पत्थर आदि पर भी नजर रखेगी। यदि छतों पर ईंट-पत्थर पाए जाते हैं तो संबधित मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जुलूस मार्ग पूर्व निर्धारित ही रहेंगे। इस दौरान छतों पर संगीनों के साथ फोर्स तैनात भी रहेगी।

### सोशल मीडिया पर भी रहेगी कड़ी नजर

पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, राम नवमी पर सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। यदि किसी ने सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाकर शांति व्यवस्था में बाधा डालने का कार्य किया तो तुरंत ही सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा पूर्व की घटनाओं में संलिप्त रहे लोगों को खुफिया टीमें रडार पर रखेंगी।





ऋण शिविर में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक सौंपते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

# शिविर में 112 लाभार्थियों को 370 करोड़ का ऋण वितरित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार के 9 साल पूरे होने पर वृहद ऋण शिविर आयोजित

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित ऋण शिविर में 112 लाभार्थियों को लगभग 370 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और विशिष्ट अतिथि एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने लाभार्थियों को चेक और टूलकिट वितरित किए। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के स्टालों का निरीक्षण भी किया गया।

राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में संपन्न ऋण शिविर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी वित्त पोषण, टूलकिट योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत सहायता प्रदान की गई। प्रशिक्षार्थियों को उन्नत टूलकिट देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। वहीं मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरकार युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना चाहती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो रहा है।

# गो संरक्षण कार्यों में लापरवाही हुई तो सख्त कार्रवाई : धर्मपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोवंशों को गर्मी और लू से बचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं : धर्मपाल

**अमृत विचारः** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अफसरों से कहा है कि गो संरक्षण के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने समय में गर्मी और लू से बचाने के लिए निराश्रित गोवंश से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के लक्ष्य को हासिल करने में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की अहम भूमिका रहेगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि गो-संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए सरकार द्वारा पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की जा रही है। गौशालाओं में स्वच्छ पेयजल, चारा तथा तिरपाल आदि की व्यवस्था की जाए। प्रदेश में नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम तथा लघु पशुपालन जैसी लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लोगों को इसका लाभ मिल सके। पशुधन मंत्री ने कहा है कि पर्याप्त मात्रा में गो संरक्षण केंद्र बना दिए गए हैं, इसलिए कोई भी गोवंश सड़कों पर घूमता हुआ नहीं पाया जाए। समय-समय पर अधिकारी गोसंरक्षण केंद्रों का निरीक्षण करें, जिससे सभी पशु पूरी तरह से स्वस्थ रह सकेंगे।

# 28,864 करोड़ के औद्योगिक विकास बजट का करें प्रभावी उपयोग : नंदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने विभागीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 28,864.98 करोड़ रुपये के बजट का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले बजट का अधिकतम और प्रभावी उपयोग किया जाए।



मंत्री नंदी ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा बजट उपयोग की स्थिति का आकलन किया और निर्देश दिया कि धनराशि का उपयोग केवल उपयोगी और परिणामकारी परियोजनाओं में किया जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी सहित बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को जरूरत के अनुसार जमीन अधिग्रहण और लंबित परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## वीबी-जी राम जी अधिनियम प्रतियोगिताओं की तारीख बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने युवाओं की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं की अंतिम तिथि अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक बढ़ा दी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक युवाओं और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी MyGov या MYBharat पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी)' योजना के तहत तीन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य युवाओं की कला, ज्ञान और डिजिटल कौशल को बढ़ावा देना और ग्रामीण भारत को नई पहचान देना है।

# फसल बीमा योजना के लिए 71.44 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- किसानों को राहत देने के लिए सरकार का अहम फैसला

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने किसानों को फसल नुकसान से सुरक्षा देने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस प्रोग्राम के तहत 71 करोड़ 44 लाख 60 हजार की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है।

शासनादेश के अनुसार, यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए फसल बीमा (सब्सिडी मद) में स्वीकृत की गई है। यह राशि कुल निर्धारित बजट 450 करोड़ के सापेक्ष जारी की गई है, जिससे किसानों को बीमा कवरेज के तहत लाभ मिल सकेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल फसल बीमा योजना के निर्धारित कार्यों में ही किया जाएगा। इसके साथ ही कृषि निदेशक को निर्देश दिए गए हैं कि खर्च की आवश्यकता और औचित्य सुनिश्चित किया जाए तथा योजना की गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन हो। शासन ने यह भी निर्देश दिया है कि धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किया जाए, एकमुश्त निकासी से बचा जाए और इसे किसी बैंक या अन्य खाते में अनावश्यक रूप से न रखा जाए।

# साधारण आपराधिक मामला नियुक्ति से इनकार का आधार नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि मात्र लंबित आपराधिक मामला, जो साधारण प्रकृति का है, के आधार पर किसी अभ्यर्थी को सरकारी नौकरी से वंचित नहीं किया जा सकता, विशेष तौर तब जब उसने मामले की जानकारी स्वयं दी हो।

उक्त निर्णय न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने राकेश कुमार वर्मा की सेवा सम्बंधी याचिका को मंजूर करते हुए पारित किया। याची का चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कनिष्ठ सहायक पद पर हुआ था और वह चिकित्सकीय रूप से भी उपयुक्त पाया गया था। इसके बावजूद लंबित एक आपराधिक मुकदमे के आधार पर उसे नियुक्ति से इनकार कर दिया गया था। याची के विरुद्ध धारा 498-ए, 323, 504, 506 आईपीसी तथा दहेज निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज था, जो उसके बड़े भाई के वैवाहिक विवाद से जुड़ा हुआ था। कोर्ट ने पाया कि याची इस मामले में मुख्य आरोपी नहीं, बल्कि सह-आरोपी है और उसके खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप भी नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवतार सिंह मामले में दिए निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि यदि अभ्यर्थी ने आपराधिक मामले की जानकारी स्वयं दी है और मामला गंभीर प्रकृति का नहीं है, तो उसे केवल इसी आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों में सामान्य आरोपों के आधार पर किसी व्यक्ति के भविष्य को प्रभावित करना उचित नहीं है। ऐसे मामलों में सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, न कि दंडात्मक। इसी आधार पर न्यायालय ने नियुक्ति से इनकार सम्बंधी छह जुलाई 2020 के आदेश को निरस्त करते हुए, संबंधित विभाग को याची को तत्काल नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश दिया है।



## गुमशुदा व्यक्तियों को ढूंढने में पुलिस 80 प्रतिशत सफल, हलफनामा दाखिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में दर्ज स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दावा किया गया है कि उसने एक जनवरी 2024 से 17 मार्च 2026 तक लापता हुए व्यक्तियों में से 79.84 प्रतिशत व्यक्तियों का पता लगा चुकी है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद व पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने व्यक्तिगत हलफ़नामा भी दाखिल किया है। इस पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान व न्यायमूर्ति जफ़ईर अहमद की खंडपीठ ने उक्त मामले में दर्ज स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। सुनवाई के दौरान उपरोक्त दोनों अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। शासकीय अधिवक्ता डॉ. वीके सिंह ने उनकी हलफनामों के आधार पर बताया कि 1 जनवरी 2024 से 17 मार्च 2026 तक 1,19,070 लोग लापता हुए थे, जिनमें से 95,061 लोगों का पता लगाया जा चुका है। यह भी बताया गया है कि 2013 से अब तक गुमशुदा बच्चों व वयस्कों के संबंध में राज्य सरकार की ओर से 11 बार दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि एक गुमशुदा व्यक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट के संज्ञान में आया कि प्रदेश में पिछले लगभग दो साल में 1,08,300 लोग लापता हो चुके हैं, जिनके संबंध में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज हैं। कोर्ट ने इस स्थिति को बेहद चिंताजनक व गंभीर करार देते हुए, मामले को 'प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया था।

# नर्सिंग शिक्षा को लेकर करार

## 20 हजार छात्र-छात्राओं को मिलेगा आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में जपाइगो इंडिया संस्था से हुए करार के दस्तावेज के साथ अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नर्सिंग शिक्षा को आधुनिक और व्यावहारिक बनाने की दिशा में अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी (एबीवीएमयू) ने जपाइगो इंडिया के साथ करार किया है। इस पहल के तहत प्रदेश के 280 नर्सिंग कॉलेजों में अध्ययनरत करीब 20 हजार बीएससी, एमएससी, एएनएम और जीएनएम छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कुलपति डॉ. अमित देवगन ने बताया कि इस करार के अंतर्गत छात्रों को केवल कक्षा आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि अस्पतालों में उपयोग होने वाली डिजिटल प्रणालियों का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीन नर्सिंग अशोक विश्नोई और परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला के अनुसार, इस पहल से न केवल नर्सिंग शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

इस कार्यक्रम के तहत वर्चुअल और सिमुलेशन आधारित शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने गाजियाबाद पहुंचकर हरीश को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बुधवार को गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने वहां पर हरीश राणा के शव पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके माता-पिता तथा परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त कीं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनके माता-पिता के त्याग और सेवा को शब्दों में बयां करना कठिन है। उन्होंने इतने वर्षों तक साये की तरह अपने बेटे का साथ निभाया। उनके इस असीम धैर्य और ममता को मेरा शत-शत नमन। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोमा में रहे हरीश राणा को मंगलवार को एम्स के डाक्टरों ने इच्छा मृत्यु दी थी।

**बढ़ेंगे अवसर** गोशालाएं बनेंगी अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन, बायो-सीएनजी पर जोर

# 'पंचगव्य' आधारित बाजार मॉडल की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईआईटी तकनीक से बनेगा हाईटेक मॉडल, छोटे पशुपालकों की आय बढ़ाने की तैयारी

**अमृत विचारः** प्रदेश में गोशालाओं को अब सिर्फ पशुओं के आश्रय स्थल तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार का मजबूत केंद्र बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने 'पंचगव्य वैल्यू चेन' (गोमूत्र, गोबर, दूध, दही और घी) पर आधारित एक बड़े मॉडल को लागू करने की तैयारी की है, जिसके तहत 100 से अधिक ऑर्गेनिक उत्पादों का निर्माण किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना में आईआईटी दिल्ली, और आईआईटी खरगपुर के विशेषज्ञ भी तकनीकी सहयोग दे रहे हैं। गोशालाओं में आधुनिक तकनीक के जरिए बायोगैस प्लांट स्थापित कर बायो-सीएनजी तैयार की जाएगी, साथ ही जैविक खाद और अन्य उत्पादों का बड़े पैमाने पर उत्पादन होगा। इस योजना का पहला प्रयोग जालौन जिले की गोशालाओं में किया जा रहा है। यहां हाईटेक मॉडल के तहत उत्पादन, प्रबंधन और मार्केटिंग की पूरी प्रक्रिया विकसित की जाएगी। सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

### ट्रेनिंग से बढ़ेगी स्थानीय क्षमता : प्रो. विजय

आईआईटी दिल्ली के प्रो. वीके विजय के नेतृत्व में तकनीकी टीम गांवों में जाकर लोगों को प्रशिक्षण देगी, जिससे बायोगैस प्लांट संचालन और उत्पाद निर्माण में स्थानीय युवाओं को दक्ष बनाया जा सके। वहीं आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्र यशराज और उनकी टीम ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग में सहयोग करेंगे।

### छोटे पशुपालकों को सीधा लाभ

इस मॉडल से छोटे पशुपालकों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलेगा और गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, यह पहल गोसंरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण दोनों को एक साथ आगे बढ़ाएगी। सरकार का लक्ष्य गोशालाओं को स्वावलंबी, व्यावसायिक और टिकाऊ मॉडल में बदलना है, जिससे उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी 'टेक्नोलॉजी बेस्ड गोसंरक्षण राज्य' बन सके।



यदि विश्वास विवेक का ताप नहीं सह सकता है, तो वह अपने आप ध्वस्त हो जाएगा।
–शहीदे आजम भगत सिंह

## स्वागत योग्य निर्णय

भारत के सामाजिक न्याय ढांचे के केंद्र में धर्म और जाति के अंतर्संबंधों का प्रश्न अत्यंत संवेदनशील है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्णय दूरगामी प्रभावों वाला साबित हो सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म, जैसे इस्लाम या ईसाई धर्म को अपनाने पर व्यक्ति का अनुसूचित जाति का स्वतः दर्जा समाप्त हो जाता है। यह व्यवस्था मूलतः 1950 के राष्ट्रपति आदेश पर आधारित है, जिसे 1956 में संशोधित कर सिख और 1990 में बौद्ध धर्म को भी शामिल किया गया। यह फैसला इस मामले में एक ओर संवैधानिक स्पष्टता लाता है, तो दूसरी ओर सामाजिक यथार्थ के कई जटिल प्रश्नों को भी उजागर करता है। स्वागत योग्य पहलू यह है कि न्यायालय ने "धर्म-आधारित आरक्षण" की अवधारणा को सीमित करते हुए यह स्पष्ट करती है कि अनुसूचित जाति की पहचान ऐतिहासिक रूप से हिंदू सामाजिक संरचना में निहित अस्पृश्यता से जुड़ी है। इस दृष्टि से यह फैसला उन वर्गों के लिए लाभकारी है, जो मानते हैं कि आरक्षण का आधार सामाजिक-ऐतिहासिक उत्पीड़न होना चाहिए, न कि केवल आर्थिक या सामान्य पिछड़ापन। किंतु इसके सामाजिक और राजनीतिक फलितार्थ किंचित अधिक जटिल हैं।

भारत में धर्म परिवर्तन के बावजूद जातिगत पहचान का पूर्ण लोप कभी नहीं होता, यह एक स्थापित सामाजिक सत्य है। इस्लाम में पसमांदा, अशरफ, अंसारी जैसे वर्ग और ईसाई समाज में भी दलित ईसाइयों की अलग पहचान, यह दर्शाती है कि सामाजिक भेदभाव धर्म बदलने से स्वतः समाप्त नहीं होती। ऐसे में, अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त होने से इन समुदायों के कमजोर वर्गों को कानूनी सुरक्षा, विशेषकर अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 और आरक्षण लाभ से वंचित होना पड़ेगा। यह उनके लिए एक वास्तविक नुकसान है, जहां तक अनुसूचित जनजाति का प्रश्न है, वे इस संदर्भ में अलग स्थिति में हैं। इनकी पहचान धर्म से नहीं, बल्कि जनजातीय-भौगोलिक और सांस्कृतिक विशेषताओं से जुड़ी है। इसलिए धर्म परिवर्तन के बाद भी उनका दर्जा सामान्यतः बना रहता है। यही कारण है कि यह निर्णय अनुसूचित जाति पर तो लागू होता है, पर अनुसूचित जनजाति पर नहीं। यह एक विवेक सम्मत निर्णय है।

इस फैसले से अत्याचार संबंधी मामलों में कमी नहीं आएगी, बल्कि यह संभव है कि पीड़ित वर्गों के पास कानूनी संरक्षण के सीमित विकल्प रह जाएं, जिससे न्याय तक पहुंच और कठिन हो। "घर वापसी" या पुनर्परिवर्तन के मामलों में न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि व्यक्ति को यह प्रमाणित करना होगा कि उसका पुनः धर्मांतरण वास्तविक और स्वैच्छिक है, न कि केवल आरक्षण लाभ पाने के उद्देश्य से। इसके लिए सामाजिक स्वीकृति, समुदाय में पुनः समावेश और व्यावहारिक परिवर्तन जैसे मानदंड देखे जाएंगे, जो सर्वथा उचित है। यह निर्णय भारत के सामाजिक न्याय विमर्श को एक नए मोड़ पर ले जाता है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार और समाज मिलकर उन कमजोर वर्गों के लिए वैकल्पिक सुरक्षा तंत्र विकसित करें, जो धर्म परिवर्तन के बाद भी भेदभाव का सामना करते हैं। न्याय केवल विधिक परिभाषाओं से नहीं, बल्कि सामाजिक वास्तविकताओं के संतुलन से सुनिश्चित होता है।

### प्रसंगवश

## युद्ध, मौसम और बाजार के बीच फंसता आम आदमी

मार्च 2026 की यह वसंत ऋतु किसी नवजीवन की नहीं, बल्कि एक ऐसे मौन तूफान की कहानी कह रही है, जिसने भारत के आम घर की रसोई से लेकर खेत की मेड़ तक हर सांस को भारी कर दिया है। एक ओर पश्चिम एशिया में युद्ध की आग भड़क रही है, तो दूसरी ओर धरती पर तपता सूरज और बेमौसम बरसते ओले किसान की उम्मीदों को कुचल रहे हैं। इन सबके बीच एमएसपी को लेकर सुलगता असंतोष उस आग में घी डालने का काम कर रहा है। यह सिर्फ खबरों का विषय नहीं, बल्कि हर उस परिवार की हकीकत है, जिसकी थाली और आजीविका इन संकटों से सीधे जुड़ी है। रसोई का चूल्हा, जो हर घर की धड़कन होता है, आज अनिश्चितता के धुएं में घिरा हुआ है। ईरान के आसपास बढ़े तनाव और हॉर्मुज जैसे महत्वपूर्ण मार्गों पर आई बाधा ने एलपीजी आपूर्ति की रीढ़ हिला दी है। छोटे ढाबे, होटल और ठेले वाले, जो शहरों की जीवंतता का हिस्सा हैं, अब अपने चूल्हे बुझाने को मजबूर हो रहे हैं। महिलाओं की दिनचर्या, जो गैस के इर्द-गिर्द चलती थी, अब इंतजार और चिंता में बदल गई है। यह संकट केवल ईंधन का नहीं, बल्कि जीवन की गति का ठहराव है।



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

उधर खेतों में खड़ा किसान आसमान की ओर देखता है, लेकिन अब वहां से राहत नहीं, बल्कि अनिश्चितता बरस रही है। मार्च की असामान्य गर्मी ने रबी फसलों को समय से पहले ही झुलसा दिया, जिससे गेहूं के दाने सिकुड़ गए और पैदावार पर गहरा असर पड़ा। जैसे-तैसे बची फसल को अचानक आई बारिश और ओलावृष्टि ने जमीन पर गिरा दिया। यह दोहरी मार किसान की साल भर की मेहनत पर एक क्रूर प्रहार है, जो खेत कुछ दिन पहले सुनहरे दिखते थे, आज वहां बिखरी उम्मीदें नजर आ रही हैं। यह बदलाव केवल मौसम का नहीं, बल्कि उस जलवायु संकट का संकेत है, जो अब हर खेत में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। इस प्राकृतिक और वैश्विक संकट के बीच एमएसपी को लेकर उठती आवाजें एक और संघर्ष का रूप ले चुकी हैं। किसानों का भरोसा पहले ही कमजोर था, और अब अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों की चर्चाओं ने उनकी चिंता को और गहरा कर दिया है। सड़कों पर उतरते किसान केवल अपनी फसल का मूल्य नहीं, बल्कि अपने भविष्य की सुरक्षा मांग रहे हैं। उनके लिए एमएसपी सिर्फ एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि जीवन की गारंटी है। जब 86 प्रतिशत छोटे किसान पहले से कर्ज में डूबे हों, तब यह डर स्वाभाविक है कि सस्ते आयात उनकी मेहनत को बेमानी बना देंगे। यह संघर्ष केवल खेत का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी है।

इन तीनों मोर्चों पर चल रहा यह संकट एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि गहराई से जुड़ा हुआ है। रसोई में महंगा होता गैस सिलेंडर, बाजार में बढ़ती अनाज की कीमतें और खेतों में घटती पैदावार, ये सब मिलकर एक ऐसा दबाव बना रहे हैं, जिससे आम आदमी की जिंदगी हर दिन कठिन होती जा रही है। सरकार की ओर से प्रयास जरूर किए जा रहे हैं, लेकिन उनकी पहुंच और प्रभाव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब समय है कि समाधान भी उतना ही व्यापक और साहसिक हो जितना यह संकट गहरा है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, किसानों को मजबूत सुरक्षा कवच, एमएसपी पर स्पष्ट नीति और जलवायु के अनुरूप खेती को बढ़ावा ये केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं। साथ ही, आम आदमी की आवाज को नीतियों के केंद्र में रखना होगा। क्योंकि जब रसोई सुरक्षित होगी और खेत मजबूत, तभी देश स्थिर और समृद्ध बन सकेगा। यह परीक्षा कठिन जरूर है, लेकिन सही दिशा में उठाए गए कदम इसे एक नए अवसर में बदल सकते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## मानसूनी आपदाओं से निपटना गंभीर चुनौती





अमित शर्मा
हल्द्वानी

हिमालयी राज्य उत्तराखंड विविधताओं से भरा प्रदेश है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ यहां मौसमी चुनौतियां भी बेशुमार हैं। यहां जंगलों की आग के साथ कहीं बादल फटने तो सूखे जैसी आपदाओं से जूझना नियति सी बन जाती है। इस साल का शीत सीजन काफी उथल-पुथल भरा रहा है, जो आने वाले ग्रीष्मकालीन मौसम के लिए गंभीर चुनौती के संकेत दे रहा है।

बदलते समय में उत्तराखंड का मौसम कब बदल जाए, यह सटीक कहा नहीं जा सकता, लेकिन अमूमन राज्य में प्रतिकूल मौसम का समय आमतौर पर मानसून के दौरान (जुलाई से सितंबर) और सर्दियों में (दिसंबर से फरवरी) माना जाता है, क्योंकि इस समय में भारी बारिश, बर्फबारी और भूस्खलन की संभावना अधिक होती है। हालांकि अप्रैल में मौसम आमतौर पर सुहावना रहता है, तापमान 15-25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है और बारिश की संभावना कम ही होती है। अप्रैल माह के मौसम की खासियत यह भी रहती है कि मौसम दिन में गर्म और रात में ठंडा रहता है। निचले इलाकों में भले ही मौसम सुहाना रहता हो, लेकिन उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना बनी रहती है। यही कारण होता है कि इस बनते-बिगड़ते मौसम के लिहाज से संवेदनशील उत्तराखंड राज्य की चुनौतियां देश के दूसरे राज्यों की तुलना में कहीं अलग और गंभीर होती हैं।

मानसून कम बरसे या अधिक, चुनौतियां तो दोनों तरफ हैं। गर्मी अधिक हुई तो पहाड़ों का तपना जोखिम भरा होता है, तो बादल फटने और भूस्खलन जैसी आपदाओं से निपटने की चुनौतियां का सामना करना मजबूरी ही होती है। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि सरकार अपने स्तर पर दैवीय आपदाओं से निपटने की साल भर पूरी तैयारी रखती है, जिससे आपदाओं का जख्म गहरा होने से बच जाता है, लेकिन यह भी सत्य है कि कुदरत के कहर के आगे किसी का जोर नहीं चलता और जब यह बरपता है, तो सारी तैयारियां धरी की धरी रह जाती हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अप्रैल और मई के महीने में सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान पहले ही जता दिया है, तो बारिश को लेकर भी बताया जा रहा है कि मानसून के शुरुआती चरण में संभवतः सामान्य से अधिक बारिश होगी। देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी और तराई के इलाके ऊधमसिंह नगर जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर हीट वेब यानी लू से जूझने की संभावना रह सकती है। मानसूनी बारिश भी सामान्य से 105 प्रतिशत बरसने का शुरुआती पूर्वानुमान जारी किया गया है। हालांकि यह अनुमान सही रहता है, तो अधिक गर्मी और बारिश, इन दोनों ही परिस्थितियों का प्रभाव पहाड़ों को झेलना पड़ेगा।

गौरतलब है कि इस राज्य में मानसून काल में तीन तरह की चुनौतियों से निपटना प्रमुख होता है। यहां बादल फटना सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक माना जाता है। तेज बारिश के दौरान, जहां बाढ़ जैसे हालात पैदा होते हैं, तो कहीं-कहीं पूरी बस्ती ही बड़े-बड़े बोल्डरों के नीचे समा जाती है। उत्तराखंड के लिए हिमस्खलन की घटनाएं भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहती हैं। हिमालय की चोटियों पर गर्मी के दौरान बनने वाली झीलें भी अधिक वर्षा के दौरान फटने लगती हैं। वर्ष 2013 में केदारनाथ की आपदा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अब अल नीनो भी सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर संभवतः अगस्त माह में भारतीय क्षेत्र में नजर आएगा।

उत्तराखंड के लिए हिमस्खलन की घटनाएं भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहती हैं। हिमालय की चोटियों पर गर्मी के दौरान बनने वाली झीलें भी अधिक वर्षा के दौरान फटने लगती हैं।

गढ़वाल मंडल के चमोली, रुद्रप्रयाग आदि जिलों में हाल की आपदाओं ने जान-माल की बड़ी क्षति पहुंचाई है और इस सच्चाई से भी कोई इनकार नहीं कर सकता है कि साल-दर-साल की इन आपदाओं के लिए दैवीय से ज्यादा मानवीय गतिविधियां ज्यादा जिम्मेदार हैं, जो चंद वर्षों में ज्यादा बढ़ी हैं। पर्वतीय इलाकों में अवैध निर्माण जहां भूस्खलन और बाढ़ की संभावनाओं को बढ़ाता है, तो लगातार हो रही जंगलों की कटाई से देवभूमि उत्तराखंड की बेशकीमती वपस्पति का विनाश हो रहा है। पहाड़ों पर अनियोजित विकास से आपदाओं की संभावना बढ़ती है, तो सीमित होते जंगलों से होने वाला जलवायु परिवर्तन मौसम चक्र बदलता है, जैसा कि हर साल और इस साल भी देखने को मिल रहा है।

अब सवाल यही बचता है कि मौसम की इन ढेर सारी चुनौतियों से निपटने के लिए करें तो क्या करें? इसका हर बार यही जवाब होता है कि हमें प्रकृति में मानव हस्तक्षेप को बहुत ही सीमित करना होगा। जल-जंगल को बचाने के लिए उनके अंधाधुंध दोहन के बजाय उनके संवर्द्धन पर ज्यादा ध्यान देना होगा। मौसम जनित आपदाओं से निपटने के लिए समयपूर्व तैयारियों को और ज्यादा पुख्ता करना होगा। विशेषज्ञ भी इस बात से इनकार नहीं करते हैं। कहते हैं कि हमारे लिए आपदाओं को रोकना संभव नहीं है, लेकिन आपदा प्रबंधन को बेहद मजबूत करते हुए उसके प्रभाव को कम तो किया ही जा सकता है। हालांकि राज्य सरकार इसको लेकर काफी गंभीर भी दिख रही है और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समयपूर्व तैयारियां आपदाओं का प्रभाव कम करने में कारगर भी साबित हुई हैं।

नैनीताल के आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह भी मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रभावित क्षेत्र हिमालय राज्य हैं। आपदाओं को रोकना संभव नहीं, लेकिन राहत के लिए आपदा प्रबंधन का सशक्त होना सबसे जरूरी है। इसके साथ ही मजबूत नेटवर्क और संचारतंत्र होना चाहिए। सेटेलाइट नेटवर्क बेहतर होगा, तो आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जल्द राहत पहुंचाई जाना आसान होगा। राज्य में बादल फटने की घटनाएं सर्वाधिक घातक होने लगी हैं, जिससे निपटना मानसून में सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### आमने सामने



पश्चिम बंगाल में धार्मिक गतिविधियों की अनुमति को लेकर दोहरे मानदंड हैं। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां नमाज अदा करने की अनुमति है, लेकिन पूजा करने और पंडाल लगाने के लिए हाई कोर्ट से अनुमति मांगनी पड़ती है। मैंने दक्षिणेश्वर में पूजा की और राज्य के लोगों के कल्याण तथा 'विकसित बंगाल' एवं 'सोनार बांग्ला' के निर्माण के लिए देवी से प्रार्थना की। – **नितिन नबीन,** राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

निर्वाचन आयोग, भाजपा और केंद्र सरकार संविधान का पालन नहीं कर रहे। मतदान के अधिकार छीनने की कोशिश कर रहे हैं। आज वे मतदान के अधिकार छीन रहे हैं। मैं अपने उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय वकीलों को साथ ले जाने के लिए कहूंगी। असम में कई नामांकन रद्द कर दिए गए हैं। मुझे बीजेपी और निर्वाचन आयोग पर भरोसा नहीं है। – **ममता बनर्जी,** टीएमसी प्रमुख



## मध्य-पूर्व युद्ध में नवीन मार्शल प्लान की प्रासंगिकता



डॉ. कल्याण कुमार गांगुली
वरिष्ठ, वैज्ञानिक

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनियाभर में भारी विनाश एक दुःस्वप्न था। युद्ध का केंद्र बिंदु पश्चिमी यूरोप और पूर्वी यूरोप के कुछ हिस्सा था, कुछ ही दिनों बाद सोवियत संघ और जापान भी जुड़ गया। द्वितीय विश्व युद्ध की परिणति जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण और जापान द्वारा पॉट्सडैम समझौते को स्वीकार करने के साथ हुई। छः मिलियन यहूदियों का हाड़ कंपा देने वाला नरसंहार अभी भी जीवित बचे लोगों के लिए दुःस्वप्न है। इस युद्ध के बाद अनेक वर्षों तक कई मोर्चों पर बड़े पैमाने पर आर्थिक मंदी और गिरावट महसूस की गई। इस स्थिति का वर्णन कई बार किया जा चुका है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन की मंजूरी के साथ तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री जॉर्ज सी. मार्शल की ओर से एक व्यापक सहायता योजना लागू की गई, जिसे बाद में मार्शल प्लान के नाम से में जाना गया। इस मार्शल प्लान के अंतर्गत वर्ष 1947-48 में स्वीकृत राशि 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जो आज के अनुमान के अनुसार 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। हालांकि यह विरोधाभास ही है कि जर्मनी को केक का एक बड़ा हिस्सा मिला, परंतु जापान को मार्शल प्लान के अंतर्गत एक भी कौड़ी नहीं दी गई। कई राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना था कि यह सहायता केवल जीर्ण-शीर्ण राष्ट्रों के पुनर्निर्माण और विकास के लिए नहीं थी, बल्कि यह देखने के लिए भी थी कि प्रभावित यूरोपीय राष्ट्र कहीं सोवियत छत्रछाया में कम्युनिस्ट न बन जाएं।

युद्ध लगभग एक महीने से चल रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि इस युद्ध की चिंगारी तो दिखाई नहीं देगी, पर युद्ध जारी रहेगा। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह एक और इराक या लीबिया बन रहा है।

मार्शल प्लान 2: आज के मध्य पूर्व युद्ध को अधिक उपयुक्तता से समझने के लिए इन तथ्यों को दोहराया गया। एक तरफ शिया कट्टरपंथ का समर्थन करता है, तो दूसरी तरफ यहूदियों के विनाश के सिद्धांत का पालन करता है। अमेरिकी अपनी सहज प्रवृत्ति के कारण ऐसे राज्य को पनपने नहीं दे सकते, जो उनके तेल के सुचारु प्रवाह के लिए खतरा हों और भला अमेरिका को कौन चुनौती दे सकता है। अमेरिकी सरकार उन्हीं की मदद करती है, जो पिछलग्गू अरब देशों की तरह उनकी हां में हां मिलाएं, जबकि ईरान ऐसा हरगिज नहीं करता। इजराइल अपने अस्तित्व के लिए अमेरिकी लॉबी में शामिल हो गया और निशाना साधने के लिए दोनों देशों को एक साझा लक्ष्य मिल गया। इसके अलावा नेतन्याहू अमेरिकी यहूदियों के प्रिय हैं। अमेरिका में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने इजरायली प्रवासियों से यह वादा करके बहुत सहानुभूति बटोरी थी कि वह इजरायल के यहूदी को सम्मान देंगे।

यद्यपि, दिनांक 28 फरवरी, 2026 का दुर्भाग्यपूर्ण दिन पूरी तरह से आश्चर्यचकित करने वाला नहीं था, परंतु ईरान पर हमले की भयावहता कई लोगों की कल्पना से परे थी। डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू की जोड़ी ने अली खामेनी और उनके परिवार सहित ईरान के इस्लामी गणराज्य की केंद्रीय कमान को नष्ट कर दिया। यह एक लॉक स्टॉक और बैरल हमला था। उन्होंने सुनिश्चित किया कि यह हमला उन्हें जल्द से जल्द लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेगा और वे पृथ्वी पर से सभी बुराइयों से छुटकारा पा लेंगे, अफसोस कि ऐसा नहीं हुआ। युद्ध लगभग एक महीने से चल रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि इस युद्ध की चिंगारी तो दिखाई नहीं देगी, पर युद्ध जारी रहेगा। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह एक और इराक या लीबिया बन रहा है।

युद्ध के बाद देश के पुनर्निर्माण और विकास के लिए ईरान को एक और मार्शल प्लान (मार्शल प्लान 2) से समर्थन मिलना चाहिए। इराक-लीबिया सिंड्रोम से बचने के लिए व्यापक चौतरफा सहायता और समर्थन अपरिहार्य है। इजरायली सरकार को नए शासन का भागीदार होना चाहिए। इजराइल को पुनर्निर्माण में भागीदार बनाना हास्यास्पद लग सकता है। पर साझेदारी न केवल दोनों देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि दोनों देशों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की गारंटी भी देगी। इसका उदाहरण वर्ष 1967 के बाद मिस्र और जॉर्डन के साथ इजरायल के मध्य-पूर्व संघर्ष और उसके बाद हुए युद्धविराम से समझा जा सकता है। हालांकि सब कुछ इतना आसान नहीं है, फिर भी, वर्तमान अशांत स्थिति में भी इन देशों के बीच युद्धविराम है।

युद्ध के बाद की किसी भी कार्रवाई को शून्य कर देना और ईरान को अपनी मनमानी करने देना आधुनिक राज्य की राजनीति का हाराकिरी होगा। यदि मार्शल प्लान 2 के अंतर्गत सर्वांगीण अनुदान, सहायता और सहयोग नहीं दिया गया तो ईरान में एक और कट्टर उग्रवादी समूह उभर आएगा, जो इजरायल जैसे पड़ोसी देशों से और दुश्मनी ठानते हुए अमेरिका का दुश्मन बना रहेगा। इस स्थिति में सामान्य जनता के हितों की अनदेखी होने के साथ उग्रवाद को और बढ़ावा मिलता रहेगा। पुनर्निर्माण सहायता और सर्वांगीण समर्थन का मैग्नम हिस्सा संयुक्त राज्य अमेरिका से आना चाहिए। मार्शल प्लान 2 की सफलता से इजराइल और ईरान दोनों के लिए सांस्कृतिक/सभ्यतागत अहंकार से बचने का एक मार्ग प्रशस्त होगा। सह-अस्तित्व ही राज्यों को शांतिपूर्वक रहने में मदद करता है। हालांकि मार्शल प्लान 2 का आयोजन इतना आसान भी नहीं है, परंतु देश के सर्वांगीण विकास के लिए, इस दिशा में काम करना न्यायसंगत होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को चाहिए कि वे मार्शल प्लान 2 के प्रभावी रूप से अनुपालन में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## विस्थापन संकट

इजरायल, लेबनान की सीमा में 30 किलोमीटर अंदर घुस गया है। सिर्फ तीन हफ्तों में दक्षिणी लेबनान से 10 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जो उसकी आबादी का लगभग 20 फीसदी है। यह दुनिया का सबसे तेज विस्थापन संकट है। सीरिया और सोमालिया में भी इतनी तेजी से इतना बड़ा विस्थापन नहीं हुआ था। इजरायल ने ये सब हिजबुल्लाह के खिलाफ ऑपरेशन के नाम पर किया है, लेकिन हकीकत यह है कि ग्रेटर इजरायल के तहत यह उसकी पुरानी योजना का हिस्सा है। हिजबुल्लाह अब तक इजरायल को लिटानी नदी पार नहीं करने दे रहा था। वह उसे रोके हुए था। इजरायल ने बीते दिनों लिटानी के ऊपर बने सात पुलों को उड़ा दिया। इन पुलों के ध्वस्त होने से दक्षिणी लेबनान, मुख्य हिस्से से कट गया है।



दिलीप खान
ब्लॉगर

मैंने पहले भी कहा था कि इजरायल का ज्यादा ध्यान अभी लेबनान पर है। वह ईरान पर हमले जरूर कर रहा है, लेकिन लेबनान उसके एजेंडे में अहम है, क्योंकि वहां उसे 'जीत' की गुंजाइश नजर आ रही थी। पिछले तीन हफ्तों से वेस्ट बैंक में भी फिलिस्तीनियों के साथ इजरायली सेना और सेटलर (वहां आकर बसे या बसने की तमन्ना पाले हथियारबंद इजरायली-यहूदी) ने अभूतपूर्व हिंसा की है। व्यापक हत्याएं, बलात्कार, छिनैती, लूट जैसी वीभत्स खबरें तमाम सेंसरशिप के बावजूद रिपोर्ट हो रही हैं। पिछले हफ्ते एक फिलिस्तीनी पत्रकार को सुन रहा था, जिसका कहना था कि उसने ऐसी हिंसा अपनी जिंदगी में नहीं देखी। वह पिछले दो-तीन दशकों की बात कर रही थी। नए इलाके कब्जाने के लिए इजरायली सेना ने सेटलर्स को हथियार दिए हैं और वे गांव के गांव लूट रहे हैं। इन्होंने कई बस्तियों को आग लगाकर खाक कर दिया। इजरायल का शुरू से लक्ष्य है कि वह दक्षिणी लेबनान पर कब्जा कर ले। पहले उसके कुछ नेताओं ने यह मंशा जाहिर की कि वह वहां उसी तरह का घेरा बनाए, जैसा वह गाजा में बना रहा है। इसके बाद की क्रोनोलॉजी देखिए। उसने पहले दक्षिणी लेबनान पर आसमानी हमले किए। फिर लोगों से कहा कि घर छोड़कर भागो। फिर कहा कि जब तक हिजबुल्लाह का असर खत्म नहीं होता, तब तक लौटना मत। फिर टैंक लेकर जमीनी हमले शुरू किया। फिर लिटानी नदी के पुल तोड़े। फिर सेना वहां पहुंची और अब इजरायली नेता कह रहे हैं कि इस इलाके को इजरायल में मिला लो। यानी जो पुराना सपना था, वह इस क्रोनोलॉजी में बाद में जाहिर हो रहा है, लेकिन मूल सपना वही था। हिजबुल्लाह उस सपने के बीच में खड़ा था और अभी भी है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कानूनी रूप से गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार

किसी भी समाज में यह प्रबल धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की तब तक सेवा की जाए, जब तक उसके प्राण कुदरती तौर पर न निकल जाएं। खासकर भारतीय समाज में इस मुद्दे को लेकर गहरी संवेदनशीलता रही है, लेकिन जब कोई अपना प्रिय उस स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौट पाना संभव ही न हो, तो बदलते वक्त के साथ कानून के दायरे में उसकी मुक्ति की भी बात होने लगी है।

हाल ही में देश के सुप्रीम कोर्ट का 13 वर्ष से कोमा में रहने वाले एक युवा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने का निर्णय, जीवन के अंतिम चरण की देखभाल पर भारत में विकसित होते न्यायशास्त्र में नया मोड़ है। किसी असाध्य स्थिति में कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति देने वाला यह फैसला, अदालत द्वारा पहले से निर्धारित प्रक्रिया का पहला व्यावहारिक प्रयोग है। इस मामले में चिकित्सा बोर्डों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य नहीं था। इससे केवल जैविक अस्तित्व को ही लंबा खींच दिया गया। इस बाबत अदालत की स्वीकृति एक कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा, मृत्यु में भी गरिमा तक विस्तारित होनी चाहिए। निस्संदेह, भारत में इच्छामृत्यु पर कानूनी प्रगति धीमी रही है। इस मामले में पहली बार अरुणा शानबाग मामले में ध्यान दिया गया था। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार के अंतर्गत गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार देने के साथ यह मुद्दा अपने चरम पर पहुंचा।



आकाश सपेलकर
अधिवक्ता

दरअसल, इच्छामृत्यु से जुड़ी दुविधा, इससे जुड़े सिद्धांतों के क्रियान्वयन की अनिश्चितता को लेकर बनी रही है, जिसके चलते परिवारों व डॉक्टरों को जटिल प्रकिया व कानूनी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। हालिया फैसले से भी न्यायिक दिशा-निर्देशों मात्र पर निर्भर रहने की सीमाएं उजागर हुई हैं, बल्कि यहां तक कि देश की शीर्ष अदालत ने भी निष्क्रिय इच्छामृत्यु, लिविंग बिल और जीवन को लेकर अंतिम निर्णय को नियंत्रित करने वाले व्यापक कानून की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। ऐसे कानून में नैतिक संवेदनशीलता और प्रक्रियात्मक स्पष्टता के बीच बेहद संतुलन होना चाहिए। यह प्रक्रिया कमजोर रोगियों को दुर्व्यवहार से बचाते हुए, यह भी सुनिश्चित करे कि परिवार और चिकित्सा पेशेवर कानूनी परिणामों के भय के बिना कार्य कर सकें। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल, पारदर्शी चिकित्सा मूल्यांकन और रोगी की स्वायत्तता का सम्मान आवश्यक है। निष्कर्ष यह भी है कि जब उपचार असंभव हो, तो चिकित्सा उपायों से रोगी की पीड़ा को लंबा नहीं खींचा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत की कारगर सलाह के मद्देनजर देश के नीति-नियंताओं को एक मानवीय कानूनी ढांचा तैयार करने के बारे में गंभीरता से सोचना चहिए, जो टाली न जा सकने वाली विषम स्थिति में व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने और मरने की अनुमति दे सके। देश में इस बाबत एक संवेदनशील कानून बनाने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। साथ ही ऐसा कानून बनाते वक्त मानवीय संवेदनशीलता तथा कानूनी सुरक्षा कवच के बीच संतुलन बनाना भी उतना ही जरूरी होगा। वहीं हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा संकीर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किसी व्यक्ति की दबाव में इच्छामृत्यु के लिए परिस्थितियां पैदा न की जा सकें। दुनिया के तमाम विकसित देशों में इस आशंका के चलते ही इच्छामुत्यु को कानूनी रूप देने से परहेज किया गया है। यह जटिल मामला भी है, जिसके निर्धारण के लिए कानूनी स्पष्टता और मामले की गहन निगरानी भी उतनी ही जरूरी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अमृत विचार कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### एक मजाक से हुई थी 'OK' की शुरुआत

'OK' सिर्फ दो अक्षरों का यह छोटा-सा शब्द आज पूरी दुनिया की साझा भाषा बन चुका है। चाहे आप किसी अनजान देश में हों या अलग भाषा बोलने वाले लोगों के बीच, 'OK' हर जगह समझा जाता है। इसकी शुरुआत जितनी साधारण दिखती है, उतनी ही दिलचस्प भी है। दरअसल, साल 1839 में अमेरिका के अखबारों में एक अनोखा ट्रेंड चल रहा था। शब्दों को जानबूझकर गलत लिखना और उन्हें छोटा करके पेश करना। इसी मजाकिया अंदाज में 'all correct' को 'oll korrect' लिखा गया और इसका संक्षिप्त रूप बना 'O.K.'। धीरे-धीरे यह मजाक लोगों की जुबान पर चढ़ गया। फिर आया 1840 का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, जिसने 'OK' को नई पहचान दी। उम्मीदवार मार्टिन वैन ब्यूरन के समर्थकों ने "OK Club" बनाकर इसे प्रचार का नारा बना दिया- "We're OK!"। यहीं से यह शब्द आम लोगों के बीच लोकप्रिय हो गया। 'OK' की उत्पत्ति को लेकर कई और सिद्धांत सामने आए। कुछ लोगों ने इसे चॉकटॉ जनजाति के शब्द "okeh" से जोड़ा। यहां तक कि अमेरिका के राष्ट्रपति वुडरो विल्सन भी "OK" की जगह "okeh" लिखते थे। भाषा वैज्ञानिकों ने शोध के आधार पर यह साफ कर दिया कि 'OK' की असली जड़ें 'oll korrect' से ही जुड़ी हैं। समय के साथ 'OK' ने भाषाओं की सीमाएं तोड़ दीं और आज यह सहमति, संतोष और सामान्य प्रतिक्रिया का प्रतीक बन गया है। मजाक से जन्मा यह शब्द अब वैश्विक संवाद का सबसे आसान माध्यम बन चुका है।




## नोटिस बोर्ड

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा

- लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी (नियमित) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसंधान प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह परीक्षा 30 और 31 मार्च को आयोजित की जाएगी। दोनों दिन यह परीक्षा सुबह 10:30 बजे से 12:00 बजे तक संचालित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और प्रवेश पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।



### परीक्षाओं का कार्यक्रम

- महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली ने वर्ष 2026 के लिए बीएससी नर्सिंग, बीपीटी और बीएससी एमएलटी पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं पूरक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार ये परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू होकर अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के लिए एक समान समय निर्धारित किया गया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी।




# नए युवा और बदलती करियर संभावनाएं





संध्या राजपुरोहित
शिक्षिका

आज का समय अवसरों, संभावनाओं और प्रतिस्पर्धा का समय है। बदलती तकनीक, वैश्वीकरण और नई आर्थिक संरचनाओं ने करियर के पारंपरिक ढांचे को पूरी तरह परिवर्तित कर दिया है। एक समय था जब डॉक्टर, इंजीनियर या सरकारी नौकरी को ही सफलता का पर्याय माना जाता था, लेकिन आज डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मीडिया, डिजाइन, खेल, उद्यमिता और अनेक कौशल आधारित क्षेत्रों में भी उज्ज्वल भविष्य के द्वार खुले हैं। यह विविधता जहां एक ओर युवाओं को नए अवसर प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर उनके सामने सही चुनाव की चुनौती भी खड़ी करती है।

### रोजगार योग्य कौशल

भारत का वर्तमान जनसांख्यिकीय परिदृश्य इस चर्चा को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है और हर वर्ष लगभग 1.2 करोड़ युवा कार्यबल में प्रवेश करते हैं। यह स्थिति भारत को एक बड़ी संभावित शक्ति प्रदान करती है, जिसे "डेमोग्राफिक डिविडेंड" कहा जाता है। यदि इस युवा शक्ति को उचित दिशा, कौशल और अवसर नहीं मिले, तो यही संभावना एक चुनौती में परिवर्तित हो सकती है। यही वह बिंदु है, जहां कैरियर चयन और कौशल विकास के बीच का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। विभिन्न रिपोर्ट्स यह संकेत करती हैं कि देश में रोजगार की समस्या से अधिक "रोजगार योग्य कौशल" की कमी एक बड़ी चुनौती है। आज भी लगभग आधे युवा ऐसे हैं, जो उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह तैयार नहीं हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि केवल लगभग 50 प्रतिशत ग्रेजुएट ही वास्तव में जॉब-रेडी माने जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक दक्षताओं से वंचित रह जाते हैं। यह स्थिति शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ती खाई को भी उजागर करती है।



### युवाओं के लिए अवसर और चुनौती

देश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, फिर भी बेरोजगारी के आंकड़ों में बड़ी हिस्सेदारी शिक्षित युवाओं की ही दिखाई देती है। लगभग 65 से 67 प्रतिशत बेरोजगार युवाओं का ग्रेजुएट होना इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि केवल डिग्री हासिल करना सफलता की गारंटी नहीं है। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली अभी भी अधिकतर सैद्धांतिक ज्ञान पर आधारित है, जबकि उद्योग और समाज को व्यावहारिक कौशल, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है। कौशल अंतर या "स्किल गैप" भी इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। देश में औपचारिक रूप से प्रशिक्षित युवाओं का प्रतिशत अभी भी बहुत कम है, जो लगभग 4 से 5 प्रतिशत के आसपास माना जाता है। वहीं, नई तकनीकी क्षेत्रों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और डिजिटल तकनीक में कुशल युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उस अनुपात में प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध नहीं है। यह अंतर युवाओं के लिए अवसर भी है और चुनौती भी, क्योंकि जो इस दिशा में स्वयं को तैयार करेगा, वही भविष्य में आगे बढ़ेगा।

### रोजगार की गुणवत्ता

रोजगार की गुणवत्ता भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभर रही है। बड़ी संख्या में युवा अपनी योग्यता से कम स्तर के कार्य करने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनमें असंतोष और अस्थिरता की भावना बढ़ती है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डालती है। इन सभी तथ्यों और आंकड़ों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि विद्यार्थी अपने कैरियर का चुनाव किस प्रकार करें। इसका उत्तर आत्म पहचान में निहित है। प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी रुचियां, क्षमताएं और सपने होते हैं। जब कोई व्यक्ति अपनी रुचि के अनुरूप क्षेत्र का चयन करता है, तो वह उसमें अधिक समय तक टिकता है, बेहतर प्रदर्शन करता है और अंततः संतुष्टि भी प्राप्त करता है। इसके विपरीत, यदि कैरियर का चुनाव केवल सामाजिक दबाव, तुलना या अधूरी जानकारी के आधार पर किया जाता है, तो वह आगे चलकर असंतोष का कारण बनता है। सही निर्णय के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी अपने भीतर झांकें, अपनी रुचियों और क्षमताओं को समझें और विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में ठोस जानकारी प्राप्त करें।



### रुचि, क्षमता और लक्ष्य

आज सूचना के अनेक स्रोत उपलब्ध हैं, लेकिन सही और प्रामाणिक जानकारी का चयन करना भी उतना ही आवश्यक है। इसके साथ ही शिक्षकों, अभिभावकों और कैरियर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेना निर्णय को अधिक सुदृढ़ बनाता है। इस प्रक्रिया में परिवार और विद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर अपने सपनों का बोझ न डालें, बल्कि उनकी रुचियों और क्षमताओं को समझते हुए, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। वहीं शिक्षकों का दायित्व केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि वे विद्यार्थियों के मार्गदर्शक बनकर उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए तैयार करते हैं। एक सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करता है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आज का समय निरंतर सीखने का समय है। कैरियर अब एक स्थिर विकल्प नहीं, बल्कि एक गतिशील यात्रा बन चुका है, जिसमें समय-समय पर नए कौशल सीखना, स्वयं को अपडेट करना और बदलती परिस्थितियों के अनुसार ढलना आवश्यक है। यही लचीलापन और सीखने की प्रवृत्ति व्यक्ति को दीर्घकालिक सफलता की ओर ले जाती है। अंतत: यह स्पष्ट है कि कैरियर का सही चुनाव केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाली प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया तभी सफल हो सकती है, जब उसमें आत्मविश्वास, सही जानकारी, कौशल विकास और स्पष्ट लक्ष्य का समन्वय हो। आज के विद्यार्थी यदि इन आधारों को समझकर अपने कैरियर की दिशा तय करते हैं, तो वे न केवल अपने लिए एक सफल भविष्य का निर्माण करेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। याद रखना होगा कि कैरियर का चुनाव भीड़ का अनुसरण नहीं, बल्कि अपनी पहचान को समझते हुए अपनी राह बनाने की प्रक्रिया है। सही कैरियर वही है, जहां रुचि, क्षमता और लक्ष्य एक साथ मिलकर जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं।

## कॉलेज का पहला दिन

### जब सपना बना हकीकत



भावना
हल्द्वानी

मेरे जीवन के अनुभवों में कॉलेज में मेरा पहला दिन शामिल है, जिन्हें मैं हमेशा संजोकर रखना चाहूंगी। यह सिर्फ एक नए कॉलेज में प्रवेश नहीं था, बल्कि अपने सपनों की दिशा में पहला ठोस कदम भी था। पत्रकारिता की पढ़ाई शुरू करना मेरे लिए लंबे समय से एक सपना रहा था और जब वह दिन आया, तो मेरे मन में उत्साह, जिज्ञासा और हल्की-सी घबराहट एक साथ उमड़ रही थी।

सुबह जब मैं कॉलेज परिसर में पहुंची, तो हर चीज मुझे नई और अलग लग रही थी। चारों ओर अनजान चेहरे, नई-नई इमारतें और एक बिल्कुल अलग माहौल मानो मैं एक नई दुनिया में प्रवेश कर रही थी। दिल की धड़कनें थोड़ी तेज थीं, लेकिन भीतर कहीं एक खुशी भी थी कि अब मैं अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हूं। पहले दिन की शुरुआत परिचय सत्र से हुई। कक्षा में बैठते ही शिक्षकों ने बड़े सहज और प्रेरणादायक अंदाज में पत्रकारिता के महत्व को समझाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता केवल खबरें लिखने या दिखाने का काम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक सशक्त माध्यम है। एक सच्चा पत्रकार वही होता है, जो निष्पक्ष होकर सच को सामने लाए, लोगों की आवाज बने और समाज की समस्याओं को उजागर करे। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर इस पेशे के प्रति सम्मान और भी बढ़ गया। क्लास के दौरान मैं ध्यान से हर बात सुन रही थी, लेकिन साथ ही अपने आसपास बैठे छात्रों को देखकर थोड़ी झिझक भी महसूस हो रही थी। सब एक-दूसरे से अनजान थे, फिर भी हर किसी के चेहरे पर कुछ नया सीखने की उत्सुकता साफ दिखाई दे रही थी। पहली क्लास खत्म होने के बाद धीरे-धीरे माहौल थोड़ा सहज होने लगा। मैंने हिम्मत जुटाकर अपने सहपाठियों से बातचीत शुरू की। शुरुआत में थोड़ी झिझक थी, लेकिन जल्द ही वह घुलने लगी। कुछ ही देर में मेरी कुछ नए दोस्तों से अच्छी पहचान हो गई। उनसे बात करके ऐसा लगा जैसे हम पहले से ही एक-दूसरे को जानते हों। इस छोटी-सी पहल ने मेरे आत्मविश्वास को काफी बढ़ा दिया। दिन के अंत तक मेरी सारी घबराहट लगभग खत्म हो चुकी थी और उसकी जगह एक नई ऊर्जा ने ले ली थी। मुझे एहसास हुआ कि यह सफर न केवल सीखने का होगा, बल्कि खुद को समझने और निखारने का भी अवसर देगा। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज का वह पहला दिन मेरे लिए सिर्फ शुरुआत नहीं, बल्कि एक नई पहचान की नींव था।



## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में 1998 बैच के अधिकारी कृष्ण कुमार ठाकुर ने NMDC लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण कर लिया है। NMDC भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है। उन्होंने भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा के अधिकारी के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। उनके पास भारतीय रेलवे और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में मानव संसाधन प्रबंधन का दो दशकों से भी अधिक का अनुभव है।
- भारत जून 2026 से लिपुलेख दर्रा के माध्यम से चीन के साथ सीमा व्यापार फिर से शुरू करने जा रहा है। यह कदम 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान लगाए गए सात साल के प्रतिबंध को समाप्त करेगा। यह निर्णय विभिन्न मंत्रालयों की मंजूरी और महत्वपूर्ण कूटनीतिक वार्ताओं के बाद लिया गया है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित यह ऐतिहासिक व्यापार मार्ग लंबे समय से स्थानीय लोगों की आजीविका का आधार रहा है और इसके दोबारा खुलने से व्यापारियों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।
- हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ओपनर साहिबजादा फरहान को फरवरी 2026 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया गया है। यह सम्मान उन्हें आईसीसी मेन्स टी-20 विश्व कप 2026 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मिला। फरहान ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक रन बनाए और इतिहास रच दिया। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक ही टी-20 वर्ल्ड कप संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का नया रिकॉर्ड बनाया।
- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।

## जॉब अलर्ट

### IDBI बैंक लिमिटेड

- पद का नाम : स्पेशलिस्ट ऑफिसर (डीजीएम, एजीएम, मैनेजर, जूनियर असिस्टेंट मैनेजर–सिक्योरिटी ऑफिसर)
- कुल पद :33
- योग्यता- आई/कंप्यूटर साइंस/इलेक्ट्रॉनिक्स/डेटा/एआई/रिलेटेड फील्ड में ग्रेजुएट/पोस्टग्रेजुएट डिग्री या XII/डिप्लोमा जेसीओ सर्विस (सिक्योरिटी ऑफिसर के लिए) के साथ, तय एक्सपीरियंस के साथ
- आयु सीमा-25 से 45 साल, सिक्योरिटी ऑफिसर के लिए 50 साल तक, रिलैक्सेशन के साथ)
- वेबसाइट- https://www.idbibank.in

### को-ऑपरेटिव बैंकिंग एंड टेक्निकल सर्विसेज परीक्षा

- पद का नाम : मैनेजर, जूनियर मैनेजर, असिस्टेंट कैशियर, असिस्टेंट/टाइपिस्ट, असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल)
- कुल पद-116 पोस्ट
- वेबसाइट- https://upcisb.org

### IRB GD कांस्टेबल रिक्रूटमेंट

- पद का नाम-कांस्टेबल बैंड, कांस्टेबल बगलर, कांस्टेबल, कॉन्स्टेबल सिविल पुलिस (महिला), कांस्टेबल सिविल पुलिस (पुरुष), फायरमैन, स्पेशल टाइगर गार्ड
- कुल पद -984 (APST, UR और एक्स-सर्विसमैन कोटा मिलाकर)
- पे स्केल- पे मैट्रिक्स लेवल-3 (21,700 – 69,100)
- योग्यता- क्लास 10 वीं, (पोस्ट के हिसाब से तय फ़िज़िकल स्टैंडर्ड और दूसरी एलिजिबिलिटी शर्तें)
- आयु सीमा- 18-22 साल कांस्टेबल पोस्ट (पोस्ट कोड 5/26 से 9/26), फायरमैन और स्पेशल टाइगर गार्ड के लिए 18–32 साल (पोस्ट कोड 10/26 और 11/26), एपीएसटी और एक्स-सर्विसमैन के लिए नियम के अनुसार ऊपरी उम्र में छूट
- वेबसाइट- https://apssb.nic.in

### इसरो यूआरएससी

- पद का नाम : वैज्ञानिक/इंजीनियर 'एससी', वैज्ञानिक/इंजीनियर 'एसडी', चिकित्सा अधिकारी 'एससी'
- कुल पद : 4
- पे स्केल : पद के हिसाब से अलग-अलग स्केल
- योग्यता : पदानुसार
- आयु सीमा : 25-35 वर्ष
- वेबसाइट : www.isro.gov.in & www.ursc.gov.in

# स्टडी से लेकर ट्रैवल तक, अपनाएं ये स्मार्ट कोर्स



ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ

12 वीं के बाद करियर चुनना केवल पारंपरिक ग्रेजुएशन तक सीमित नहीं रह गया है। आज के समय में कई ऐसे प्रोफेशनल और डिप्लोमा कोर्स मौजूद हैं, जो न सिर्फ बेहतर करियर के अवसर देते हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का रास्ता भी खोलते हैं। इन कोर्स के जरिए छात्रों को विदेश में ट्रेनिंग, सेमिनार, प्रोजेक्ट और यहां तक कि नौकरी के मौके भी मिल सकते हैं। यदि आप पढ़ाई के साथ-साथ दुनिया घूमने का सपना देखते हैं, तो सही कोर्स का चुनाव आपके भविष्य को नई दिशा दे सकता है। आइए जानते हैं ऐसे पांच प्रमुख कोर्स के बारे में, जो आपको वैश्विक मंच तक पहुंचा सकते हैं।



### एमबीए इन इंटरनेशनल रिलेशन

आज के दौर में एमबीए इन इंटरनेशनल रिलेशन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, वैश्विक व्यापार और कूटनीति में रुचि है। इसमें देशों के आपसी संबंध, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, विदेशी नीतियां और वैश्विक अर्थव्यवस्था जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कोर्स की खासियत यह है कि पढ़ाई के दौरान छात्रों को इंटरनेशनल सेमिनार, एक्सचेंज प्रोग्राम और रिसर्च प्रोजेक्ट में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। भारत में जवाहरलाल नेहरू विश्वविघालय,जाधवपुर विश्वविघालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र में बेहतरीन शिक्षा प्रदान करते हैं।

### डिप्लोमा इन इंटरनेशनल रिलेशन

यदि कोई छात्र जल्दी इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाहता है, तो डिप्लोमा इन इंटरनेशनल रिलेशन एक अच्छा विकल्प है। यह कोर्स सामान्यत : एक से दो वर्ष का होता है और इसमें वैश्विक राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय कानून और कूटनीति की बुनियादी जानकारी दी जाती है।

### ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट

अगर आपको घूमना-फिरना पसंद है और नई संस्कृतियों को जानने का शौक है, तो ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इस कोर्स में टूर प्लानिंग, एयरलाइन ऑपरेशन, होटल मैनेजमेंट और इंटरनेशनल टूरिज्म जैसे विषय शामिल होते हैं। इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को अक्सर विदेश यात्रा करनी पड़ती है, क्योंकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज तैयार करने, क्लाइंट्स से मिलने और विभिन्न देशों में सेवाएं समन्वित करने का काम करना होता है। कई कंपनियां अपने कर्मचारियों को विदेश में ट्रेनिंग और बिजनेस ट्रिप के लिए भी भेजती हैं, जिससे अनुभव और आय दोनों बढ़ते हैं।

### फॉरेन ट्रेड एंड इंटरनेशनल बिजनेस

ग्लोबलाइजेशन के दौर में फॉरेन ट्रेड एंड इंटरनेशनल बिजनेस से जुड़े कोर्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस कोर्स में इंपोर्ट-एक्सपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय बाजार, फाइनेंस और ट्रेड पॉलिसी की जानकारी दी जाती है। इस क्षेत्र में कार्यरत प्रोफेशनल्स को ट्रेड फेयर, बिजनेस मीटिंग और मार्केट रिसर्च के लिए विदेश जाना पड़ सकता है। भारत में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड (आईआईएफटी) इस क्षेत्र का प्रमुख संस्थान है। यहां से पढ़ाई करने के बाद छात्रों को बेहतरीन प्लेसमेंट मिलते हैं और सैलरी पैकेज भी आकर्षक होता है।

### यूपीएससी के जरिए इंडियन फॉरेन सर्विसेस

अगर आप सरकारी सेवा के माध्यम से विदेश में काम करना चाहते हैं, तो संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा के जरिए भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) में शामिल हो सकते हैं। यह भारत की सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। आईएफएस अधिकारी भारत का प्रतिनिधित्व विदेशों में करते हैं और उन्हें विभिन्न देशों में दूतावासों में नियुक्त किया जाता है। हालांकि इसमें चयन के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा और उच्च रैंक आवश्यक होती है, लेकिन यह करियर सम्मान, अनुभव और अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,273.45 | 23,306.45 |
| बढ़त | 1205.00 | 394.05 |
| प्रतिशत में | 1.63 | 1.72 |

सोना 1,49,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,41,250 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, गुरुवार, 26 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2610, राज श्री 2020, फ़ॉर्चून कि. 2630, रविन्द्रा 2520, फॉर्चुन 13kg 2320, जय जवान 2185, सचिन 2300, सूरज 2185, अवसर 2100, उजाला 2190, गृहणी 13 kg 2160, क्लासिक (kg) 2500, मोर 2390, चक्र टिन 2580, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2480, स्वास्तिक 2565 **किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050 **चावल**–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200 **दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800 **चीनी**– पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना–पक्के आभूषण 148500, सोना–गिन्नी 144500, चांदी–पक्की 2360 ( अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### अकासा एयर ने बनाया 42 माह में 2.5 करोड़ यात्रियों का रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर ने संचालन शुरू करने के मात्र 42 महीनों ( साढ़े तीन साल) से थोड़े अधिक समय में 2.5 करोड़ से अधिक यात्रियों को सेवा देने की उपलब्धि हासिल कर ली है। अकासा ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली सबसे तेज भारतीय एयरलाइन बन गयी है। एयरलाइन ने अगस्त 2022 में पहली उड़ान भरी थी और लगातार उद्योग में उच्च पैसेंजर लोड फैक्टर (भरी सीटों का अनुपात) दर्ज किया है।

# कच्चे तेल में नरमी से बाजार में दूसरे दिन भी तेजी सेंसेक्स 1,205 और निफ्टी 394 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल के दाम में कमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के साथ घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक यानी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,781.31 अंक चढ़कर 75,849.76 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.07 प्रतिशत टूटकर 99.19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार और पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद बढ़ने से शेयर बाजारों में तेजी बनी रही।

अमेरिका और ईरान के बयान में विरोधाभास के बावजूद, दोनों देशों के बीच संभावित राजनयिक प्रगति के कारण कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से नीचे आ गईं, जिसका बाजार ने स्वागत किया।

छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 3.05 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 2.50 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 8,009.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,867.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### रुपया 29 पैसे टूटकर 94.05 प्रति डॉलर पर



**मुंबई, एजेंसी।** रुपया बुधवार को 29 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 94.05 (अस्थायी) पर आ गया। विदेशी पूंजी की भारी निकासी और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से निवेशक चिंतित हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर के कमजोर रुख और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक धारणा के बावजूद स्थानीय मुद्रा को कोई राहत नहीं मिल सकी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 93.94 पर खुला। डॉलर के मुकाबले 93.86 से 94.08 की सीमा में कारोबार करने के बाद अंततः यह 94.05 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 29 पैसे की गिरावट है।

### 15.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार में आई तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति दो सत्र में 15.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया युद्ध को लेकर तनाव कम होने की उम्मीद से बाजार में सुधार देखा गया। शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्र से तेजी बनी हुई है और इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 2,577.06 अंक यानी 3.54 प्रतिशत चढ़ा है। बुधवार को 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक यानी 1.63 प्रतिशत चढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों की सकारात्मक धारणा से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो सत्र में 15,80,204.92 करोड़ रुपये बढ़कर 4,31,01,834.74 करोड़ रुपये हो गया।

# एक अप्रैल से पुनर्खरीद के तहत शेयर बेचने से पूंजीगत लाभ पर एक समान 12% अधिभार

- सरकार ने लोस में पेश किए वित्त विधेयक 2026 में 32 संशोधन
- राज्यसभा में इन संशोधनों पर शुक्रवार को होगी चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कंपनियों की पुनर्खरीद पेशकश में शेयर बेचकर व्यक्तिगत या कॉरपोरेट शेयरधारकों द्वारा अर्जित पूंजीगत लाभ पर एक अप्रैल से 12 प्रतिशत का एक समान अधिभार लगाया जाएगा। लोकसभा से बुधवार को वित्त विधेयक को मिली मंजूरी में यह संशोधन किया गया है। सरकार ने बुधवार को वित्त विधेयक 2026 में 32 संशोधन पेश किए। विधेयक को बाद में सदन ने मंजूरी दे दी। संशोधित वित्त विधेयक पर शुक्रवार को राज्यसभा में विचार ह।

संशोधनों पर टिप्पणी करते हुए, नांगिया ग्लोबल एडवाइजर्स के कर भागीदार (विलय एवं अधिग्रहण) संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए पुनर्खरीद से प्राप्त पूंजीगत लाभ पर 12 प्रतिशत का एकसमान अधिभार लगाने से उनकी प्रभावी कर लागत में काफी वृद्धि होगी, क्योंकि पहले कम अधिभार लागू था। वर्तमान में, 50 लाख रुपये तक की कर योग्य आय पर कोई अधिभार नहीं लगाया जाता है, जबकि 50 लाख रुपये और एक करोड़ रुपये के बीच की कर योग्य आय पर पुनर्खरीद (बायबैक) से प्राप्त पूंजीगत लाभ पर 10 प्रतिशत का अधिभार लगता है। झुनझुनवाला ने कहा कि एकसमान 12 प्रतिशत अधिभार लगाने से इन सभी श्रेणियों में कर का भुगतान बढ़ जाएगा, जिससे लाभांश जैसे विकल्पों की तुलना में पुनर्खरीद नकदी जुटाने का एक महंगा तरीका बन जाएगा। इससे व्यक्तिगत शेयरधारकों की पुनर्खरीद में रुचि कम होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि इस संशोधन का प्रभाव मुख्य रूप से छोटी और मध्यम आकार की पुनर्खरीद तक ही सीमित रहेगा। झुनझुनवाला ने कहा कि बड़ी यानी एक करोड़ रुपये से अधिक की पुनर्खरीद पर पहले से ही 15 प्रतिशत का उच्च अधिभार लागू होता है। ऐसे में यह संशोधन वास्तव में इस श्रेणी के लिए अधिभार में तीन प्रतिशत की कमी का संकेत देता है।कॉरपोरेट शेयरधारकों के लिए, पुनर्खरीद पर एकसमान 12 प्रतिशत अधिभार उन स्थितियों में प्रभाव डाल सकता है जहां कर योग्य आय एक करोड़ रुपये तक है, जहां पहले कोई अधिभार लागू नहीं होता था।

## 2026-27 में भारत की वृद्धि दर 7.1 फीसदी रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निजी खपत, निवेश एवं निर्यात वृद्धि के प्रमुख चालक रहेंगे। हालांकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर अपनी नवीनतम त्रैमासिक आर्थिक टिप्पणी में एसएंडपी ने कहा कि नए भू-राजनीतिक तनाव और लगातार बने व्यापार संबंधी अनिश्चितता के जोखिम से भारत पर वस्तु कीमतों, व्यापार मात्रा एवं पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव के माध्यम से असर पड़ सकता है। इसमें कहा गया कि यदि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो भारत में ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं, ताकि सब्सिडी लागत को नियंत्रित किया जा सके।

### प्रत्येक 3 में से एक पीसी साइबर हमलों का शिकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत में वर्ष 2025 के दौरान प्रत्येक तीन में से एक निजी कंप्यूटर (पीसी) उपयोगकर्ता स्थानीय स्तर पर होने वाले ऑफलाइन साइबर हमलों का निशाना बना। साइबर सुरक्षा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कैस्परस्काई ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

# घरों में रखे सोने को वित्तीय प्रणाली में लाना चाहिए

## पूर्व मंत्री ने कहा-आर्थिक वृद्धि में सीमित रह जाती है भौतिक रूप से जमा सोने की भूमिका

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत को घरों में रखे सोने के भंडार को वित्तीय प्रणाली में लाया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.पी. चौधरी और बाजार के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को यह बात कही और तर्क दिया कि भौतिक रूप से सोना जमा रखने से आर्थिक वृद्धि में उसकी भूमिका सीमित रह जाती है। संसद की वित्त पर स्थायी समिति के सदस्य चौधरी ने कहा कि सोने के अधिक वित्तीयकरण से भारत की सर्राफा आयात पर निर्भरता कम हो सकती है और चालू खाते के घाटे (कैड) पर दबाव घट सकता है।

उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में यहां उन्होंने कहा कि रत्न एवं आभूषण क्षेत्र पहले ही देश के कुल माल निर्यात में करीब 15 प्रतिशत योगदान देता है और करीब 50 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य कारोबार विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा कि भारत के घरों तथा मंदिरों में मिलाकर कुल 50,000 टन सोना है जिसकी कीमत करीब 10,000 अरब डॉलर आंकी जाती है और इसका बड़ा हिस्सा औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर है। उन्होंने सरकार से इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) के माध्यम से सोने के वित्तीयकरण में आने वाली बाधाओं को दूर करने का आग्रह करते हुए कहा कि हमारे पास मंच है, क्षमता है एवं प्रौद्योगिकी भी है।



- घरों और मंदिरों में है करीब 10,000 अरब डॉलर कीमत का कुल 50,000 टन सोना

ईजीआर, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) समर्थित एक साधन है जिसके तहत उपभोक्ता भौतिक सोना जमा कर उसे शेयर की तरह स्टॉक एक्सचेंज पर कारोबार के लिए उपयोग कर सकते हैं।

# जापानी तकनीकी से बढ़ेगा यूपी का निवेश

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



जापानी आईजेसीसी के साथ वर्चुअल मीटिंग के दौरान आईआईए के पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भारत-जापान औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाया है।

आईआईए और इंडो-जापान चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईजेसीसी) ने एमओयू साइन किया है। इससे उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम उन्नत जापानी तकनीक को बढ़ावा देगा। इससे उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्कता बढ़ेगी। साथ ही जापानी उद्योगों की स्थापना से निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री की जापान यात्रा के बाद मंगलवार को आईआईए और आईजेसीसी के बीच वर्चुअल बैठक की गई। इस अवसर पर आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आईजेसीसी के चेयरमैन और अन्य सदस्य शामिल हुए। इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य आईआईए को एक प्रमुख निष्पादन संस्था के रूप में स्थापित करना था ताकि एमएसएमई के विकास और वैश्विक एकीकरण को सुगम बनाकर विकसित उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा सके। इसके लिए दोनों के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह पहल उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य में बदलेगी। साथ ही नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और रणनीतिक वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाएगी।

- आईआईए ने इंडो-आईजेसीसी के साथ साइन किया एमओयू

### गुणवत्ता सुधार के साथ बढ़ेगी निर्यात क्षमता

साझेदारी में मुख्य रूप से एमएसएमई द्वारा उन्नत जापानी तकनीक अपनाने को बढ़ावा दिया जाएगा। ताकि उनकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ सके। इसके अलावा प्रदेश में जापानी उद्योगों की स्थापना को सुगम बनाया जाएगा। इससे निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय और जापानी उद्यमों के बीच व्यवस्थित बीटूबी बैठकों और व्यावसायिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा। एमएसएमई के विकास के लिए काइजेन यानी बेहतरी के लिए बदलाव और जेपीओ आधारित प्रशिक्षण आयोजित करके विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त जापानी उत्पादकता पद्धतियां लागू की जाएंगी। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कौशल विकास और क्षमता निर्माण की पहल मजबूत की जाएगी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# तमिलनाडुः अन्नाद्रमुक ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची


**चेन्नई, एजेंसी।**

तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रही प्रमुख विपक्षी अन्नाद्रमुक ने बुधवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें 20 पूर्व मंत्रियों सहित वरिष्ठ नेताओं को बरकरार रखा गया है।

यह सूची सभी प्रमुख सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने और मुफ्त वादों वाले घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद जारी की गई है। इनमें से अधिकांश लोकप्रिय चेहरे हैं जो दिवंगत अन्नाद्रमुक नेता जे जयललिता के कार्यकाल में मंत्री रह चुके हैं। वे उन सीटों से चुनाव लड़ेंगे जिन्हें उनका पारंपरिक गढ़ माना जाता है और जहां वे कई बार जीत हासिल कर चुके हैं। पार्टी के दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारकर, अन्नाद्रमुक के महासचिव के एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि वह सत्तारूढ़ द्रमुक के खिलाफ एक मजबूत चुनौती पेश करने का इरादे रखते हैं, जिसे उन्होंने सत्ता से बेदखल करने की कसम खाई है।


पार्टी ने अभी तक आधिकारिक तौर पर उन सीटों की संख्या नहीं बताई है जिन पर वह चुनाव लड़ेगी, लेकिन उसने कुल 234 विधानसभा सीटों में से 63 सीटें अपने सहयोगियों को आवंटित कर दी है।

### द्रमुक के चिह्न पर लड़ेंगे 175 उम्मीदवार: स्टालिन



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) के भागीदारों के साथ सीट बंटवारा पूरा कर लिया गया है। द्रमुक के 'उगते सूरज' के चिन्ह के तहत कुल 175 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। द्रमुक ने अपने नौ सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे का समझौता किया है, जिसके तहत कुल 234 विधानसभा सीटों में से 66 सीटें आवंटित की गई हैं। पार्टी ने लंबे समय से सहयोगी रहे मुस्लिम संगठनों इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और एमएमके को दो-दो सीटें, अपने मुख्य सहयोगी कांग्रेस को 28, एमडीएमके को 4, केएमडीके को दो, भाकपा माकपा को पांच-पांच सीटें दी हैं।

# वो आज वोट का अधिकार छीन रहे कल नागरिकता छीन लेंगे: ममता



**मैनागुड़ी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी, केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर बुधवार को तीखा हमला करते हुए उनपर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यह चेतावनी दी कि उनका अगला कदम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के जरिये नागरिकता छीनने का प्रयास हो सकता है। बनर्जी ने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान की शुरुआत राजनीतिक रूप से अहम उत्तर बंगाल से करते हुए यह टिप्पणी की। उत्तर बंगाल एक ऐसा क्षेत्र है जो 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ बनकर उभरा है।

जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुड़ी क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से संवैधानिक संस्थानों का उपयोग लोगों के मतदान के अधिकारों को छीनने के लिए किया जा रहा है।

### तृणमूल कांग्रेस ने मुस्लिम वोट तो लिये लेकिन उनके लिए किया कुछ नहीं: ओवैसी



**कोलकाता, एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने मुस्लिम वोट तो हासिल कर लिए लेकिन समुदाय के लिए कुछ नहीं किया। ओवैसी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीति ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उभरने में मदद की। ओवैसी ने कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं और उनकी पार्टी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ हाथ मिलाया है ताकि जनता को वह विकल्प प्रदान किया जा सके जिसकी उन्हें तलाश है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि लगभग पांच लाख ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। इनमें से कई मुस्लिम परिवारों से थे।

## बंगाल: भाजपा की तीसरी सूची जारी आरजी कर पीड़िता की मां को पानीहाटी से उम्मीदवार बनाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने बुधवार को आगामी पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए 19 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। इसमें आरजी कर की पीड़िता की मां का नाम भी शामिल है, जिन्हें पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। अगस्त 2024 में कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बेटी के साथ हुए बलात्कार और हत्या की जांच की सबसे मुखर आलोचकों में से एक के रूप में उभरी उम्मीदवार ने हाल ही में दावा किया था कि वह और उनके पति भाजपा में शामिल हो गए हैं। घोषणा के बाद एक टीवी चैनल से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना गर्व की बात नहीं बल्कि एक पीड़ादायक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीदवार बन गई हूं। अगर मैं जीतती हूं तो पानीहाटी के लोग जीतेंगे। मैं उन लोगों के लिए आवाज उठाऊंगी जो विरोध करना भूल चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति में सुधार लाने और लोगों की सेवा करने के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा कि अगर मैं लोगों की सेवा कर सकूं तो मेरी बेटी भी खुश रहेगी। मैं चाहती हूं कि पश्चिम बंगाल में कमल खिले और तृणमूल कांग्रेस जड़ से उखड़ जाए।

### पश्चिम बंगाल में नमाज की आजादी लेकिन पूजा के लिए लेनी पड़ती है अनुमति: नितिन नवीन



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल में धार्मिक गतिविधियों की अनुमति को लेकर दोहरे मानदंड अपनाए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि राज्य में नमाज अदा करने की पूरी आजादी है लेकिन पूजा आयोजित करने या पंडाल लगाने के लिए अदालत से अनुमति लेनी पड़ती है। नवीन ने कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद पत्रकारों से कहा कि यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यहां नमाज अदा करने की अनुमति है लेकिन पूजा करने और पंडाल लगाने के लिए उच्च न्यायालय से अनुमति मांगनी पड़ती है। नवीन ने कहा कि मैंने दक्षिणेश्वर में पूजा की और राज्य के लोगों के कल्याण तथा 'विकसित बंगाल' एवं 'सोनार बांग्ला' के निर्माण के लिए देवी से प्रार्थना की।

# केरलः खाता नहीं खोल पाएगी भाजपा यूडीएफ को मिलेगी जीतः वेणुगोपाल

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने बुधवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केरल में खाता नहीं खोल पाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कर्नाटक और तेलंगाना की तर्ज पर यूडीएफ द्वारा प्रस्तावित कल्याणकारी गारंटी इस दक्षिणी राज्य में भी सफल साबित होंगी। वेणुगोपाल ने एजेंसी से कहा कि यह केवल एक धारणा थी कि भाजपा केरल में यूडीएफ के लिए खतरा है, क्योंकि हाल के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा को नाममात्र की सफलता मिली। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने कहा कि उन्हें कितने जिला पंचायत सदस्य मिले, उन्हें कितनी नगरपालिकाएं मिलीं? नाममात्र की। कुछ भी ठोस नहीं है। केरल में भाजपा का खाता भी नहीं खुल सकता।

## असमः मुझे पाकिस्तान से जोड़ना हिमंत के दिमाग की कोरी कल्पनाः गोगोई

**जोरहाट, एजेंसी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने उनके एवं उनकी पत्नी के पाकिस्तान के साथ संबंध होने के आरोपों को बुधवार को खारिज करते हुए इन्हें मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के दिमाग की उपज करार दिया। गोगोई ने कहा कि ऐसे दावे मुख्यमंत्री की कमजोरी को उजागर करते हैं। यह भी दिखाते हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर मामले में वह किस हद तक जा सकते हैं। जोरहाट से सांसद ने कहा कि शर्मा द्वारा किए जा रहे हमलों और कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री पर लगाए आरोपों में स्पष्ट अंतर है।

### बारपेटा से कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा खारिज

**गुवाहाटी, एजेंसी।** बारपेटा से कांग्रेस उम्मीदवार महानंदा सरकार के नामांकन पत्र बुधवार को खारिज कर दिए गए, जबकि निर्वाचन क्षेत्र में शेष तीन उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज वैध पाए गए। चुनाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बारपेटा और ढेकियाजुली दोनों के लिए नामांकन पत्रों की जांच बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई, जबकि असम के शेष 124 निर्वाचन क्षेत्रों में यह जांच पिछले दिन ही पूरी हो गई थी। कैबिनेट मंत्री अशोल सिंघल और कांग्रेस उम्मीदवार बताश ओरांग सहित ढेकियाजुली के सभी 10 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए। सरकार का नामांकन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि फॉर्म ए पर पार्टी नेता के हस्ताक्षर नहीं थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### झारखंड में द्वितीय विश्व युद्ध के दो बम निष्क्रिय

**रांची।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड के पानीपाड़ा नागुडसाई क्षेत्र में सेना की बम निरोधक विशेषज्ञ टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए दोनों बमों को सफलतापूर्वक आज निष्क्रिय कर दिया गया। स्वर्णरेखा नदी किनारे बीते दिनों द्वितीय विश्व युद्ध काल के दो बम बरामद हुए जो लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना हुआ था। सूचना मिलते ही प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं थी। घाटशिला के एसडीओ सुनील चन्द्रा ने घटना की पुष्टि की है। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगभग एक किलोमीटर के क्षेत्र को खाली करा दिया गया। आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई और पूरे इलाके की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई थी, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके।

### रूस ने करीब 400 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि उसकी हवाई सुरक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 389 ड्रोन मार गिराए। यह हमला रात के दौरान रूस के अलग-अलग इलाकों व क्रीमिया पर किया गया। बताया जा रहा है कि यह हमला चार साल पहले यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था। ड्रोन को रूस के 13 क्षेत्रों के साथ-साथ क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर भी रोका गया, जिसे रूस ने 2014 में यूक्रेन से अवैध रूप से अपने कब्जे में ले लिया था। इस हमले ने यूक्रेन के स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित लंबी दूरी के ड्रोनों की बढ़ती क्षमता को रेखांकित किया। यह घटना एक दिन बाद हुई, जब रूस ने 24 घंटे के भीतर यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर लगभग 1,000 ड्रोन और 34 मिसाइलें दागी थीं।

### गुरुग्राम में स्कूल बम से उड़ाने की धमकी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने बुधवार को एक निजी स्कूल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलते ही डीएलएफ फेज वन थाना, श्वान दस्ता, बम निरोधक दस्ता और अन्य विशेष दलों की एक टीम मौके पर पहुंची तथा स्कूल परिसर, कक्षाओं, इमारतों व आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है।

### तेलंगाना में फर्जी दंत चिकित्सक गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में पिछले 14 वर्षों से कथित तौर पर एक अवैध क्लिनिक संचालित करने और खुद को दंत चिकित्सक बताने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि निरीक्षण के दौरान पता चला कि आरोपी के पास बीडीएस (बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी) की डिग्री नहीं थी और वह बिना अनुमति के 14 वर्षों से दंत चिकित्सालय का संचालन कर रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि ओल्ड नेरेडमेट स्थित क्लीनिक के संबंधित विभाग से अनुमति लिए बिना संचालित होने की विश्वसनीय सूचना के आधार पर 24 मार्च को वहां निरीक्षण किया गया था।

### बांग्लादेश में 40 यात्रियों सहित बस नदी में गिरी

**ढाका।** बांग्लादेश में बुधवार को 40 लोगों को ले जा रही एक बस परिवहन नौका पर चढ़ने की कोशिश करते समय नदी में गिर गई जिसमें कई यात्रियों के लापता होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना दक्षिण-पश्चिमी राजबारी में दौलाडिया टर्मिनल पर शाम लगभग 5.15 बजे हुई और बस पद्मा नदी में गिर गई। घटनास्थल पर मौजूद एक अधिकारी ने बताया कि ढाका जा रही बस में तकरीबन 40 यात्री सवार थे।

# आतंकवादी संगठनों से संपर्क रखने में 12 संदिग्ध गिरफ्तार

- आंध्र प्रदेश की पुलिस ने आधा दर्जन राज्यों में की कार्रवाई

अमरावती, एजेंसी

आंध्र प्रदेश पुलिस ने समन्वित बहु-राज्य अभियान के तहत आतंकवादी संगठन से संबंध के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि संदिग्धों को गिरफ्तार करने के लिए बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान में विशेष टीम तैनात की गई थी।

एक खुफिया अधिकारी ने बताया कि बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान में कई टीम तैनात कर चरमपंथी नेटवर्क से जुड़े 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें आंध्र प्रदेश से तीन लोग शामिल हैं। आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार तीन आरोपियों की पहचान बाइक टैक्सी चालक मोहम्मद रहमतुल्ला शरीफ, लेजर मार्किंग पेशेवर मोहम्मद दानिश मिर्जा और रेस्तरां में काम करने वाले सोहेल बेग के रूप में हुई है। ये सभी विजयवाड़ा शहर के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों चरमपंथी विचारधारा को फैलाने और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़ी गतिविधियों में सहयोग करने में शामिल थे। आरोपियों का विदेश स्थित अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के सरगनाओं से संपर्क था।

## तेजी से बढ़ रही अदृश्य महामारी

आज हम जिस हवा में सांस ले रहे हैं, वह जीवन देने के बजाय धीरे-धीरे मौत का कारण बन रही है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के अधिकांश हिस्से अब जहरीली हवा की चपेट में हैं। रिपोर्ट ने वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर को लेकर एक बार फिर दुनिया को सतर्क किया है। वायु प्रदूषण अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है। वर्ष 2025 की रिपोर्ट दिखाती है कि जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों ने वायुमंडल में सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5) की सघनता को इस हद तक बढ़ा दिया है कि केवल 14-17% शहर ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों पर खरे उतर पा रहे हैं। प्रदूषण एक तरह से महामारी का रूप ले रहा है जो तेजी के साथ बढ़ रहा है।

## दुनिया में प्रदूषण का संकट



### एक अदृश्य हत्यारा

- यह प्रदूषण एक अदृश्य हत्यारा है। दुनिया भर में हर साल लाखों लोग इसके कारण अपनी जान गंवाते हैं। विशेष रूप से दक्षिण और मध्य एशिया में स्थिति बेहद भयावह है, जहां भौगोलिक परिस्थितियाँ और औद्योगिक उत्सर्जन मिलकर एक जानलेवा मिश्रण तैयार करते हैं। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश इस संकट के केंद्र में हैं।
- प्रदूषण की यह बढ़ती स्थिति केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह हमारी अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जब तक हम सामूहिक रूप से स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ विकास की ओर नहीं बढ़ेंगे, यह संकट गहराता ही जाएगा।

### मुख्य कारक

- जीवाश्म ईंधन का दहन : वाहनों, बिजली संयंत्रों और उद्योगों में कोयले व तेल का अत्यधिक उपयोग।
- कृषि गतिविधियां : पराली जलाना और उर्वरकों से होने वाला उत्सर्जन। ● निर्माण और धूल : तेजी से होता शहरीकरण और निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल। ● जलवायु परिवर्तन : जंगलों की आग (वाइल्ड फायर) और धूल भरी आंधियों की बढ़ती आवृत्ति। ● डेटा सेंटर : उभरते हुए स्रोतों में एआई के लिए उपयोग होने वाले डेटा सेंटर और उनके डीजल जनरेटर भी अब प्रदूषण में योगदान दे रहे हैं।

**पीएम 2.5 क्या है** ● वायु प्रदूषण को मुख्य रूप से पीएम 2.5 की सांद्रता के आधार पर मापा जाता है। ये सूक्ष्म कण 2.5 माइक्रोमीटर से भी छोटे होते हैं। ये सांस के जरिए सीधे फेफड़ों और रक्त प्रवाह में प्रवेश कर जाते हैं। ● डब्ल्यूएचओ मानक : 5 माइक्रो ग्राम प्रति घन मीटर वार्षिक औसत। ● भारतीय मानक : 40 माइक्रो ग्राम प्रति घन मीटर, जो डब्ल्यूएचओ के मानक से 8 गुना अधिक उदार है।

### टॉप 10 प्रदूषित देश

- रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर है। भारत की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है लेकिन यह अभी भी बेहद खतरनाक स्तर पर है। पीएम 2.5 औसत के अनुसार पाकिस्तान प्रदूषण के मामले में नंबर एक पर है। उसके बाद क्रमश: बांग्लादेश, ताजिकिस्तान, चाड, कांगो, भारत, इराक, नेपाल, यूएई और उजबेकिस्तान है।

### कैसे बचेगी दुनिया

- नवीकरणीय ऊर्जा : कोयले और तेल के बजाय सौर और पवन ऊर्जा को अपनाना।
- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी : सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों को इलेक्ट्रिक में बदलना।
- कठोर मानक : उद्योगों के लिए उत्सर्जन मानकों को सख्त करना और निरंतर निगरानी।
- हरित क्षेत्र : शहरों में वनीकरण बढ़ाना और प्रदूषण सोखने वाले अर्बन फॉरेस्ट विकसित करना।

# बच्ची से दुष्कर्म मामले में हरियाणा की पुलिस का रवैया बेहद शर्मनाक

## सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हल्की धारा लगाने पर गुरुग्राम पुलिस को लगाई कड़ी फटकार

- जांच के लिए महिला आईपीएस अधिकारियों की बनाई टीम

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के गुरुग्राम में तीन साल की बच्ची से बलात्कार के मामले में राज्य पुलिस के रवैये को बेहद शर्मनाक और असंवेदनशील बताते हुए बुधवार को इसकी निंदा की तथा इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए महिला आईपीएस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम का गठन किया।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने हरियाणा सरकार को तत्काल विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करने का निर्देश दिया और गुरुग्राम पुलिस को मामले के रिकॉर्ड जांच समिति को सौंपने के निर्देश दिए। पीठ ने हरियाणा पुलिस को इस बात के लिए फटकार लगाई कि उसने पॉक्सो (यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी में गंभीर धारा लगाने की बजाय हल्की धारा लगाकर अपराध को कमतर दिखाने की कोशिश की। न्यायालय ने बच्ची के बयान पर अपना पक्ष पूरी तरह से बदलने के लिए एक निजी अस्पताल की डॉक्टर को भी फटकार लगाई और कहा कि एक डॉक्टर का ऐसा करना शर्मनाक है।

शीर्ष अदालत ने गुरुग्राम पुलिस के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि मामले में लापरवाही से जांच के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने पुलिस के रवैये को शर्मनाक और असंवेदनशील बताते हुए कहा कि पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती? क्या वे राजा हैं? जो गया भी था, उसे भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया था कि सेक्टर 54 स्थित एक सोसाइटी में तीन साल की बच्ची से दो महिला घरेलू सहायिकाओं और उनके एक पुरुष साथी ने लगभग दो महीने तक कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था।

बच्ची के माता-पिता द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद चार फरवरी को सेक्टर 53 थाने में भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार, यह घटना दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 के बीच हुई थी, लेकिन लड़की द्वारा अपनी आपबीती अपनी मां को बताने के बाद ही माता-पिता ने पुलिस को मामले की सूचना दी।

### वंदे मातरम् को गाने का निर्देश अनिवार्य नहीं

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन से संबंधित गृह मंत्रालय के एक परिपत्र के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से बुधवार को इनकार करते हुए कहा कि यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मोहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर याचिका को समय से पहले दायर की गई याचिका बताया और इसे भेदभाव की अस्पष्ट आशंका पर आधारित करार दिया। नूरी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि वे देश के हर धर्म का सम्मान करते हैं, लेकिन यह गीत गाने के लिए बाध्य किया जाता है।

### गुरुग्राम बाल कल्याण समिति को भी जारी किया कारण बताओ नोटिस

पीठ ने गुरुग्राम बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया कि उन्हें क्यों नहीं हटाया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि पांच फरवरी की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सीडब्ल्यूसी सदस्यों के आचरण ने उत्पीड़न को और बढ़ा दिया। आयुक्त से लेकर उप-निरीक्षक तक, पूरे पुलिस बल ने यह साबित करने की हरसंभव कोशिश की कि बच्ची के पास कोई सबूत नहीं है और माता-पिता ने कोई मामला नहीं बनाया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पॉक्सो की धारा छह के तहत अपराध को स्पष्ट रूप से अंजाम दिया गया है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने गुरुग्राम के जिला न्यायाधीश को निर्देश दिया कि वह इस मामले को गुरुग्राम में पॉक्सो अदालत की अध्यक्षता करने वाली एक वरिष्ठ महिला न्यायिक अधिकारी को सौंप दें।

## राज्यसभा में पेश किया गया केंद्रीय सशस्त्र बल बिल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पेश किया और सदन ने इस संबंध में विपक्ष के नोटिस को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। यह विधेयक पांच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लिए अलग-अलग सेवा नियम व्यवस्था के मौजूदा तंत्र की जगह, विभिन्न सीएपीएफ बलों में कर्मियों को नियंत्रित करने वाला एक एकीकृत कानूनी ढांचा बनाने का प्रावधान करता है।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पेश करते हुए इससे संबंधित चिंताओं को दूर करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, सीएपीएफ धारा 312 के तहत शासन प्रणाली को प्रभावित या परिवर्तित नहीं करता है,उन्होंने कहा कि बलों के कर्तव्य, शक्तियां और शासन उनके मौजूदा जनादेश के तहत बरकरार रहेंगे।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संसद के विधायी अधिकार का जोरदार बचाव किया और कहा कि संसद को कानून बनाने का अधिकार संविधान ने दिया। विपक्षी सदस्य इस बात पर बल दे रहे थे कि यह विधेयक न्यायालय में खारिज हो जाएगा। रीजीजू ने कहा हम इस सदन की विधायी क्षमता कैसे छीन सकते हैं?

# उभयलिंगी व्यक्ति संशोधन विधेयक पर संसद की मुहर

- लोकसभा के बाद राज्यसभा ने भी ध्वनिमत से किया पारित

नई दिल्ली, एजेंसी

उभयलिंगी व्यक्तियों को कानूनी अधिकार देने और उनके हितों की रक्षा करने से संबंधित उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक 2026 को राज्यसभा ने बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन ने विधेयक को प्रवर समिति को भेजे जाने से संबंधित विपक्षी सदस्यों के संशोधन प्रस्तावों को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है और राज्यसभा में पारित होने के साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने विधेयक पर करीब तीन घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए सदन को आश्वस्त किया कि इस विधेयक के प्रावधानों से उभयलिंगी व्यक्तियों की गरिमा और अधिकार सुरक्षित रहेंगे। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले 11 वर्षों में आर्थिक विकास को गति देने के साथ- साथ सामाजिक समावेशन को भी बढावा दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अपनी नीतियों और योजनाओं से समावेशी समाज बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इन्हीं योजनाओं के आधार पर उभयलिंगी व्यक्तियों को सम्मान और गरिमामय जीवन देने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है । कहा कि सरकार इस समुदाय के लोगों के हर संभव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कुमार ने कहा कि समाज की कठिनाईयों को समझकर उनका सही समाधान करना सरकार का फर्ज है। यह कानून गंभीर सामाजिक बहिष्कार का सामना कर रहे लोगों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए बनाया गया है।

### हितधारकों से भी की की गई थी बातचीत

मंत्री ने कहा कि यह विधेयक समुचित विचार विमर्श और संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत के आधार पर लाया गया है और इसे प्रवर समिति में भेजे जाने की जरूरत नहीं है। यह विधेयक उभयलिंगी व्यक्तियों को कानूनी अधिकार देता है और आम लोगों की तरह उनके अधिकार सुनिश्चित करता है। इससे सभी नागरिक देश की प्रगति में बराबर की भागीदारी कर सकेंगे। विधेयक में उभयलिंगी व्यक्तियों के खिलाफ भेदभाव खत्म करने तथा अपराधियों के खिलाफ दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं।

# जापान व अमेरिका एशिया में तेल आपूर्ति को बनाएंगे भंडार

- दोनों देशों के बीच संयुक्त तेल विकास पर हुई चर्चा

टोक्यो, एजेंसी

जापान और अमेरिका एशिया में तेल की आपूर्ति सुरक्षित रखने के लिए संयुक्त तेल विकास और रणनीतिक भंडार बनाने पर विचार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में आने वाली बाधाओं के कारण ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने बताया कि इन चर्चाओं में अलास्का से तेल प्राप्त करना, जापान में तेल का भंडार बनाना और क्षेत्रीय ऊर्जा प्रवाह को स्थिर रखने के लिए पश्चिम एशिया के देशों को इसकी आपूर्ति करना शामिल था। उन्होंने कहा,अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान हमने संयुक्त विकास की संभावना पर चर्चा की, जिसमें अलास्का से तेल प्राप्त करना, जापान में भंडार बनाना और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों को आपूर्ति के लिए उनका उपयोग करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि इस तरह का दृष्टिकोण मध्य-पूर्व में जारी अस्थिरता के बीच न केवल जापान को, बल्कि इस क्षेत्र के अन्य देशों को भी ऊर्जा संसाधन उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो सकता है। जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग राज्य मंत्री रयोसेई अकाज़ावा ने इससे पहले इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था कि क्या दोनों देशों के नेताओं के बीच अमेरिका के साथ एक संयुक्त रिज़र्व परियोजना पर चर्चा होगी। जापान अपनी 94 प्रतिशत तेल आपूर्ति के लिए मध्य-पूर्वी देशों पर निर्भर है।

## दुर्घटनावश डूबने से हुई थी जुबिन गर्ग की मौत

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक जांच अधिकारी ने बुधवार को भारतीय गायक जुबिन गर्ग की मौत को दुर्घटनावश डूबने से हुई मौत करार दिया। गर्ग की सितंबर 2025 में सिंगापुर के एक द्वीप के पास डूबने से मृत्यु हो गई थी। अधिकारी ने सिंगापुर की पुलिस कोस्ट गार्ड की जांच को सही ठहराते हुए कहा कि इस घटना में किसी भी प्रकार की साजिश या बाहरी दबाव का कोई सबूत नहीं मिला है। जांच अधिकारी एडम नाखोदा ने गर्ग की पत्नी द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पीसीजी ने मामले में व्यापक और सावधानीपूर्वक जांच की थी। उन्होंने कहा कि गर्ग की मौत महज एक दुर्भाग्यपूर्ण और दुर्घटनापूर्ण रूप से डूबने के कारण हुई थी और किसी ने भी उन्हें पानी में जाने के लिए मजबूर नहीं किया था और न ही धक्का दिया था। नाखोदा ने बताया कि जांच के अनुसार, गर्ग (52) शराब के नशे में थे।

# दिल्ली में बस पलटने से दो की मौत, 23 घायल

- जयपुर से आ रही थी स्लीपर बस, करोलबाग इलाके में हादसा

नई दिल्ली, एजेंसी



जयपुर से आ रही एक तेज रफ्तार स्लीपर बस मंगलवार देर रात यहां करोल बाग के झंडेवालान इलाके में हनुमान मंदिर के पास एक मोड़ पर मुड़ने के दौरान पलट गई जिससे दो यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात करीब एक बजे करोल बाग थाने को घटना की सूचना मिली जिसमें बताया गया कि दुर्घटना के बाद कई यात्री एक बस के अंदर फंसे हुए हैं। मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर ने बताया कि जयपुर से दिल्ली आ रही बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। दुर्घटनास्थल के पास एक चौकी पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस तेज गति से चल रही थी और मंदिर के पास एक गोलचक्कर पर मोड़ लेते समय नियंत्रण खो देने के बाद पलट गई। अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम यातायात व्यवस्था संभाल रही थी, तभी उन्हें गोलचक्कर के पास एक तेज आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, हम तुरंत मौके पर पहुंचे, लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे, कई लोग गाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश में शीशे तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। गाड़ी मोरी गेट की ओर जा रही थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा को भी इस घटना के संबंध में देर रात 1.10 बजे सूचना मिली।

## पाकिस्तान में ट्रेन बेपटरी, 25 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण 25 लोग घायल हो गए। मंगलवार देर रात लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर लोधरान में हुई घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने प्रभावित पटरी पर यातायात निलंबित कर दिया। रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा कि लोधरान में तेजगाम एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के पीछे मानवीय त्रुटि और कुछ यांत्रिक खराबी ही सबसे संभावित कारण हैं। लोधरान के उपायुक्त के अनुसार, कराची जाने वाली तेज़गाम एक्सप्रेस शाम को लाहौर से रवाना हुई थी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** आज परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। कामकाज में सफलता के संकेत मिलेंगे। ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**वृष** आज आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। नई योजनाओं पर काम शुरू करेंगे। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन** आज का दिन मिलाजुला रहेगा, धैर्य जरूरी है। नए संपर्क लाभदायक बन सकते हैं। छोटी यात्रा का योग है।

**कर्क** आज भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सराहना मिल सकती है।

**सिंह** आज कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता उभरकर सामने आएगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कन्या** आज आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। दिनभर काम में व्यस्तता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला** आज नौकरीपेशा लोगों को नई जॉब का ऑफर मिल सकता है। संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी।

**वृश्चिक** आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पूर्व की बनाई हुई गोपनीय योजनाएं सफल होंगी।

**धनु** आज व्यापार संबंधी यात्रा के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। नई सीख हासिल होगी।


**मकर** आज आपको मेहनत का फल मिलने वाला है। आर्थिक लाभ के संकेत हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कुंभ** आज कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें। नए विचारों से सफलता मिलेगी। दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** आज आपकी रचनात्मकता में वृद्धि होगी। व्यापार में धन लाभ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 मार्च, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 11.48 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-आर्द्रा 16.19 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |

### सुडोकू -100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

## क्यूएस रैंकिंग

### चार आईआईटी, जेएनयू और बीआईटीएस पिलानी ने बढ़ाया मान

# विश्व के 50 शीर्ष शिक्षण संस्थानों में देश के छह संस्थान शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटीएस), पिलानी विभिन्न विषयों के मामले में विश्व के शीर्ष 50 संस्थानों में शामिल हैं। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने बुधवार को यह घोषणा की।

विश्वविद्यालय रैंकिंग के लिए प्रसिद्ध लंदन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट का 16वां वार्षिक संस्करण प्रकाशित किया है। यह रैंकिंग 100 से अधिक देशों के 1900 विश्वविद्यालयों में 21000 से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का मूल्यांकन करती है, जिसमें 55 विषय और पांच व्यापक संकाय क्षेत्र शामिल हैं। रैंकिंग के अनुसार, भारत ने विभिन्न विषयों और व्यापक संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 स्थानों में 27 स्थान हासिल किए हैं, जो 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। ये स्थान 12 संस्थानों द्वारा प्राप्त किए गए हैं। धनबाद स्थित भारतीय खनन विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने खनिज एवं खनन अभियांत्रिकी अध्ययन में वैश्विक स्तर पर 21वां स्थान प्राप्त किया है जबकि विपणन, उद्योग और प्रबंधन शिक्षा में पढ़ाई के लिए आईआईएम-अहमदाबाद विश्व के शीर्ष 50 संस्थानों में शामिल है। शीर्ष 50 में आईआईटी-बॉम्बे, आईआईटी-खड़गपुर और ईआईटी-मद्रास के अलावा जेएनयू और बीआईटीएस पिलानी शामिल हैं। क्यूएस 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेसिका टर्नर ने कहा कि इस वर्ष भारत की प्रगति केवल पैमाने के बारे में नहीं बल्कि यह गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में गति को भी दर्शाती है।




### आईआईटी दिल्ली ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

इस संस्करण में आईआईटी-दिल्ली ने छह विषयों में शीर्ष 50 में जगह बनाई है। आईआईटी-दिल्ली ने केमिकल इंजीनियरिंग में 48वां स्थान, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में 36वां, मैकेनिकल, एयरोनॉटिकल और मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग में 44वां स्थान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 36वां स्थान और कंप्यूटर विज्ञान में 45वां स्थान प्राप्त किया है।



''जनजातीय खेल सिर्फ पदक के बारे में नहीं हैं। वे जीवन जीने का एक तरीका, संस्कृति और तालमेल सिखाते हैं। वे संतुलन, जज्बा तथा जीतने और सीखने की भावना सिखाते हैं।''
– मनसुख मांडविया, केंद्रीय खेल मंत्री

स्टेडियम

बरेली, गुरुवार, 26 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### बीसीसीआई के सीओई को रिपोर्ट करेंगे बुमराह

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई के बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को रिपोर्ट करेंगे। सूत्रों के अनुसार बुमराह मुख्य रूप से स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम करने के लिए सीओई में हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीओई में बुमराह के काम करने का प्लान बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने जुलाई में इंग्लैंड के भारत के व्हाइट-बॉल टूर पर फोकस करते हुए बनाया है, जहां वे पांच टी20 और तीन वनडे खेलेंगे। समझा जाता है कि बुमराह सीओई में बॉलिंग जारी रखेंगे और जल्द ही मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ेंगे ताकि वे आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हो सकें, जो 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक होम गेम है।

### इंपैक्ट प्लेयर नियम पर क्रिकेटरों ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकतर कप्तानों ने बुधवार को इंपैक्ट प्लेयर नियम पर अपनी आपत्ति दर्ज की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024 में इंपैक्ट प्लेयर नियम को 2027 तक बढ़ा दिया था। इसके बावजूद इस रणनीतिक नियम पर प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच समान रूप से बहस जारी है। मुंबई में हुई सभी 10 आईपीएल टीमों के कप्तानों की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार अधिकांश कप्तानों ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर अपने विचार रखे और अपनी आपत्तियां व्यक्त कीं, हालांकि बीसीसीआई ने इस नियम को 2027 तक बढ़ा दिया है। उन्हें बताया गया कि इसकी समीक्षा केवल आईपीएल 2027 के बाद ही की जा सकती है, उससे पहले नहीं। अक्षर पटेल, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, ग्लेन फिलिप्स ने इंपैक्ट प्लेयर नियम पर विरोध जता चुके है।

### जैकसन समूह ने गांगुली को ब्रांड दूत बनाया

**नोएडा, एजेंसी।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समूह जैकसन ग्रुप ने भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपना पहला ब्रांड दूत बनाया है। गांगुली इस करार के तहत जैकसन समूह के प्रमुख ब्रांड अभियानों और रणनीतिक पहल में कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे। गांगुली ने इस मौके पर कहा कि वितरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, हरित अणु और बुनियादी ढांचे जैसे ऊर्जा, मेट्रो, सिविल और पानी को लेकर जैकसन का विजन सामयिक और प्रभावी है। मैं एक ऐसे ब्रांड के साथ जुड़कर उत्साहित हूं जो भारत के ऊर्जा बदलाव और एक हरित भविष्य में सार्थक योगदान दे रहा है।

# लखनऊ सुपर जायंट्स को ट्रॉफी जीतने पर ही मिलेगा असली सम्मान : संजीव गोयनका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लखनऊ सुपर जायंट्स टाटा आईपीएल 2026 में एक नई पहचान के साथ-साथ टीम और सपोर्ट स्टाफ़ में कुछ बड़े बदलावों के साथ आगे बढ़ना चाहेगी। एक खेल चैनल से बाचीत में एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका और क्रिकेट के ग्लोबल डायरेक्टर टॉम मूडी ने पिछले सीजन से टीम में हुए सुधारों और पहला टाइटल जीतने के दबाव पर अपने विचार साझा किए।

एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने उन एरिया के बारे में बताया जिनमें फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2026 सीजन में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह थी कि हमारे ज़्यादातर फ्रंटलाइन बॉलर के चोटिल होने के बावजूद हमने अपने पहले छह में से चार गेम जीते।

कुछ बड़े कदम उठाए गए, एडेन मार्करम और मिशेल मार्श ने ओपनिंग की, जो उनकी आम पोजीशन नहीं है, और यह उन दोनों के लिए उनका सबसे अच्छा आईपीएल सीजन साबित हुआ। दिग्वेश राठी बिल्कुल नए खिलाड़ी के तौर पर आए और उन्होंने हमारे लिए अच्छा किया। हालांकि, हमें एहसास हुआ कि हमारे पास एक



मजबूत बॉलिंग कोर की कमी है, और हमने इस बार एक घरेलू बॉलिंग यूनिट बनाकर इस पर ध्यान दिया है। आप हमेशा सुधार कर सकते हैं, सुधार का कोई अंत नहीं है। अब यह एक साथ आने और अकेले परफॉर्म करने की बात है। बहुत सारे लोग परफॉर्म कर रहे थे। इस साल, हम एक टीम के तौर पर परफॉर्म करना चाहते हैं।

एलएसजी के लिए अपनी पहचान बनाने के लिए ट्रॉफी जीतना कैसे ज़रूरी होगा, इस पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि असली पहचान अभी भी बन रही है। किसी भी स्पोर्ट्स टीम के लिए, जब तक आप जीतते नहीं हैं, आपको ट्रॉफी उठाने जैसा सम्मान या प्यार नहीं मिलता है। हां, हम दो बार प्लेऑफ़ में पहुंचे हैं, लेकिन यह साफ़ तौर पर काफ़ी नहीं है। आप कुछ जीतते हैं, कुछ हारते हैं, लेकिन हमें अपनी पहली ट्रॉफी जीतनी है।

### तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करें पंत : फाफ डु प्लेसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम लेकर खेलने की बजाय उन्हें आगामी आईपीएल में निरंतरता पर फोकस करना चाहिये। पंत ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करके पिछले सत्र में चौथे नंबर से सलामी बल्लेबाज के तौर पर और फिर निचले क्रम पर भी बल्लेबाजी की। वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये आखिरी मैच में तीसरे नंबर पर 61 गेंद में नाबाद 118 रन की पारी खेल सके। डु प्लेसी ने एक कार्यक्रम के दौरान शायद पंत के लिये तीसरे नंबर पर खेलने का मौका हो। लगता है कि वह तीसरे नंबर के पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। मैने पिछले सत्र में उन्हें लखनऊ लिये तीसरे नंबर पर खेलते देखा जब निकोलस पूरन चौथे नंबर पर उतरे थे। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने कहा कि लखनऊ टीम की 2026 की नीलामी को देखें तो उनके पास शीर्षक्रम पर पंत के साथ एडेन माक्ररम, मिचेल मार्श और पूरन जैसे धुरंधर हैं। पंत को अपना प्रभाव और छोड़ना होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स को एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से पहला मैच खेलना है। डु प्लेसी ने कहा कि पंत अपार प्रतिभा का धनी है। टेस्ट क्रिकेट में उसे बल्लेबाजी करते देखो तो लगता है कि उसके पास सारे शॉट्स हैं।

# 10 भारतीय कप्तान, किसके सिर सजेगा ताज

## आईपीएल 2026 शुरू होने में कुछ ही दिन शेष, खिताब को लेकर टीमों के प्रबंधक बना रहे रणनीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आईपीएल 2026 शुरू होने में कुछ दिन रह गए हैं और इस बार सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय हैं उनमें से कुछ के पास साबित करने के लिए पॉइंट्स हैं, जबकि दूसरे अभी भी टी20 क्रिकेट में अपने शानदार साल की ऊंचाई पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि आईपीएल 2026 में कौन कप्तान बाजी मारता है और किसके सर ताज सजता है।

### रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु)



पाटीदार को यह सोचने के लिए माफ किया जा सकता है कि उनके पास गोल्डन टच है। आरसीबी अपने पहले 17 सालों में कई बार आईपीएल टाइटल के करीब आई थी, लेकिन हार गई। फिर, अपने 18वें सीज़न में, पाटीदार को कैप्टन बनाया गया।



### अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स)



अक्षर में बड़े स्टार्स के बीच भी नज़र न आने की अनोखी काबिलियत है, और फिर भी वह भारत की हालिया टी20 वर्ल्ड कप जीत में अहम थे। जडेजा जैसे रोल में आकर, उन्होंने बैटिंग ऑर्डर में जगह बनाई और गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन किया।

### श्रेयस अय्यर (पंजाब किंग्स)



अय्यर कुछ समय से भारत की टी20 टीम से बाहर रहे हैं, और आईपीएल में एक बात साबित करने के लिए लौटे हैं। उन्होंने पिछले साल एक जोशीले कैंपेन में पंजाब किंग्स को आगे से लीड किया था, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण क्वालिफायर 2 में उनकी 41 गेंदों में नाबाद 87 रन की पारी थी, जब पंजाब किंग्स ने 204 रन का टारगेट चेज़ किया था। वे फाइनल में हार गए, और फिर अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में अय्यर को स्प्लीन इंजरी हो गई।

### अजिंक्य रहाणे (कोलकाता नाइट राइडर्स)



यह आईपीएल में रहाणे के लिए आखिरी मौका हो सकता है। केकेआर ने पिछले सीज़न में 14 गेम में सिर्फ़ पांच जीत हासिल की थी, और 37 साल की उम्र में, समय उनके साथ नहीं है। पिछले आईपीएल में उनके 390 रन 147.72 के स्ट्राइक रेट से आए थे।

### ईशान किशन (सनराइज़र्स हैदराबाद)



ईशान नेशनल टीम के प्लान से बाहर, उन्होंने एक नया मुकाम हासिल किया, दो तेज़ शतक बनाए और झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया। उन्होंने भारत की टी20 टीम में वापसी की, न्यूज़ीलैंड सीरीज़ में पहली पसंद के ओपनर बने, और वर्ल्ड कप जीत के साथ इसे खत्म किया। किशन के पास अपनी कामयाबी में एक और उपलब्धि जोड़ने का मौका है।

### हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस)



हार्दिक के लिए पिछले कुछ महीने बहुत अच्छे रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी, एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप। वह नेशनल टीम का अहम हिस्सा रहे हैं, खासकर बल्ले से फिनिशर के तौर पर, जबकि पावरप्ले के अंदर और बाहर गेंद से भी योगदान दिया है। पिछले साल एमआई को प्लेऑफ में पहुंचाने के बाद, वह 2020 के बाद उन्हें अपने पहले फाइनल में ले जाने का लक्ष्य रखेंगे।

### ऋषभ पंत (लखनऊ सुपर जायंट्स)



पंत का पिछले साल आईपीएल बहुत खराब रहा था, उन्होंने 14 इनिंग्स में सिर्फ़ 269 रन बनाए थे। जिनमें से ज़्यादातर रन उन्होंने लीग स्टेज के आखिर में नाबाद 118 रन की शानदार पारी में बनाए थे। तब से, यह एक रुक-रुक कर चलने वाला दौर रहा है।

### रुतुराज गायकवाड़ (चेन्नई सुपर किंग्स)



गायकवाड़ के लिए यह तीसरी बार लकी होगा। एमएस धोनी ने आईपीएल 2024 से पहले कमान सौंपी थी, जब गायकवाड़ ने सीएसके को पांचवें स्थान पर पहुंचाया था। पिछले साल, चोट के कारण वह पांच मैचों के बाद बाहर हो गए, और सीएसके सबसे नीचे रही। वापसी के बाद, गायकवाड़ ने वनडे में अच्छा प्रदर्शन किया है।

### शुभमन गिल (गुजरात टाइटन्स)



गिल भारत के टी20 उप-कप्तान थे, और फिर वह नहीं रहे। वह वर्ल्ड कप में ओपनिंग करने की लाइन में थे, और फिर खराब प्रदर्शन करने के बाद पूरी तरह से टीम से बाहर हो गए। आईपीएल में अब अपनी जानी-पहचानी जगह पर वापस आकर, अहमदाबाद की सपाट पिचें उनकी बैटिंग के लिए सही रहेंगी, लेकिन वह यह दिखाना चाहेंगे कि जब उनकी टीम को ज़रूरत हो तो वह हालात के हिसाब से खुद को ढाल सकते हैं।

### रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स)



पराग लंबे समय से आरआर के लिए एक प्रोजेक्ट रहे हैं, जो एक कमाल के लड़के से एक नए दौर का चेहरा बने हैं। पिछले सीज़न में संजू सैमसन की गैरमौजूदगी में उन्हें कप्तान के तौर पर आज़माया गया था, और अब वे फुल-टाइम कप्तानी संभाल रहे हैं। पराग ने आठ मैचों में आरआर को लीड किया, और 393 रन बनाए, और उनके दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

# भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप के पहले चरण में जीते दो कांस्य

**बैंकॉक, एजेंसी।**

- एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के भारतीय पुरुष और महिलाओं का बेहतर प्रदर्शन

भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते, जबकि पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। भारत ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी तीन पदक पक्के किए, लेकिन यह रिकर्व वर्ग के पुरुषों के लिए निराशाजनक अभियान साबित हुआ, जहां चारों तीरंदाजों में से कोई भी पदक की दौड़ में नहीं रहा।

यह पिछले सत्र में विष्णु चौधरी और राहुल द्वारा शीर्ष दो स्थान हासिल करने की तुलना में एक करारा झटका था। महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था, लेकिन इस बार फाइनल में पहुंचकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया। अब फाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा। पुरुष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234-232 से हराया। रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरुष टीम मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाए बिना जीत दर्ज की। अब उनका सामना कजाखस्तान से होगा। महिला रिकर्व टीम की तिकड़ी रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिद्धि फोर ने मलेशिया को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। दोपहर के सत्र में व्यक्तिगत स्पर्धाओं के मुकाबलों में भारत का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। पुरुष कंपाउंड वर्ग में चौहान, जावकर और कम्बोज ने टीम स्पर्धा की निराशा को पीछे छोड़ते हुए पदक दौर में जगह बनाई और क्लीन स्वीप की उम्मीदों को बरकरार रखा।

रोमांचक सेमीफाइनल में जावकर ने चौहान को 149-148 से मामूली अंतर से हराया, जबकि कम्बोज ने स्थानीय दावेदार पीरावत रत्तनापोंगकियात को 147-145 से मात दी। अब स्वर्ण पदक के लिए जावकर और कम्बोज आमने-सामने होंगे, जबकि चौहान कांस्य पदक के मुकाबले में उतरेंगे। महिला रिकर्व वर्ग में रिद्धि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर भारत की उम्मीदों को जीवित रखा। वह अपने पहले अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत स्वर्ण पदक की दौड़ में बनी हुई हैं।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका से जीती सीरीज

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।**

**महिला टी-20 मुकाबला**

अमेलिया केर (105/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 92 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला 4-1 से अपने नाम कर ली हैं। अमेलिया केर को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार से नवाजा गया। 195 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बेबस नजर आये।

दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नो विकेट पर 102 रन ही बना सकी और मुकाबला 92 रनों से हार गई। एनरी डकर्सन ने सर्वाधिक 23 रनों की पारी खेली। उनके अलावा सुने लूस ने (13) और कायला रेनेके ने (10) रनों का योगदान दिया। अयाबोंगा खाका (12) रन बनाकर नाबाद रही। शेष सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए लिया तहूहू ने तीन विकेट लिये। सोफी डिवाइन और अमेलिया केर को दो-दो विकेट मिले। नेंसी पटेल और फ़्लोरा डेवनशायर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 194 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

# मार्कस स्टोइनिस और कूपर कोनोली पंजाब किंग्स टीम में

**चंडीगढ़, ,एजेंसी।**

- पंजाब किंग्स अपना पहला मैच 31 मार्च को खेलेगी

ऑस्ट्रेलियाई स्टार मार्कस स्टोइनिस और कूपर कोनोली को आधिकारिक तौर पर पंजाब किंग्स टीम में शामिल किया गया हैं।

न्यू चंड़ीगढ़ के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडिय में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र की तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी बुधवार को टीम के बाकी सदस्यों से जुड़ने के लिए मोहाली पहुंची। पिछले सीजन की उपविजेता किंग्स पिछले कुछ हफ़्तों से कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। टीम अब गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित सीज़न के पहले मैच के लिए कमर कस रही है। यह मैच 31 मार्च को अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेला जाएगा।

# यानिक सिनर मियामी के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी, एजेंसी।**

विश्व के नंबर दो खिलाड़ी यानिक सिनर ने मंगलवार को देर से वापसी करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 सेट जीतने की अपनी रिकॉर्ड-तोड़ स्ट्रीक बनाए रखी और साथ ही मियामी ओपन में क्वार्टर-फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की। सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में घरेलू उम्मीद एलेक्स मिशेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराया और प्रतिष्ठित 'सनशाइन डबल' को पूरा करने के अपने मिशन को ट्रैक पर रखा। इंडियन वेल्स



चैंपियन सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से वापसी करते हुए एक घंटे, 42 मिनट में जीत हासिल की और मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार जीते गए सेटों की संख्या को रिकॉर्ड 28 तक पहुंचाया। नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार मार्टिन लैंडाल्यूस ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के लिए घरेलू पसंदीदा सेबेस्टियन कोर्डा पर 2-6, 7-6(6), 6-4 की नाटकीय जीत में एक मैच पॉइंट बचाया। इस बीच मियामी में चौथे राउंड में जिरी लेहेका ने अमेरिकी नंबर 1 टेलर फ्रिट्ज़ को चौंका दिया। लेहेका ने शानदार फिनिश करते हुए घरेलू पार्टी को क्रैश कर दिया।

नंबर 1 अमेरिकन टेलर फ्रिट्ज़ का सामना करते हुए, 21वीं वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी ने 6-4, 6-7(4), 6-2 से जीत हासिल की और क्वार्टर-फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की।

**जज्बा**

## हरमनप्रीत को उम्मीद है कि जून से होने वाले महिला टी20 विश्व कप में टीम इंडिया फिर बनेगी विजेता

# विश्व कप खिताब ने हमें विजेता बनने का दिया आत्मविश्वास



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार को कहा कि पिछले साल घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने से टीम को दुनिया में कहीं भी और खिताब जीतने के लिए बहुत जरूरी आत्मविश्वास मिला। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। हरमनप्रीत को उम्मीद है कि 12 जून से पांच जुलाई तक ब्रिटेन में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भी टीम यह कारनामा दोहराने में सफल रहेगी। द्वारका के ओमेक्स स्टेडियम में उनके सम्मान में बने स्टैंड के नामकरण समारोह के दौरान हरमनप्रीत ने कहा कि मेरा मानना है कि किसी भी क्षेत्र में आपको कुछ खास करना होता है। आपको कोई खिताब जीतना होता है, तभी आपको पहचान मिलती है। ऐसा न होने पर मानो लगता है कि सारी मेहनत बेकार चली गई। यह भी बताया कि हमारी टीम ही नहीं हमसे पहले की सभी महिला क्रिकेटरों ने कड़ी मेहनत की। उन्हें तो अक्सर अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने पड़े थे। इसलिए खिताब जीतना बहुत महत्वपूर्ण था। खिताब हासिल करने के बाद भारतीय प्रशंसकों, मीडिया और बाकी सभी से जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही है, वह हमारे लिए बहुत मायने रखती है। इस साल के टी20 विश्व कप में वनडे विश्व कप का प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद के बारे में हरमनप्रीत ने कहा कि हम टी20 विश्व कप जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। वनडे विश्व कप ने हमें जरूरी आत्मविश्वास दिया है और अब हमें विश्वास है कि हम दुनिया में कहीं भी विश्व कप जीत सकते हैं।'' भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया, जहां उसने कई प्रारूपों की श्रृंखला खेली, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच, इतने ही वनडे मैच और एक गुलाबी गेंद का टेस्ट मैच शामिल था। भारत यह श्रृंखला अंकों के आधार पर 4-12 से हार गया लेकिन हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को काफी कुछ सीखने को मिला।

उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की बहु प्रारूप वाली श्रृंखला होनी चाहिए क्योंकि इससे आपको नयी चुनौतियों का सामना करने को मिलता है। एक सप्ताह के बाद आपको दूसरे प्रारूप में खेलना होता है इसलिए मुझे लगता है कि यह बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है। हरमनप्रीत ने बताया कि क्रिकेटर के तौर पर हमने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। पहले हम अधिकतर टी20 या वनडे खेलते थे, लेकिन एक श्रृंखला में तीनों प्रारूप में खेलना थोड़ा चुनौती पूर्ण था।

### महिला क्रिकेट को दिया जा रहा बढ़ावा

बीसीसीआई भारतीय महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रहा है। जिसमें घरेलू क्रिकेटरों की मैच फीस 2.5 गुना तक बढ़ाकर 50 हजार रुपये प्रतिदिन करना और रिजर्व खिलाड़ियों की फीस में 100 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी शामिल है। महिला आईपीएल और पुरुष खिलाड़ियों के बराबर समान फीस जैसे ऐतिहासिक फैसलों से महिला क्रिकेट का स्तर ऊपर उठ रहा है। इन बदलावों से ग्रामीण और छोटे शहरों की लड़कियों को भी क्रिकेट को करियर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष जैसी युवा प्रतिभाओं को निखारने के साथ ही अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया जा रहा है।

